राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 154
लखनऊ, बुधवार 04 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



धड़ल्ले से फल-फूल रहा ऑनलाइन सट्टे का कारोबार 10

उत्तर प्रदेश दवा क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार : सीएम योगी 03

## प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की सराहना की

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य मंत्रियों ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की सराहना करते हुए इसे वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि का एक नया आधार स्तंभ करार दिया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य मंत्रियों ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की सराहना करते हुए इसे वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि का एक नया आधार स्तंभ करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी एक्स पर कहा, 'आज अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करके बहुत अच्छा लगा। यह जानकर बेहद खुशी हुई कि अब भारत में निर्मित उत्पादों पर टैरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो इससे हमारे लोगों को लाभ होता है और पारस्परिक लाभकारी सहयोग के अपार अवसर खुलते हैं। वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का नेतृत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत शांति के लिए उनके प्रयासों का पूर्ण समर्थन करता है। मैं उनके साथ मिलकर काम करने और हमारी साझेदारी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तत्पर हूं। अमित शाह ने कहा कि इससे मजबूत व्यापारिक संबंधों और आपसी विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस ऐतिहासिक समझौते के लिए, जो हमारी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। दोनों देशों और उनकी जनता को व्यापक लाभ पहुंचाएगा, भारत-अमेरिका के बीच व्यापार और भी फलेगा-फूलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त मंत्री ने इसे 'मेड इन इंडिया' उत्पादों के लिए बड़ी खुशखबरी बताते हुए कहा कि इससे दोनों बड़े लोकतांत्रिक देशों के लोगों को सीधा लाभ होगा। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि उन्होंने वस्त्र उद्योग पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर दिया और कहा कि इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, रोजगार और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि भारत अमेरिका में अपने कुल बाजार का लगभग 28-30 प्रतिशत हिस्सा खो रहा था, जिसे अब पुनः प्राप्त किया जा सकेगा। भारत की 18 प्रतिशत की दर बांग्लादेश (20 प्रतिशत) और वियतनाम (19-20 प्रतिशत) जैसे प्रतिस्पर्धियों से कम है, जो भारतीय परिधानों को अमेरिकी बाजार में ज्यादा सस्ता और आकर्षक बनाएगी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि ऐतिहासिक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत भारतीय उत्पादकों को वैश्विक बाजार में महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा। लगभग 18 प्रतिशत की कम टैरिफ दरों से युवाओं, किसानों और लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

### 'परीक्षा पे चर्चा' का नौवां संस्करण 6 फरवरी को प्रधानमंत्री ने एपिसोड देखने का किया आह्वान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से 6 फरवरी को प्रसारित होने वाले 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) के विशेष एपिसोड को देखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और सामूहिक भावना को दर्शाने वाला एक प्रेरणादायक मंच है। 'परीक्षा पे चर्चा' का नौवां संस्करण 6 फरवरी को सुबह 10 बजे आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री सीधे छात्रों से संवाद करेंगे। इस वर्ष कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न हिस्सों के विद्यार्थियों के साथ बातचीत की गई है। देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर और गुवाहाटी के छात्र पहले ही संवाद में शामिल हो चुके हैं, जबकि नई दिल्ली स्थित 7, लोक कल्याण मार्ग पर भी छात्रों से विशेष चर्चा की गई। परीक्षा के मौसम से पहले आयोजित इस संवाद में प्रधानमंत्री ने एग्जाम वॉरियर्स के साथ बातचीत करते हुए तनावमुक्त परीक्षा, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और संतुलन बनाए रखने जैसे विषयों पर व्यावहारिक सुझाव साझा किए। उन्होंने छात्रों के उत्साह और खुलेपन की सराहना करते हुए इन अनुभवों को ताजगी भरा और प्रेरक बताया।

## लोकसभा से विपक्षी सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, राहुल बोले : 'दबाव में प्रधानमंत्री'



**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने पर हुए हंगामे के चलते कांग्रेस के 7 सहित कुल 8 विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र से निलंबित किए जाने के खिलाफ पार्टी सांसदों ने संसद भवन के बाहर मकर द्वार पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल हुए। कांग्रेस ने अपने सांसदों के निलंबन को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कड़े शब्दों में इसकी आलोचना की है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें सदन में अपनी बात रखने नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में बोलने से रोका गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भारी दबाव है और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर उन्हीं कारणों से किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के पांचवें दिन लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के हवाले से भारत-चीन विवाद पर बोलने की कोशिश की लेकिन स्पीकर ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने टेबल पर चढ़ कर पेपर फाड़े और स्पीकर की ओर उछाले। हंगामे के चलते कार्यवाही बुधवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। पेपर फाड़ने और उछालने की घटना में कांग्रेस के 7 सांसदों सहित कुल 8 विपक्षी सांसदों को शेष बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है।

इन सांसदों में कांग्रेस के गुरजीत सिंह औजला, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, मणिक्कम टैगोर, हिबी ईडन, प्रशांत पडोले, किरण रेड्डी और जिन कुरियोकोज के साथ तमिलनाडु से सीपीएम सांसद के एस वेंकटेश्वरन शामिल हैं।

## भारत ने हासिल की एयर-टू-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक



- लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मिलेगी मदद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी। डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का परीक्षण पूरी तरह सफल रहा है। ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किये गए परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है। डीआरडीओ ने सफल प्रदर्शन करके भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में बढ़त दिलाई है।

इस प्रदर्शन ने भारत को उन खास देशों की लिस्ट में शामिल कर दिया है, जिनके पास यह तकनीक है, जिससे दुश्मनों पर सामरिक बढ़त पाने के लिए लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें बनाई जा सकती हैं।

### रक्षा वैज्ञानिकों का दावा

रक्षा वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है और वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है। भारत के पास अब हाइपरसोनिक मिसाइल है, जो गति, सीमा, सटीकता और पता लगाने की क्षमता के मामले में गेम-चेंजर है, जिससे सशस्त्र बलों को बढ़त हासिल होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस तकनीक के सफल प्रदर्शन के लिए डीआरडीओ और इंडस्ट्री को बधाई दी। रक्षा विभाग के सचिव और डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी कामत ने सफल फ्लाइट टेस्ट में शामिल सभी टीमों को बधाई दी।

## उत्तराखंड में पर्यटन ने बनाया नया कीर्तिमान | पर्यटकों की संख्या पहुंची छह करोड़ के पार

**एजेंसी, देहरादून।**



उत्तराखंड में पर्यटन ने वर्ष 2025 में नया इतिहास रच दिया है। राज्य गठन के बाद पहली बार प्रदेश में रिकॉर्ड 6 करोड़ से अधिक पर्यटक और तीर्थयात्री पहुंचे हैं, जिससे न केवल पर्यटन क्षेत्र को मजबूती मिली है बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार अवसरों को भी नया संबल मिला है। पर्यटन विभाग के अनुसार, इस वर्ष प्रदेश में कुल 6 करोड़ 03 लाख 21 हजार 194 पर्यटक और तीर्थयात्री पहुंचे, जो राज्य गठन के बाद अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इनमें 1 लाख 92 हजार 533 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटक सुविधाओं के विस्तार और उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के लिए संकल्पित है। यही प्रयास हैं जिनका परिणाम यह लगातार बढ़ती पर्यटक संख्या है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पर्यटन विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार के इन प्रयासों का सकारात्मक असर पर्यटन आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिख रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, हरिद्वार जिले में 3 करोड़ 42 लाख 49 हजार 380, देहरादून में 67 लाख 35 हजार 71 और टिहरी में 53 लाख 29 हजार 759 पर्यटक और तीर्थयात्री पहुंचे। पिछले वर्षों की तुलना देखें, तो 2021 में 2,00, 18, 115, 2022 में 5,39,81,338, 2023 में 5,96,36,601 और 2024 में 5,95,50,277 पर्यटक राज्य में आए थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पर्यटन उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार है। राज्य सरकार पूरे वर्ष पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है, जिससे स्थानीय निवासियों और युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा यात्रा के बाद शीतकालीन पर्यटन को विशेष बढ़ावा मिला, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक राज्य पहुंचे।

## भारत और भूटान के बीच ऊर्जा सहयोग को मिलेगी नई गति



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और भूटान ने अपने द्विपक्षीय ऊर्जा संबंधों को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नई दिल्ली में मंगलवार को भूटान के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री ल्योंपो जेम शेरिंग ने केंद्रीय विद्युत एवं आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल तथा विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक से मुलाकात की। विद्युत मंत्रालय के अनुसार इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य केंद्र दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे जलविद्युत सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। आज की चर्चा के दौरान, दोनों पक्षों ने पुनात्सांगचू-द्वद्ध जलविद्युत परियोजना (1020 मेगावाट) से बिजली उत्पादन के व्यावसायिक अनुकूलन पर विचार-विमर्श किया। पुनात्सांगचू-द्व जलविद्युत परियोजना (1200 मेगावाट) के शीघ्र चालू होने पर भी जोर दिया गया। संकोश जलविद्युत परियोजना के भविष्य के दृष्टिकोण पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा, भारत और भूटान 2040 तक एक मजबूत पावर ग्रिड नेटवर्क तैयार करने की योजना पर काम कर रहे हैं। चर्चा का एक अहम पहलू भूटान में सर्दियों के दौरान होने वाली बिजली की किल्लत रहा, जिसके समाधान के लिए सप्लाई अनुमोदन की प्रक्रिया को तेज करने पर सहमति बनी। मंत्रियों ने इस सहयोग को दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते कूटनीतिक संबंधों का प्रतीक बताया। उल्लेखनीय है कि भारत-भूटान जलविद्युत सहयोग की शुरुआत 1961 में हुई, जिसके बाद 2006 में जलविद्युत सहयोग पर एक समझौता हुआ।

### हर बच्चे का अंतरिक्ष यात्रा का सपना होगा पूरा : ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

**एजेंसी, रायपुर।** भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन और एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा रहे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को कहा कि हर बच्चे का अंतरिक्ष यात्रा का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा है कि 41 वर्षों के बाद भारत ने दोबारा अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की और यह यात्रा केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे भारत की यात्रा थी। ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के राखी में जिला प्रशासन के संचालित प्रोजेक्ट अंतरिक्ष के तहत आयोजित अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पहले अंतरिक्ष केंद्र का विधिवत शुभारंभ कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शुभांशु ने छत्तीसगढ़ को ऊर्जावान प्रदेश बताते हुए कहा कि यहां के बच्चों में अपार क्षमता और जिज्ञासा है। उन्होंने मुख्यमंत्री साय का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश में अंतरिक्ष केंद्र का शुभारंभ बच्चों को स्पेस साइंस से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि क्लीन स्टेशन के उद्घाटन के दौरान मैंने देखा कि मुख्यमंत्री स्टेशन में प्रवेश से पहले स्वयं विशेष ड्रेस व कैप को पहन रहे थे। मुझे यह देखकर बड़ी खुशी हुई कि राज्य का मुखिया जब स्वयं ऐसी रुचि दिखाता है, तो यह बच्चों और युवाओं के भविष्य को लेकर उनकी स्पष्ट और भविष्योन्मुखी सोच को दर्शाता है। उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए लगातार परिश्रम करने की प्रेरणा दी। अपने अंतरिक्ष मिशन के अनुभव साझा करते हुए शुभांशु ने कहा कि जब आप रॉकेट पर बैठते हैं, तो आपको लगता है कि आप पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन जैसे ही रॉकेट इग्नाइट होता है, वह क्षण इतना शक्तिशाली होता है कि सारी तैयारी एक पल के लिए भूल जाते हैं। उन्होंने इसकी तुलना परीक्षा से करते हुए कहा कि जैसे पढ़ाई पूरी होने के बाद भी परीक्षा कक्ष में प्रश्नपत्र सामने आते ही कुछ क्षणों के लिए सब कुछ खाली लगने लगता है, ठीक वैसी ही अनुभूति अंतरिक्ष यात्रा के समय होती है।

## मेलबर्न में गांधीजी की मूर्ति चुराए जाने की भारत ने कड़ी निंदा की



**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मेलबर्न के रोविल में ऑस्ट्रेलियन इंडियन कम्युनिटी सेंटर में महात्मा गांधी की नई मूर्ति के चोरी होने की घटना की कड़ी निंदा की है और ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों से तुरंत मूर्ति बरामद कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ऑस्ट्रेलिया में महात्मा गांधी की प्रतिमा के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम मेलबर्न के रोविल स्थित ऑस्ट्रेलियाई भारतीय सामुदायिक केंद्र में अज्ञात लोगों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़फोड़ कर हटाए जाने की कड़ी निंदा करते हैं। हमने इस मामले को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है। उनसे लापता प्रतिमा को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

### सीबीआई ने आयकर विभाग के स्टेनोग्राफर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चेन्नई में आयकर विभाग में तैनात एक स्टेनोग्राफर को 1.50 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उस पर 19 लाख रुपये के बकाया आयकर को समाप्त कराने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। सीबीआई के अनुसार स्टेनोग्राफर अभिनंदन सिंह ने आकलन वर्ष 2020-21 के तहत लंबित 19 लाख रुपये के आयकर बकाये को शून्य कराने के लिए कुल राशि का 10 प्रतिशत रिश्वत के रूप में मांगा था।

इस संबंध में 02 फरवरी को शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया।

## केंद्रीय बजट से अल्पसंख्यकों सहित कमजोर समुदायों में निराशा : जमात-ए-इस्लामी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने लोकसभा में पेश केंद्रीय बजट पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापक आर्थिक स्थिरता, पूंजीगत व्यय और राजकोषीय अनुशासन पर जोर दिया है, लेकिन बजट रोज़गार पैदा करने, सामाजिक क्षेत्र की ज़रूरतों, बढ़ती असमानता और सार्वजनिक कर्ज़ के बढ़ते बोझ को दूर करने में नाकाम रहा है। जमात अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि जमात-ए-इस्लामी हिंद ने बजट से पहले वित्त मंत्रालय को विस्तार में पॉलिसी सुझाव दिए थे, जिसमें रोजगार-इंटेंसिव ग्रोथ, मांग पक्ष को मज़बूत समर्थन, धन का सही बंटवारा और अल्पसंख्यकों सहित कमज़ोर समुदायों के लिए लक्षित दखल की अपील की गई थी। दुर्भाग्य से बजट अभी भी कैपिटल-इंटेंसिव ग्रोथ को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि बेरोज़गारी, आय की असुरक्षा और सामाजिक बहिष्कार को दूर करने के लिए सीमित ठोस कदम उठाए गए हैं। सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने कहा कि बजट में 12.2 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय दीर्घकालिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में मदद कर सकता है।

## ज्योतिरादित्य ने मप्र के अशोक नगर जिले को दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

- चंदेरी में तीन विद्युत सब स्टेशनों और ईसागढ़ में सड़क व आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का किया शिलान्यास और लोकार्पण



**एजेंसी, म.प्र. अशोक नगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश के चार दिवसीय प्रवास के तीसरे दिन मंगलवार को अशोकनगर जिले को करोड़ों रुपये लागत की परियोजनाओं की सौगात दी। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने आज चंदेरी विधानसभा क्षेत्र में ऊर्जा और ईसागढ़ नगर में सड़क, स्वच्छता और रोजगार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिनकी कुल लागत 12.68 करोड़ से अधिक है। उन्होंने चंदेरी में उन्होंने 7 करोड़ की लागत के तीन विद्युत उपकेन्द्रों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसके अलावा ईसागढ़ को उन्होंने 5.68 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर सिंधिया ने कहा कि ये परियोजनाएँ केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। उन्होंने ईसागढ़ गौरव दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विकास तब सार्थक होता है, जब उसका लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। चंदेरी विधानसभा क्षेत्र में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने ऊर्जा अवसंरचना को नया बल देते हुए कहा कि बिजली किसी भी क्षेत्र के विकास की 'जीवनरेखा' है। इन उपकेंद्रों के माध्यम से किसान निर्बाध सिंचाई कर सकेंगे, छात्र बेहतर वातावरण में अध्ययन कर पाएंगे और व्यापारिक गतिविधियाँ बिना रुकावट आगे बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि मैं जब भी आपके बीच आता हूँ, अंधेरे को दूर करने के लिए ज्योति का प्रकाश साथ लाता हूँ। उन्होंने स्मरण कराया कि गत नवंबर में भी अशोकनगर को 5 उपकेंद्रों की सौगात दी गई थी, जिससे 42 गाँवों को लाभ मिला था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश के 17,000 से अधिक ऐसे गाँवों तक बिजली पहुँचाई है, जो आजादी के बाद से अब तक अंधकार में थे। इसके बाद उन्होंने ईसागढ़ नगर में 5.68 करोड़ की लागत से संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ केवल सीमेंट और पत्थर की संरचनाएँ नहीं, बल्कि ईसागढ़ के उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव हैं। शहर का सड़क नेटवर्क होगा शत-प्रतिशत पूर्ण सिंधिया ने बताया कि 'मुख्यमंत्री अर्बन एरिया इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम' के तहत दो करोड़ की लागत से वार्ड 1 से 15 तक बनने वाली सीसी सड़कों के साथ ईसागढ़ का सड़क नेटवर्क शत-प्रतिशत पूर्ण होगा, जिसके बाद शहर में कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहेगी। इससे आवागमन सुगम होगा, दुर्घटनाओं का जोखिम घटेगा और दैनिक जीवन की गति बढ़ेगी। इसके साथ ही, उन्होंने कायाकल्प अभियान के अंतर्गत एक करोड़ की लागत से बस स्टैंड से गुना मार्ग तक 600 मीटर लंबी सीसी रोड का भूमिपूजन किया, जो एक प्रभावी वैकल्पिक बायपास के रूप में कार्य करेगी और

# इंडो-नेपाल सीमा पर अवैध कब्जों की उलटी गिनती शुरू

- 0-15 किमी में सरकारी जमीन पर कब्जे का खुला खेल
- पक्के मकानों पर चलेगा बुलडोजर, प्रशासन सख्त



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी और ग्राम सभा की जमीन पर वर्षों से जमे अवैध कब्जों पर अब प्रशासन का सब्र टूट गया है। 0 से 15 किलोमीटर की सीमा पट्टी में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई का ऐलान कर दिया है। उप कमांडेंट 59वीं व 70वीं वाहिनी एसएसबी और वन विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। 32 ग्राम पंचायतों में कुल 274 गाटा पर अवैध कब्जा पाया गया, जिनमें से तीन गाटा वन विभाग की भूमि पर थे। वन भूमि से कब्जा हटाया जा चुका है, जबकि 43 गाटा पर नोटिस चस्पा कर जमीन खाली कराई गई है। जिलाधिकारी रामादल ने दो टूक कहा कि सरकारी और ग्राम सभा की जमीन पर बने पक्के मकान किसी भी हालत में नहीं बचेंगे। यूपी राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत उप-जिलाधिकारी न्यायालय से अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अब समझौता नहीं, सीधी कार्रवाई होगी। प्रशासन के सख्त रुख से लौकाही, करमोहना, गौरा पिपरा, लालपुर चंदाझार, मठेही कला, पुरैना रघुनाथपुर, महादेवा, मोतीपुर, ककरहा सहित 32 ग्राम पंचायतों में हड़कंप मचा हुआ है। सीमावर्ती इलाके में कानून तोड़ने वालों पर अब बुलडोजर और बेदखली की तलवार लटक रही है।

## निमंत्रण से वापस लौट रहे भाजपा कार्यकर्ता पर हमला, मुकदमा दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के लौकिहा शिवपुर ब्लॉक निवासी भाजपा कार्यकर्ता अनुराग मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह सोमवार रात करीब 11 बजे तिगड़ा गांव निवासी सचिन वर्मा के यह निमंत्रण से वापस लौट रहे थे। तभी पीछे से कुछ लोगों ने मक्का पुरवा चौराहे के पास गाड़ी रोककर भद्दी भद्दी गाली देते हुए लाठी डंडा लेकर मारने के उद्देश्य से दौड़ा लिया। इस दौरान अमन वर्मा, शैलेन्द्र शुक्ला, शिवा त्रिवेदी और कौशिक गुप्ता ने बचाया। अनुराग मिश्रा ने बताया कि हाल ही में पूर्व विधायक के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उसी की अदावत को लेकर हमला किया गया है।

## सरकारी रिकॉर्ड की चूक : जिंदा युवक को मृत दिखाने से मचा हड़कंप, परिवार परेशान

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड विशेश्वरगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लखखारामपुर से प्रशासनिक लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहाँ 28 वर्षीय युवक धर्मेंद्र मौर्य को सरकारी सिस्टम में मृत दिखाए जाने से परिवार को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि युवक पूरी तरह जीवित और स्वस्थ है। पीड़ित के पिता छेदी ने बताया कि उनके बेटे धर्मेंद्र का नाम राशन कार्ड से पहले ही कट गया था। जब परिवार ने दोबारा नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया, तो सिस्टम में नाम कटने का कारण 'मृतक' दर्शाया गया। यह जानकारी मिलते ही परिवार के होश उड़ गए। परिजनों के अनुसार, धर्मेंद्र के सभी पहचान पत्र-आधार कार्ड सहित-सही हैं, इसके बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में उसे मृत बताया जा रहा है। इस त्रुटि के चलते परिवार को राशन कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले को लेकर जब पूर्ति निरीक्षक ललित पाठक से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है और फिलहाल वह स्क्रूक (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के कार्य में व्यस्त हैं। वहीं, ग्राम सचिव अनुराधा चौरसिया ने स्पष्ट किया कि परिवार रजिस्टर में धर्मेंद्र मौर्य को जीवित ही दर्ज किया गया है और पंचायत स्तर पर कोई गलती नहीं है। इस संबंध में प्रभारी एडीओ पंचायत अरुण कुमार पांडेय ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके रिकॉर्ड में धर्मेंद्र जीवित दर्ज है।

## परिवार नियोजन सेवाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



- 232 आशा और 40 एएनएम को किया प्रशिक्षित

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पयागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ताओं के लिए परिवार नियोजन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से उम्मीद परियोजना के अंतर्गत पापुलेशन फाउंडेशन इंडिया द्वारा आयोजित किया गया।प्रशिक्षण की शुरुआत अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी सीएचसी पयागपुर ने आशाओं को परिवार नियोजन के महत्व, वर्तमान परिदृश्य और सरकारी 'बास्केट ऑफ चॉइस' में उपलब्ध साधनों के बारे में जानकारी दी। बीपीएम अनुपम शुक्ला ने आशा कार्यकर्ताओं से समुदाय को परिवार नियोजन सेवाओं के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करने और परामर्श के महत्व पर जोर दिया। 'बास्केट ऑफ चॉइस', अंतरा, और परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों पर विशेष जानकारी प्रदान की।साथ ही प्रदान की जा रही सेवाओं को एफपीएलएमआईएस ऐप पर अवश्य दर्ज किया जाए।प्रशिक्षक चन्द्रेश्वर पाठक और जुगुल किशोर चौबे ने परिवार नियोजन की विभिन्न विधियों, उपयोग किए जाने वाले साधनों के सही समय, प्रभाव, गर्भधारण का समय और उचित अंतराल पर विस्तृत जानकारी दी। पापुलेशन फाउंडेशन की प्रतिनिधि डॉ. सफिया जमीर ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र पयागपुर में कार्यरत सभी 232 आशा और 40 एएनएम का दूसरे चरण में बैच-वार प्रशिक्षण कराया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण का पांचवा और अंतिम बैच का प्रशिक्षण आज सम्पन्न हो गया है । इस दौरान आशाओं को क्षेत्र में वितरण हेतु शगुन किट एवं परिवार नियोजन सामग्री वितरण किया गया।

## बुजुर्ग पर सांड ने किया हमला जिला अस्पताल में भर्ती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के हरदी इलाके में सोमवार शाम एक साइकिल सवार बुजुर्ग पर सांड ने हमला कर दिया। हमले में 60 वर्षीय शमीम गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराजगंज ग्राम निवासी शमीम साइकिल से निजी कार्य से बाजार जा रहे थे। जोत ग्राम के पास नहर के समीप अचानक एक सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड ने उन्हें सींग से उठाकर पटक दिया, जिससे वे पास की सूखी नहर में जा गिरे। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायल शमीम को नहर से बाहर निकाला और उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर मौत का खेल, तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा, मौके पर मौत

### हादसों की फैक्ट्री बना राष्ट्रीय राजमार्ग, अफसर बेखबर




**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा-लखीमपुर खीरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रशासनिक लापरवाही ने मंगलवार को एक और गरीब परिवार की चिराग बुझा दी। थाना मोतीपुर क्षेत्र के परवानी गौढ़ी के पास तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे ठेला लगाकर गुजर-बसर कर रही महिला को कुचल दिया। महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका इमरती देवी थीं। उनके पुत्र उमेश कुमार निवासी एचुआ ने बताया कि ट्रक संख्या ऋछ11छ-3611 चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सीधे ठेले पर ट्रक चढ़ा दिया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा नहीं, बल्कि प्रशासन द्वारा की गई 'हत्या' है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन न तो अवैध अतिक्रमण हटाया जा रहा है और न ही ट्रैफिक नियंत्रण के कोई इंतजाम किए गए हैं। पीडब्ल्यूडी की जमीन पर धड़ल्ले से दुकानें और ठेले लगाकर हाईवे को संकरा कर दिया गया है, जिससे राहगीरों की जान हर पल खतरे में रहती है। मटेहा मोड़, परवानी गौढ़ी और नैनीहा मंडी जैसे इलाके मौत के अड्डे बन चुके हैं। सुबह-शाम भारी भीड़ रहती है, लेकिन तेज रफ्तार वाहनों पर कोई रोक नहीं। हादसों के बाद केवल रिपोर्ट लिखी जाती है, जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते अतिक्रमण हटाया गया होता और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की गई होती, तो आज एक महिला की जान बच सकती थी। सवाल यह है कि प्रशासन कब जागेगा – अगली लाश के बाद?

## खबरें एक नजर में

### मड़हे में लटकता हुआ मिला अधेड़ का शव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के वैनिया खचरी पुरवा गांव के निवासी 55 वर्षीय मेवा लाल पुत्र प्यारे लाल का शव मंगलवार की सुबह बड़हे में रस्सी से लटकता हुआ मिला है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। परिजनों ने बताया कि मृतक मेवा लाल सोमवार की देर रात्रि में घर के परिजनों साथ खाना खाने के बाद मढ़हे में सोने चला गया। सुबह जब घर की महिलाएं घर का आंगन और मड़हे की साफ सफाई करने गई तब देखा कि उस का शव रस्सी से लटक रहा था। इस की सूचना गांव में मिलते ही तमाम लोगो की भीड़ इकठ्ठा हो गई। मृतक के तीन बच्चे है तीनो बाहर रहते है। तीन बाहु है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को उतरवा गया। पंचायत नामा भर के पोस्ट मार्टम को भेजा गया है।

### थारू जनजाति बाहुल्य ग्राम भौरीसाल में डीएम की चौपाल, विकास कार्यो का लिया जायजा



**बलरामपुर।** विकास खंड पचपेड़वा के थारू जनजाति बाहुल्य ग्राम भौरीसाल में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त किए जाने की दिशा में हो रहे कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा यूपी सिडको के माध्यम से थारू ग्राम में कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य का भी स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत भूसहर पुरई में सामुदायिक भवन के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन ग्रामीणों की सामाजिक एवं सामूहिक गतिविधियों का केंद्र होता है, अतः इसकी गुणवत्ता एवं उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय फोगाही का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में भवन, कक्षाओं एवं अन्य आधारभूत अवसंरचना को संतोषजनक एवं बेहतर पाया गया। इसके पश्चात ग्राम भुसहर उचवा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों एवं महिलाओं को सभी सुविधाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी थारू परियोजना विशुनपुर विश्राम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन करते हुए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र पर दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय सेवाओं, साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### केंद्रीय बजट ऐतिहासिक, सभी वर्गों के लिए विकास का रोडमैप : सुमित सिंह

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री सुमित सिंह ने रामपुर अरना स्थित कार्यालय मे प्रेस वार्ता कर इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्गों को तरक्की की राह दिखाने वाला है। स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के साथ-साथ युवा, महिला, व्यापारी और किसान वर्ग के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के साथ देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में आईटीआई और चिकित्सा शिक्षा में सीटों की संख्या बढ़ाने का निर्णय युवाओं के भविष्य को मजबूत करेगा। शिक्षा से रोजगार और उद्यमिता को जोड़ने की पहल युवाओं के लिए बेहद लाभकारी है, जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

# आज निकलेगी सप्तरंगी निशान शोभायात्रा

- सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने लगवाई मेंहदी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** शहर के ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के पहले दिन मंगलवार को तीन श्री राणीसती दादी जी के नाम की मेंहदी का कार्यक्रम सुबह 11बजे से शुरू हुआ। जिसमें सभी महिला पुरुष भक्त दादी जी के नाम की मेंहदी अपने - अपने हाथों में लगवाया।और सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, झंझरी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा और नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुमित भूषण सिंह श्री श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा खाटू श्यामजी और दादी जी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद अपने अपने हाथों में मेंहदी लगवाई। उधर महिला मंडल ने दादी जी के भजनों पर झूमकर नृत्य किया। 04 फरवरी को निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पहली यात्रा रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से और दूसरी यात्रा चौक बाजार के राधाकृष्ण मंदिर से निकलकर बड़गांव पुलिस चौकी पर पहुंचकर होकर दोनों यात्राएं श्री श्याम मंदिर में पहुंचकर बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पित करेंगे। और 4 फरवरी और 5 फरवरी को आमंत्रित भजन गायक बाबा खाटू श्याम जी और दादी जी के भजनों का गुणगान करेंगे। मेंहदी कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, अनिल मित्तल,दीपक अग्रवाल, विशाल अग्रवाल,गोविंद जालूका, अरिहंत जैन, पुनीत बंसल,नितेश मित्तल,उत्कर्ष सिंघल, पुनीत बंसल, विमलेश सिंघल, आशीष भावसिंहका, हर्षित गोयल, श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, नीलम जैन, सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल,वेनू अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग, प्रीति अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल,उमा ताजपुरिया, संतोष अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहीं। सरोज गर्ग, कोमल अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रही।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 : सभी मतदान केंद्रों पर बनेंगे मतदाता सहायता केंद्र

### मतदाता सुविधा बढ़ाने के निर्देश, सहायता केंद्रों के प्रचार-प्रसार पर जोर



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत प्रदेशभर के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्र/भवन के निकट ऐसा सहायता केंद्र बनाया जाएगा, जिसे मतदाता आसानी से पहचान सकें। इसके लिए स्पष्ट बैनर भी लगाए जाएंगे। मतदाताओं की सुविधा हेतु बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक सहायता केंद्र पर उपस्थित रहेंगे, ताकि दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराई जा सकें। मतदाता सहायता केंद्र पर संबंधित मतदान केंद्र की 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली उपलब्ध रहेगी, जिससे मतदाता अपना नाम सूची में खोज सकें। साथ ही इस पूरी व्यवस्था का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारियों को इन कार्यवाहियों का सतत पर्यवेक्षण करने तथा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहित संबंधित कर्मियों को निर्देशों से अवगत कराते हुए समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

## हस्तांतरण न होने से नहीं शुरू हुआ स्वास्थ्य उपकेंद्र, जर्जर हो रहा भवन

उतरौला (बलरामपुर)। सरकारी योजनाओं की बदहाली और विभागीय उदासीनता की एक और तस्वीर उतरौला क्षेत्र के ग्राम अल्ला नगर में देखने को मिल रही है, जहाँ ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बनाए गए स्वास्थ्य उपकेंद्र का वर्षों बाद भी कोई संचालन शुरू नहीं हो सका है। हालात यह हैं कि उपकेंद्र भवन में न तो कोई स्वास्थ्य कर्मचारी आता है और न ही ग्रामीणों को इलाज की सुविधा मिलती है। लावारिस पड़े इस भवन का उपयोग ग्रामीण अब गोबर के उपले सुखाने, भूसा और पुआल रखने के लिए करने को मजबूर हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग दस वर्ष पूर्व ग्राम अल्ला नगर के रजभरिया पुरवा में पचासों लाख रुपये की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कराया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि निर्माण पूरा होने के बावजूद कार्यदाई संस्था ने अब तक भवन का हस्तांतरण स्वास्थ्य विभाग को नहीं किया, जिसके चलते यह उपकेंद्र कागजों में ही सिमट कर रह गया। दस वर्ष से अधिक समय बीत जाने के कारण उपकेंद्र भवन की स्थिति दिन-प्रतिदिन जर्जर होती जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार निर्माण मानकों के विपरीत किए जाने के चलते भवन की छतों में दरारें पड़ चुकी हैं। दरवाजे और खिड़कियां टूट चुकी हैं, जबकि बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त होने से उसकी ईंटें भी गायब हो गई हैं। पेयजल सुविधा के लिए लगाया गया हैंडपंप चोरी हो चुका है, जिससे परिसर पूरी तरह असुरक्षित हो गया है। भवन के हस्तांतरण और संचालन के अभाव में स्वास्थ्य विभाग की कोई गतिविधि यहाँ नहीं हो पा रही है। मजबूरी में ग्रामीण इस उपकेंद्र को गोबर के कंडे पाथकर सुखाने, भूसा व पुआल रखने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

## सीसीआई पंतनगर में मण्डलीय आकांक्षा समिति का बहुआयामी सेवा कार्यक्रम आयोजित

- आयुक्त, जिलाधिकारी व सीडीओ ने बच्चों से किया संवाद, बढ़ाया उत्साह




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मण्डलीय आकांक्षा समिति देवीपाटन मण्डल के तत्वावधान में मंगलवार को जनपद गोण्डा स्थित बाल देख-रेख संस्थान (सीसीआई) बालगृह बालिका/शिशु गृह, पंतनगर में बच्चों के सर्वांगीण कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक बहुआयामी सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग, गोण्डा के संयुक्त सहयोग से किया गया। इस अवसर पर संस्थान में निवासरत बालिकाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। दृष्टि संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, जरूरतमंद बच्चों को चश्मों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें पढ़ाई एवं दैनिक गतिविधियों में सुविधा मिल सके। कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। साथ ही ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को ऊनी वस्त्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। बच्चों के लिए नाश्ता एवं अल्पाहार की भी समुचित व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक आत्मीय, उत्साहपूर्ण एवं बच्चों के अनुकूल बना रहा। कार्यक्रम में मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण और उनके साथ आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील , जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बच्चों से सीधा संवाद किया, उनका उत्साहवर्धन किया तथा इस पहल को समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर आयुक्त एवं मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा द्वारा स्वयं अपने हाथों से बच्चों को ऊनी वस्त्र, चश्मा, नाश्ता/अल्पाहार तथा सेनेटरी नैपकिन आदि वितरित किए गए, जिससे बच्चों में विशेष प्रसन्नता देखी गई। आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करना समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं संवेदनशील देखभाल के माध्यम से ही बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य प्रदान किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था। संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आकांक्षा समिति, जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को बच्चों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

## विकास खंड गैंसडी में आंगनबाड़ी-आशा सम्मेलन संपन्न, डीएम ने स्वास्थ्य व पोषण सुदृढ़ीकरण पर दिया विशेष जोर

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड गैंसडी में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं आशा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन ने स्वयं उपस्थित होकर जमीनी स्तर पर कार्यरत आंगनबाड़ी एवं आशा से सीधा संवाद किया। सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्राम स्तर पर समन्वय को और अधिक मजबूत बनाना रहा। **स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं में शत-प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य**

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, नवजात शिशुओं, कुपोषित बच्चों एवं किशोरियों तक स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत रूप से पहुँचना चाहिए। **गैंसडी को स्वास्थ्य एवं पोषण में आदर्श विकास खंड बनाने की अपील**



जिलाधिकारी ने कहा कि गैंसडी विकास खंड को स्वास्थ्य सेवाओं एवं पोषण के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता टीम भावना के साथ कार्य करें, नियमित गृह भ्रमण करें तथा योजनाओं की प्रगति की सतत निगरानी करें। **ग्राम स्तर पर प्रशासन की मजबूत कड़ी हैं आंगनबाड़ी और आशा**

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता ग्राम स्तर पर प्रशासन और आमजन के बीच सबसे महत्वपूर्ण सेतु हैं। इनके माध्यम से न केवल योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएँ ग्रामीणों तक पहुँचती हैं, बल्कि जनसमस्याएँ, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियाँ एवं पोषण से जुड़ी वास्तविक स्थिति भी प्रशासन तक पहुँचती है। उन्होंने इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का आह्वान किया।

**लगन, संवेदनशीलता और समर्पण से कार्य करने का आह्वान**

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं का कार्य केवल दायित्व नहीं बल्कि समाज के भविष्य को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने सभी से कहा कि वे पूरे मनोयोग, लगन, संवेदनशीलता एवं ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि जनपद की मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण स्थिति में निरंतर सुधार हो सके। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश दवा क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार : सीएम योगी

## अपराध के प्रति जीरो-टॉलरेंस नीति के कारण राज्य एक सुरक्षित और आकर्षक जगह बन गया है : योगी



**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य दवा क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। योगी आदित्यनाथ ने यहां वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के आयोजन उत्तर प्रदेश दवा सम्मेलन- एक की शुरुआत की। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के व्यापक संसाधन और संभावनाओं को गिनाते हुए कहा, हमारे पास राष्ट्रीय स्तर की चार प्रयोगशालाएं मौजूद हैं। तमाम केन्द्र पहले से मौजूद हैं और उत्तर प्रदेश दवा क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। सबसे बड़ा कार्यबल भी राज्य में मिल सकता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार की अपराध के प्रति जीरो-टॉलरेंस नीति के कारण राज्य दंगों, जबरन वसूली और अराजकता के केंद्र से बदलकर निवेश के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक जगह बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, बल्कि एक ऐसा राज्य बन गया है जहां कानून का राज है और कोई राजनीतिक दखल नहीं है। उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति को याद करते हुए कहा, आप 2012 और 2017 के बीच उत्तर प्रदेश की कल्पना कर सकते हैं। उस दौरान 900 से ज्यादा दंगे हुए थे। शायद ही कोई ऐसा शहर था जहां कर्फ्यू न लगा हो। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि उन सालों में व्यापारियों, डॉक्टरों और उद्यमियों को गुंडा टैक्स देने के लिए मजबूर किया जाता था और सरकार की कोई स्पष्ट नीति न होने के कारण युवाओं के पास भविष्य की कोई योजना नहीं थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रति आभार प्रकट करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बजट सत्र के कारण वह सीधे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाए, लेकिन उन्होंने अपना शुभकामना संदेश दिया है।

### योगी ने निवेशकों के मन में उम्मीद जगाते हुए कहा : 'हम आपके स्वागत के लिए तैयार हैं'

ललितपुर में शुरू की गई एक परियोजना का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, यह कहावत है कि ललितपुर को न छोड़िये। वहां पहले फार्मा के लिए भूमि आवंटित की और अब कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ रही है। चिकित्सा उपकरण पार्क के लिए सरकार के प्रयासों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा के जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इसी माह प्रधानमंत्री जी देश को समर्पित करेंगे और इसके निकट 300 एकड़ क्षेत्र में चिकित्सा उपकरण पार्क की स्थापना की जा रही है। योगी ने कहा कि आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर मेडटेक सेंटर 1200 करोड़ रुपये की लागत और राज्य सरकार के सहयोग से विकसित हो रहा है। एसजीपीजीआई भी दूसरे सेंटर के रूप में विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में मजबूत आधारभूत ढांचा है। देश के 55 फीसदी एक्सप्रेस वे उप्र में हैं। राज्य का हर जिला मुख्यालय फोर लेन और तहसील मुख्यालय फोर लेन या टू लेन से जुड़ा है।

# तेज बर्फीली हवाओं के साथ भारी बारिश से कांपा यूपी



**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार तड़के कानपुर, औरैया, जालौन समेत करीब 10 जिलों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। उन्नाव, चित्रकूट और इटावा में करीब आधे घंटे तक ओलावृष्टि हुई, जिससे सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलें गिर गई और किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ बिजली

▸ 10 जिलों में ओलावृष्टि

गिरने की संभावना जताई गई है। अचानक बदले मौसम के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोग घरों में दुबके रहे, जबकि जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोगों को छाता और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। वहीं, लखनऊ, अलीगढ़, मैनपुरी, बुलंदशहर समेत लगभग 20 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओं के कारण ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान गिरकर 6.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई इलाकों में दृश्यता शून्य के करीब दर्ज की गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि प्रदेश के 26 जिलों में बारिश और 29 जिलों में भीषण घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। ऐसे में रात और सुबह की ठंड अभी और परेशान करेगी।

## खबरें एक नजर में

### उम्मीद संस्था ने मेधावी बच्चों को दिखाई 'बॉर्डर 2' गणतंत्र दिवस परेड में तृतीय स्थान की खुशी मनाई

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने वाले बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उम्मीद संस्था द्वारा लखनऊ के सहारागंज मॉल स्थित PVR सिनेमा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का  उन 100 मेधावी बच्चों के सम्मान में किया गया, जिन्होंने 26 जनवरी 26 को आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में तृतीय स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। बीटिंग द रिट्रीट समारोह में बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया गया और शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ चुके इन बच्चों की इस उपलब्धि की खुशी में संस्था द्वारा उन्हें नवीनतम देशभक्ति फिल्म 'बॉर्डर 2' दिखाई गई। सुबह 11:00 बजे फिल्म का विशेष शो शुरू हुआ, सिनेमा हॉल तालियों और जोश से गूंज उठा। मध्यांतर के दौरान सभी बच्चों को पॉपकॉर्न और कोल्ड ड्रिंक प्रदान की गई। फिल्म समाप्ति के बाद बच्चों को विशेष रिफ्रेशमेंट बॉक्स वितरित किए गए। फिल्म देखने के बाद जब बच्चों से उनके अनुभव पूछे गए, तो कई बच्चों ने भावुक होकर कहा कि हम भी बड़े होकर देश की सेवा करेंगे और तिरंगे का मान बढ़ाएंगे। उम्मीद संस्था के प्रतिनिधि ने कहा- 'इन बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत से गणतंत्र दिवस परेड में तीसरा स्थान हासिल किया है। हमारा उद्देश्य केवल उन्हें सम्मानित करना नहीं था, बल्कि मनोरंजन के माध्यम से उनके भीतर छिपी देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करना भी था।

### दरगाह शाहमीना शाह में अजय राय ने चढ़ाई चादर

केजीएमयू के नोटिस को बताया गया पूरी तरह गैरकानूनी

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ में यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केजीएमयू परिसर स्थित मजार पर चादर चढ़ाकर मजार को लेकर चल रहे विवाद पर सियासी संदेश दिया। चादरपोशी के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए इसे इतिहास और विरासत के खिलाफ साजिश करार दिया। अजय राय ने कहा कि यह मजार केजीएमयू की स्थापना से भी पहले से यहां मौजूद है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास कार्यों पर ध्यान देने के बजाय ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रतीकों को निशाना बना रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने साफ कहा कि इतिहास को मिटाने की किसी भी कोशिश का विरोध किया जाएगा। अजय राय ने कहा कि मौजूदा सरकार हर जगह सिर्फ तोड़फोड़ की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब विकास करने की क्षमता नहीं बचती, तब ध्यान भटकाने के लिए ऐसे मुद्दे खड़े किए जाते हैं। कांग्रेस किसी भी कीमत पर लखनऊ की ऐतिहासिक पहचान से समझौता नहीं करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि लखनऊ नवाबों की तहजीब और विरासत का शहर है। यहां की इमारतें, मजारें और दरगाहें सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शहर के इतिहास का हिस्सा हैं। संभव है कि इन्हीं बुजुर्गों की कृपा और विरासत के चलते इस स्थान पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो सकी और जमीन उपलब्ध हुई। अजय राय ने मजार को नोटिस दिए जाने को भाजपा की सोच का आईना बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत दोनों के लिए खतरनाक है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर ऐतिहासिक स्थलों को लेकर प्रशासनिक दबाव बनाया गया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

### गाय ने बच्ची को उठाकर पटका, बचाने आए लोगों को खदेड़ा

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी में गाय ने 12 साल की बच्ची को उठाकर पटक दिया। उसके बाद सींगों से मारा। बच्ची को बचाने आए लोगों को भी दौड़ा लिया। घटना में बच्ची काफी चोटिल हो गई। उसका इलाज चल रहा है। अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले में पोस्ट करके भाजपा पर तीखा हमला किया। लिखा है, आगामी चुनाव में जनता बुल और बुलडोजर दोनों का इलाज कर देगी। घटना एक फरवरी चौक इलाके के चौपटिया की है। मंगलवार को इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया। इसमें दिख रहा है कि गाय बच्ची को अचानक मारने लगती है। बच्ची उससे बचकर भागने की कोशिश करती है। गाय बच्ची को दौड़ा लेती है। सींगों से पटक देती है। उसके बाद उसे मारती रहती है। गाय पर बच्ची का हमला देखकर आसपास 10-12 लोग पहुंच जाते हैं। वे सभी बच्ची को बचाने की कोशिश करते हैं, लेकिन गाय उसे नहीं छोड़ती है। जमीन पर गिरी बच्ची को सींगों से मारती रहती है। काफी मशक्कत के बाद गाय बच्ची को कुछ सेकंड के लिए छोड़ती है। उसके बाद फिर उसे मारने लगती है। बच्ची की पहचान चौपटिया निवासी 12 साल की रिद्धिमा उर्फ चिंकी के रूप में हुई। उसके पिता शैलेंद्र मल्होत्रा ने कहा कि यहां छुट्टा जानवर घूमते रहते हैं। नगर निगम प्रशासन को इन पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# समुचित जानकारी के अभाव में तत्काल कोई आकलन करना जल्दबाजी होगी : मायावती

▸ भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर बोलीं मायावती



**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच बीच हुए समझौते के तहत अमेरिका ने भारत से आने वाली वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है।इसे लेकर मायावती ने एक पर पोस्ट कर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अनेक शर्तों के साथ आपसी समझौते के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लगाये जाने की खबर कितनी देश व जनहित में है इसके सम्बन्ध में समुचित जानकारी के अभाव में तत्काल कोई आकलन करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि इसपर जमीनी अमल होने के बाद ही यह सही से मालूम हो पायेगा कि इससे देश के खासकर बहुजनों, गरीबों, मजदूरों, किसानों व महिलाओं आदि का क्या भला होगा। मायावती ने कहा कि वैसे तो यह बेहतर होता कि इसके सम्बन्ध में सरकार द्वारा संसद के सत्र के दौरान् ही इसके बारे में विस्तार से बताया जाता ताकि लोगों को सही-सही जानकारी मिल पाती। आप को बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौते के तहत अमेरिका ने भारत से आने वाली वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में यह सफलता ऐसे वक्त में मिली है, जब भारतीय उद्योग उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण तनाव में थे। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारा सबसे बड़ा एकल निर्यात बाजार है और बेहतर व्यापारिक शर्तें अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधान उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगी। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर रुद्र कुमार पांडेय ने कहा कि अमेरिका का फैसला दोनों पक्षों के रणनीतिक इरादों को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत के निर्यात-प्रतिस्पर्धी रुख को पुख्ता करता है और ऐसे समय में आया है जब अमेरिका अपनी आपूर्ति श्रृंखला को चीन से दूर ले जा रहा है। पांडेय ने कहा, इस फैसले का तत्काल लाभ शुल्क संवेदनशील और श्रम-प्रधान क्षेत्रों को मिलेगा। कपड़ा, परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, जूते, इंजीनियरिंग सामान और ऑटो घटक इससे विशेष रूप से लाभान्वित होंगे, क्योंकि ये क्षेत्र अमेरिकी बाजार में वियतनाम और बांग्लादेश के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करते हैं। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि इससे उन ऑर्डरों के तुरंत जारी होने की उम्मीद है, जिन्हें पहले रोक दिया गया था। विशेष रूप से परिधान, कपड़ा और चमड़ा जैसे क्षेत्रों में इसका लाभ मिलेगा।

# विधायक राजेश्वर पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंका, जूते मारे

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी फोटो को जूते मारे और पैरों से कुचला। राय ने भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह पर अभद्र टिप्पणी की थी। भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता कानपुर रोड स्थित शहीद पथ तिराहे पर जमा हुए। यहां कार्यकर्ताओं ने अजय राय का पुतला फूंका। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अजय राय की टिप्पणी को निराधार, आपत्तिजनक और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि अजय राय ने अपने बयान में विधायक पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में रहते हुए देश और प्रदेश को लूटने जैसे गंभीर आरोप लगाए। हालांकि, इन आरोपों के लिए कोई ठोस प्रमाण नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान न केवल एक जनप्रतिनिधि की छवि को धूमिल करने का प्रयास हैं, बल्कि ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं और प्रशासनिक सेवाओं का भी अपमान है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी और कानून के दायरे में रहकर कार्य किया है। इस प्रदर्शन के कारण कानपुर से लखनऊ की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात बाधित हुआ। पुलिस के समझाने पर प्रदर्शनकारी दूसरी पटरी पर चले गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।बाद में एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद करीब एक बजे यातायात पूरी तरह सुचारु हो सका।

# किसानों को आधी कीमत पर मिलेंगे कृषि यंत्र



50 फीसदी सब्सिडी से किसानों की बल्ले-बल्ले

**एजेंसी, लखनऊ।** कृषि क्षेत्र में बढ़ती लागत और महंगाई को ध्यान में रखते हुए यूपी सरकार ने किसानों के लिए एक बड़ी राहत योजना की घोषणा की है। एसएमएएम योजना 2025-26 के तहत छोटे, सीमांत और अनुसूचित जाति के किसानों को खेती में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक औजार और मशीनें खरीदने पर 50 फीसदी तक सब्सिडी दी जाएगी। अन्य श्रेणियों के किसानों को 40 फीसदी तक सरकारी सहायता मिलेगी। कृषि विभाग के मुताबिक योजना का लाभ सीमित संख्या में किसानों को ही दिया जाएगा। पहले आवेदन करने वालों को प्राथमिकता मिलेगी। बीज, खाद, डीजल और मजदूरी की बढ़ती लागत के बीच, यह योजना किसानों के लिए राहत लेकर आई है। मशीनों के इस्तेमाल से खेती का काम में तेजी आएगी और मजदूरों पर निर्भरता कम होगी, खर्च घटेगा। एसएमएएम योजना में कई उपयोगी कृषि मशीनों को शामिल किया गया है। इनमें शामिल हैं, खेत की निराई-गुड़ाई करने वाली मशीन, ऊंची फसलों में दवा छिड़कने वाली मशीन, भूसा काटने और साइलिज पैक करने वाली मशीन, खाद फैलाने और भूसा बांधने वाली मशीन, गहरी जुताई करने वाले औजार, क्यारी बनाने की मशीन। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी है। सहायक विकास अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन करें और किसी भी फर्जी दलाल या व्यक्ति के झांसे में न आएं। आवेदन के दौरान आधार नंबर, बैंक खाता, ओटीपी या अन्य जरूरी दस्तावेज किसी के साथ साझा न करें।

# यूपी में मिशन 2027 का आगाज, नए समीकरणों से बदल सकता है पूरा सियासी खेल

▸ साल 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज




**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बीजेपी ने अब सिर्फ बैठक तक सीमित तैयारी नहीं रखी, बल्कि चुनावी मोड में सक्रिय हो गई है। पार्टी संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव किए जाने की तैयारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार, अगले 15 दिन के भीतर पार्टी में विभिन्न मोर्चों में बड़े बदलाव किए जाएंगे। वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह बदलाव शुरू होंगे। बीजेपी जाति मोर्चा, किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और अन्य मोर्चों के अध्यक्ष समेत टीम में फेरबदल करेगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में ये बदलाव 28 फरवरी से पहले पूरे कर लिए जाएंगे। इसके बाद पार्टी पूरी तरह चुनावी मोड में आ जाएगी। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, बीजेपी नए मोर्चों में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण को ध्यान में रखेगी। पश्चिमी यूपी में जाट समुदाय, ब्रज क्षेत्र में यादव और ब्राह्मणों को शामिल कर समीकरण साधा जा सकता है। इसके पीछे मकसद है कि पार्टी सभी वर्गों और समुदायों में अपनी पकड़ मजबूत कर सके। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी (कुर्मी) समुदाय से आते हैं, इसलिए पार्टी संगठन में बदलाव में समाज और जातीय संतुलन को ध्यान में रखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बीजेपी सपा और पीडीए जैसी विपक्षी ताकतों को देखते हुए भी मोर्चों में बदलाव करेगी। आगामी पंचायत चुनाव, विधान परिषद की शिक्षक व स्नातक कोटे की 11 सीटों के चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी रणनीति बना रही है। बीजेपी का उद्देश्य है कि सभी मोर्चों पर संगठन मजबूत हो, ताकि विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन बेहतर और मजबूत हो।

# यूजीसी के सपोर्ट में छात्रों का हंगामा : पुलिस ने आंदोलनकारियों को खींचकर बस में भरा

▸ प्रदर्शनकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट पर एकत्रित हुए



**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ में मंगलवार को बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन (बापसा) उत्तर प्रदेश के बैनर तले यूजीसी गाइडलाइंस-2026 के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट पर एकत्रित हुए। गेट नंबर-3 से परिवर्तन चौक तक समर्थन मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस से उनकी तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने करीब 2 किलोमीटर तक छात्रों को दौड़ाया। इस बीच दूसरी तरफ से छात्र परिवर्तन चौक पहुंच गए। वहां पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें टांग-टांगकर बस में बैठाकर ले गई। बापसा उपाध्यक्ष आकाश कठेरिया ने कहा 2 दिन पहले यहां यूजीसी के नए गाइडलाइंस के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था। बाहरी गुंडे लखनऊ यूनिवर्सिटी के कैंपस में आकर प्रदर्शन कर रहे थे, तब धारा 144 नहीं लागू थी। अब धारा 144 लागू कर दी गई है। हम अपना प्रदर्शन करेंगे। कई जिलों से लोग आ रहे हैं। हम चाहते हैं कि यूजीसी के नए नियमों को पूरी तरीके से लागू किया जाए। बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन का कहना है कि जब तक यूजीसी गाइडलाइंस को पूरी तरह लागू नहीं किया जाएगा, तब तक उच्च शिक्षा में सामाजिक न्याय और बराबरी सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगी। संगठन ने मांग की है कि आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और खाली पदों को तुरंत भरा जाए।

## सिल्क एक्सपो का शुभारंभ | मंत्री राकेश सचान ने किया उद्घाटन

# योगी सरकार के नेतृत्व में रेशम उद्योग को मिली नई पहचान

▸ 16 विशिष्ट जन सम्मानित, रेशम मित्र पत्रिका का विमोचन

**एजेंसी, लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक तकनीक, बाजार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में सिल्क एक्सपो: 2026 का  उद्घाटन किया। मंत्री राकेश सचान ने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप की उपस्थिति में पं दीन दयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान का वितरण किया तथा रेशम मित्र 2025 पत्रिका का विमोचन किया। मंत्रीगणों ने प्रदर्शनी में लगाए गए सजीव प्रदर्शनों एवं रेशमी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागीय प्रयासों की सराहना की। राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में रेशम उत्पादन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस और परिणामोन्मुखी कार्य किए गए हैं। वर्ष 1988 में रेशम विभाग की स्थापना के समय प्रदेश में मात्र 27 मीट्रिक टन रेशम उत्पादन होता था, जो आज बढ़कर लगभग 450 से 500 मीट्रिक टन तक पहुँच गया है। वर्ष 2022 में उत्पादन लगभग 300 मीट्रिक टन था, जिसे बीते चार वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन 50 मीट्रिक टन की वृद्धि के साथ उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में रेशम की वार्षिक खपत लगभग 5 से 6 हजार मीट्रिक टन है, जिसमें अकेले वाराणसी एवं आसपास के क्षेत्रों में ही 3500 से 4000 मीट्रिक टन रेशम की खपत होती है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश अपनी आवश्यकता के अनुरूप रेशम उत्पादन कर आत्मनिर्भर बने, जिससे किसानों, बुनकरों और उद्यमियों को स्थायी रोजगार और आय के अवसर मिल सकें। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड की योजनाओं के अंतर्गत कुशीनगर, बलरामपुर, गोंडा, लखीमपुर, श्रावस्ती, महाराजगंज, बस्ती, औरैया एवं सहारनपुर सहित विभिन्न जनपदों में नई मल्टी रीलिंग इकाइयों की स्थापना की गई है। वर्ष 2024-25 में 1630 लाभार्थियों को कीटपालक गृह निर्माण एवं उपकरण क्रय हेतु 32.49 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की गई, जबकि वाराणसी में रेशम वस्त्रों की बुनाई, रंगाई एवं वस्त्र निर्माण हेतु 75 इकाइयों को 2.16 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1100 नए लाभार्थियों को रेशम उत्पादन से जोड़ने के लिए 18.10 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें जनजाति वर्ग के लाभार्थी शामिल हैं। प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना को स्वीकृति दी गई है, जिसके अंतर्गत 10 वर्षों में 13,500 किसानों को 9,000 एकड़ भूमि पर शहतूत वृक्षारोपण से जोड़ते हुए 360 मीट्रिक टन अतिरिक्त रेशम धागा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों और उद्यमियों की सुविधा के लिए रेशम मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन, मॉनिटरिंग एवं पारदर्शी क्रियान्वयन की व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से लाभार्थियों का चयन और योजनाओं का क्रियान्वयन सरल एवं प्रभावी हुआ है। राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में रेशम उत्पादन में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से प्रतिवर्ष 2000 से 2500 नए किसानों को रेशम कीटपालन से जोड़कर उत्पादन, रोजगार और आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी।

# फिर घटा यूरिया की बोरी का वजन, किसानों को राहत या आफत



▸ किसानों को अब 45 किलो की जगह 40 किलो की यूरिया का कट्टा यानि बैग मिलेगा

**एजेंसी, लखनऊ।** यूरिया खाद की बोरी का वजन फिर से कम कर दिया गया है। किसानों को अब 45 किलो की जगह 40 किलो की यूरिया का कट्टा यानि बैग मिलेगा। खेतों में यूरिया के अनियंत्रित प्रयोग पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। अपने इस कदम को सरकार भले किसानों और खेती को राहत की बात कह रही है लेकिन इसे आफत माना जा रहा है। यूरिया को लेकर अक्सर मारामारी होती है।मुताबिक अधिसूचना गजट नोटिफिकेशन 40 किलो के नए यूरिया के पैकेट में 37 फीसदी नाइट्रोजन एवं 17 फीसदी सल्फर मिश्रित होगा जो फसलों को कहीं अधिक लाभ पहुंचाएगा। 40 किलो के पैकेट का मूल्य 254 रुपये निर्धारित किया गया है जबकि 45 किलो के पैकेट का दाम पूर्ववत 266 रुपये 50 पैसे है। सफ्लर मिश्रित होने के कारण नया यूरिया पैकेट अधिक प्रभावशाली है। 2018 के मार्च तक यूरिया के एक पैकेट का वजन 50 किलोग्राम हुआ करता था। उस समय यूरिया के कट्टे का वजन 50 किलोग्राम से घटाकर 45 किलोग्राम कर दिया गया और अब इसके एक बैग का वजन 40 किलोग्राम कर दिया गया है। प्रदेश में यूरिया खाद खपत प्रतिवर्ष करीब 65 लाख मीट्रिक टन है लेकिन विशेषज्ञों की माने तो यह अधिकतम उपयोग की स्थिति है। इससे खेतों को नुकसान हो रहा है।जानकारों की माने तो खेतों में अनियंत्रित रूप से हो रहे यूरिया के प्रयोग को नियंत्रित करने के साथ यूरिया के दुष्प्रयोगों को रोकने के उद्देश्य से भी यह कदम उठाया गया है। तमाम तरह के कदम उठाने व अभियान चलाने के बाद भी किसान अभी भी अपनी खेतों में जरूरत से कई गुना अधिक यूरिया का प्रयोग कर रहे हैं। प्लाई इंडस्ट्रीज समेत छपाई उद्योग, नकली दूध व अन्य रसायन से जुड़े उद्योग में भी यूरिया का प्रयोग हो रहा है जिसे रोकने के लिए सरकार ने पैकेट का वजन कम किया है तथा उसमें सल्फर मिलाया है। 17 प्रतिशत सल्फर मिश्रित होने से खेतों को लाभ मिलेगा। मिट्टी से सल्फर की कमी दूर होगी। फसलें हरी-भरी होने के साथ लहलहाएंगी।

## खबरें एक नजर में

### गाली-गलौज व मारपीट की चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** बढौरा गांव के शकील की पत्नी तकदीरन बेगम ने गांव के ही उन मोहम्मद, अनीस, फूल बाबू, सोहराब के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट एवं जान से करने के धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। तकदीरन बेगम ने बताया कि उनके खेत आरोपियों के मकान के पास है 22 जनवरी को आप ने खेत पर पति के साथ गई तो चारों लोग फसल बर्बाद कर रहे थे मना करने पर गली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

### पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मिल्किया निवासी विमल कुमार पुत्र नन्हेंलाल ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देखकर बताया है कि वह 28 जनवरी को खेत पर पानी लगाने गए थे। तभी उनकी पत्नी सोनी देवी उम्र 19 वर्ष बिना बताए घर से चली गई। जिसको काफी तलाश किया लेकिन पता नहीं चल सका है उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है।

### बाइकों की टक्कर में महिला और युवक घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** खुटार थाना क्षेत्र के गांव रामपुर कलां निवासी पुत्तू लाल का 25 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार पत्नी नीलम देवी उम्र 22 वर्ष को दवा दिलवाकर पुवायां से बाइक से घर जा रहे थे। वही खुदागंज थाना क्षेत्र के मोतियापुर गांव निवासी रूम सिंह का 35 वर्षीय पुत्र उर्वेश कुमार अपनी ससुराल पड़सर थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर 5 फरवरी को होने वाली साली की शादी में शामिल होने बाइक से जा रहा था। जानकारी के मुताबिक खुटार रोड स्थित सुखबीर एग्रो इनायतपुर के पास उर्वेश की बाइक ने पीछे से आनंद कुमार की बाइक में टक्कर मार दी पत्नी नीलम देवी गंभीर घायल हो गई।जबकि आनंद कुमार के हेलमेट लगा हुआ था जिस की वजह से आनन्द कुमार को मामूली चोट आई हैं। सूचना पर पहुंचे 108 एम्बुलेंस वाहन से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां लाया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायल नीलम और उर्वेश को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। तो वहीं आनंद कुमार को प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है।

### खानखाहे शमशिया पर बांटे गए दिव्यांगजनों को वस्त्र



**तिलहर-शाहजहांपुर।** शबे बारात के मौके पर खानकाहे शमशिया पर सर्व धर्म के करीब दो दर्जन दिव्यांग जनों को वस्त्र भेंट किए गए। मंगलवार दोपहर शहर इमाम मो स्वालेह उर्फ सद्दन मियां व सज्जादा नशीन इक़बाल हुसैन उर्फ फूल मियां की मौजूदगी में चांद मियां साबरी की ओर से आदर्श दिव्यांग कल्याण सेवा समिति शाहजहांपुर से जुड़े सर्व धर्म के दो दर्जन दिव्यांग जनों को वस्त्र भेंट किए गए। इस मौके पर शौकत मियां, वकार हातिमी , कलियर शरीफ के मलंग बाबा फरीद मियां, सौरभ गुप्ता रवि, आसिफ फरीदी, हाजी इरशाद खान, इमरान, समिति अध्यक्ष मुनीश कुमार वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ओवरलोड 9 वाहन के चालान तथा 2 सीज



**शाहजहांपुर।** परिवहन एवं खनन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध चलाए गये अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को खनन एवं ओवरलोड में प्रयुक्त विभिन्न वाहनों की जांच की गयी। जिसमें ओवरलोड 9 वाहन चालान तथा 2 वाहन सीज किये गये। इसके अतिरिक्त अवैध रूप से स्कूली बच्चों का परिवहन करने वाली एक ईको को टिकरी चौकी में सीज किया गया।

### युवक ने दबंगों पर मारपीट व धमकी देने का लगाया आरोप

**कांट-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के नगला बनवारी निवासी अरुण सिंह ने कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए काँट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए शारीरिक हमला किया, जिससे उसे चोटें आईं। शिकायत पत्र में पीड़ित ने बताया कि 31 जनवरी को शाम 5:00 बजे अपने गांव में तालाब बाले खेत पर था तभी मेरे गाँव के श्यामू, सुरेश, दीपू आये और मेरा फोन ले लिया। जब फोन बापस मागा तो गालियां देते हुये मारपीट की। मौके पर पहुँचे शुशील ने आकर मुझे बचाया। लेकिन इसके बाद 2 फरवरी 26 को को समय दोपहर 2 बजे श्यामू से पुनः फोन मांगने पर श्यामू ने 500 की दारू पिलाने एवम सुशील एवं संदीप को लाकर देने के बाद फोन देने को कहा। वही पीड़ित ने कहा कि घटना के बाद भी उसे लगातार धमकियां दी जा रही हैं, जिससे वह और उसका परिवार भयभीत है। पीड़ित ने कोतवाल से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### गायत्री शक्तिपीठ परिवार ने कराया गरीब परिवार की बेटी की शादी



**बंडा,शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव खंडपारी उमरापुर मे हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी 5 कुंडीय महायज्ञ का किया गया। आयोजन शक्तिपीठ से सुनासीर नाथ धाम तक कलश यात्रा ढोल लागडो के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। खंडपारी गांव के उत्तम यादव ने बताया की यह आयोजन हमारे गांव मे हर वर्ष बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। और बताया की यह 33 वा महायज्ञ है। सबसे बड़ी बात तो ये है की इस वर्ष महायज्ञ मे अनोखा दृश्य देखने को मिला एक गरीब बेटी का विवाह कराया गया। इस दौरान विद्वानों ने विधि-विधान से रस्म अदा कराकर जोड़े को आशीर्वाद दिया इस मौके पर गायत्री परिवार के कालीचरण यादव ने जोड़े की विधि-विधान से शादी कराई। फिर इसके बाद भंडारा कराया गया। भंडारे का प्रसाद को खाने से दूर दूर से भक्त गण आये। इस मौके पर प्रबंधक काली चरण यादव, हरिपाल यादव, प्रियंक, आराम्या यादव, सत्यम, ह्द्यांश अंशु, हैप्पी, अवनी यादव, ज्ञान प्रताप, पीके यादव, उत्तम यादव, नीरज यादव आदि हजारों भक्तगण उपस्थिति रहे।

### अज्ञात चोरों ने किराने की दुकान से हजारों की नकदी सहित सामान चुराया

**खुदागंज,शाहजहांपुर।** नगर के मेन रोड स्थित पुरानी बाजार में बीती रात चोरों ने एक किराने की दुकान को निशाना बनाते हुए पचास हजार रुपये से अधिक के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस घटना से व्यापारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला राठान निवासी मोहम्मद अफरोज की पुरानी बाजार में किराने की दुकान है। देर रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर दुकान के पीछे पड़ी खाली जगह से छत पर चढ़े और सीढ़ी के सहारे दुकान के अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने बड़ी इत्मीनान से दुकान में रखा सामान खंगालते हुए कीमती सामान समेट लिया। सुबह जब दुकानदार मोहम्मद अफरोज अपनी दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था, जिसके बाद चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित दुकानदार ने तत्काल थाना खुदागंज में घटना की सूचना दी। पीड़ित के अनुसार चोर लगभग 50 हजार रुपये से अधिक का किराना सामान चोरी कर ले गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। व्यापारियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

### नाबालिग लड़की भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के एक पीड़ित पिता ने 13 वर्षीय बेटी को देवेंद्र कश्यप नामक युवक द्वारा भगा लिए जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बरामद किए जाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बीती 30 जनवरी की शाम करीब छह बजे से उसकी बेटी लापता हो गई। उसने बताया कि उसके गांव में देवेंद्र कश्यप नामक युवक रिश्तेदारी में आता था । जिससे मोबाइल पर बात करते उसने बेटी को पकड़ लिया था। उसकी बेटी सोने की झुमकी, वेसर तथा मांग टीका व मोबाइल साथ ले गई है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि लड़की बरामदी के लिए पुलिस टीम को लगा दिया गया है।

# नाबार्ड निरीक्षण के दौरान वित्तीय सुदृढ़ीकरण व जोखिम प्रबंधन पर मंथन


▸ अध्यक्ष डीपीएस राठौर की अध्यक्षता में वित्तीय प्रबंधन और जोखिम बचाव पर हुई बोर्ड बैठक में चर्चा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अटल सभागार में बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह बैठक नाबार्ड द्वारा बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 (यथाप्रयोज्य सहकारी समिति) की धारा-35(6) के अंतर्गत किए जा रहे बैंक के सांविधिक निरीक्षण के दौरान आयोजित की गई। बैठक में नाबार्ड की निरीक्षण टीम और बैंक प्रबंधन के बीच गहन मंथन हुआ। चर्चा के दौरान निरीक्षण अधिकारियों ने बैंक की वित्तीय स्थिति के कुशल प्रबंधन और उसे और अधिक सुदृढ़ बनाने की रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिकारियों ने बैंकिंग विनियमन के तहत आवश्यक विभिन्न अनुपालनाओं की समीक्षा करते हुए, बैंकिंग क्षेत्र में आने वाले संभावित जोखिमों और उनसे बचाव के उपायों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए, ताकि बैंक की कार्यप्रणाली को सुरक्षित और पारदर्शी बनाए रखा जा सके। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने नाबार्ड अधिकारियों के सुझावों का स्वागत करते हुए बैंक को नई ऊँचाइयों पर ले जाने और खाताधारकों के हितों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्य निरीक्षण अधिकारी नाबार्ड बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ दिवेदी, डीसीबी उपाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति, नाबार्ड के निरीक्षण अधिकारी अनमोल त्यागी, बैंक डायरेक्टर अनुराग सिंह कठेरिया, नीतू सिहं, रोशनी देवी, पूनम मिश्रा, केके वर्मा, अरुण सिंह, उपमहाप्रबंधक राजेश कुशवाहा, शकील अहमद आदि सम्मलित हुए है।

## दुकानदारों की रोजी-रोटी छीनी जाएगी, तो करेंगे आंदोलनः तनवीर



**शाहजहांपुर।** कैंटोनमेंट इमली रोड पर लगभग 30 दुकानों के आगे सौन्दर्य करण व पार्क के नाम पर छावनी परिषद द्वारा दीवार उठाकर दुकानदारों की रोजी-रोटी से खिलवाड़ किया जा रहा हैं। जबकि इन दुकानों की जमीनों का अलॉटमेंट ओसीएफ की तरफ से किया गया था और जब दुकाने बनकर तैयार हो गई तो उसके बाद कैंटोनमेंट बोर्ड (छावनी परिषद) की तरफ से दुकानों के फ्रंट पर ही दीवार खड़ी करवाई जा रही हैं। जिससे दुकानों में ग्राहक नहीं पहुंच पाएंगे जिससे दुकानदारों पर उनकी रोजी-रोटी का बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा। सूचना मिलने पर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान मौके पर पहुंचे और दुकानदारों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों से मांग की है अगर इन दुकानदारों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और रोजी-रोटी छीनी जाएगी तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी। इस मौके पर ऋषभ दीक्षित, नरेश गुप्ता, राजू, रामकिशोर वर्मा, विसालत खान, अजीम खान, देवेंद्र मिश्रा, सुहेल, सिद्दीक खान, इमरान खान, सुनील मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, नितिन कुमार, आरिफ खान, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय प्रबंधक ने बांटे मशरूम प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र



**शाहजहांपुर।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में चल रहे मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार उपस्थित रहे, संस्थान के निदेशक विशाल शुक्ला ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संस्थान के निदेशक ने संस्थान में चल रहे असिस्टेंट बुक कीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान में इसी सप्ताह फास्ट फूड उद्यमी, महिला सिलाई, जूट उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इस दौरान संस्थान के संकाय सदस्य ब्रिजकिशोर यादव, कार्यालय सहायक मोहिनी राजवंशी, राहुल कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।

### गवाही देने आए ग्रामीण की तार से उलझ कर टूटी टांग

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** तहसील जलालाबाद क्षेत्र के गांव मनिहार निवासी प्रेमपाल ने एक जमीन खरीदी थी जिसकी वह रजिस्ट्री करवाने मंगलवार को जलालाबाद आए हुए थे और अधिवक्ता के पास अपने कागज तैयार करवा रहे थे। तभी उनकी जमीन की खरीद में गवाही देने आए 70 वर्षीय बुजुर्ग मनिहार निवासी केशव सीओ ऑफिस के सामने एक अधिवक्ता की बेंच पर बैठने जा रहे थे तभी पास में ही लगे तार से उलझ गए और वह जमीन पर गिर पड़े जिससे उनका एक पैर टूट गया और वह बेहोश हो गए। इसके बाद समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अधिवक्ता सूरजपाल यादव ने 108 डायल एंबुलेंस को फोन कर तहसील परिषद बुलाया और उसकी उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया।

## नवादिया धूसर खेतिहर इलाके में जुआं खेलते पांच दबोचे गए

▸ जुआरियों से 15 हजार 700 रुपए व ताश की गड्डी बरामद



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में आए दिन जुआ खेले जाने की शिकायतों पर पुलिस हरकत में आ गई । और एक गांव के खेतिहर इलाके में जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को धर दबोचा । जिनके कब्जे से 15 हजार 700 रुपए बरामद कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवदिया धूसर के खेतिहर इलाके में जुआ खेले जाने की मुखबिर की सूचना पर हल्का इंचार्ज हरिकिशोर मौर्य ने टीम के साथ दबिश देकर पांच जुआरियों को धर दबोचा। मौके से जुआ खेलते हुए ताश पत्तों की गड्डी के अलावा पकडे गये जुआरियों में खैरपुर निवासी अकबर पुत्र ईदू से 2400 रुपए, ग्वार गांव निवासी अहिवरन पुत्र बेचेलाल से 6700 रुपए, ग्वार के ही सुरजीत पुत्र देवेन्द्रपाल से 1100 रुपए, गांव शेरपुर निवासी ढाकनलाल पुत्र अर्जुनलाल से 500 रुपए तथा गांव बढ़ेपुर निवासी नाजिर अली पुत्र हमीद उल्लाह से 5000 रुपए बरामद हुए । पकड़ने बाली टीम में हेड कांस्टेबिल शैलेन्द्र कुमार व कांस्टेबिल अमित कुमार शामिल रहे।

## महुआ वैशाली, बिहार में ऐतिहासिक कवि सम्मेलन संपन्न

▸ बिहार में शाहजहांपुर के विजय तन्हा हुए सम्मानित

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




अन्तर्राष्ट्रीय कवि डॉ प्रीतम कुमार झा द्वारा जवाहर चौक, वी सेलिब्रेशन विवाह भवन बिहार में कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय सिंह व मुख्य अतिथि किशलय किशोर, विशिष्ट अतिथि डॉ शशि भूषण कुमार सिंह, दक्षिण अफ्रीका से पधारे दिनेश प्रसाद सिन्हा, अन्तर्राष्ट्रीय कवि डॉ प्रीतम कुमार झा ने मां शारदे के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। हास्य-व्यंग्य कवि विजय तन्हा, डा. गोविन्द गजब, सुधा सिंह, अमित श्रीवास्तव, संजय शर्मा, राजकुमार आशीर्वाद, रंजन शर्मा, विनोद हँसौरा द्वारा किए गए शानदार काव्य पाठ पर श्रोताओं ने करतल ध्वनि के साथ में उत्साहवर्धन किया और कविताओं की सराहना की। डॉ रेणु शर्मा, सुमित सहगल, अमर गुप्ता, संरक्षक, नरेंद्र कुमार झा, संयोजिका डॉ रीना मिश्रा, संचालक संजय शर्मा, वर्षा कुमारी झा, प्रमोद झा, जिला परिषद प्रतिनिधि, रंधीर सिंह, अभय कुमार आर्य, गुलटेन धनंजय सिंह, राजकमल जायसवाल, गौरव झा, गोविन्द बल्लभ, रजनी प्रभा, डॉ एम सुषमा, डॉ बबिता सिंह, डॉ प्रतिभा पाराशर, हेमांषण अकित, वर्षा ठाकुर, सुनील सौम्य, अनिल अनिवार्य, नागेंद्र मणि, मुस्कान केशरी, देवी नारायण झा, संस्कृत कवि अविनाश पांडे, पूनम यादव आदि ने रचना पाठ किया। इस अवसर पर बिहार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय सिंह के कर कमलों द्वारा कवियों का माल्यार्पण, शाल्यार्पण व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। संजय शर्मा ने शानदार मंच संचालन कर कवि सम्मेलन को ऊंचाइयों तक पहुंचाया और अंत में राष्ट्र गान से समापन किया गया। कार्यक्रम आयोजित डा. प्रीतम कुमार झा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### अलंकार अग्निहोत्री का शाहजहांपुर में हुआ स्वागत



**शाहजहांपुर।** विगत दिनों यूजीसी के विरोध में सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री इस्तीफा देने के बाद चर्चा में आए थे। मंगलवार को वह शाहजहांपुर से गुजर रहे थे, जहां पर अधिवक्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह सवर्ण समाज की लड़ाई मरते दम तक लड़ने का काम करें। विगत दिनों यूजीसी पर चर्चा में आए बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का आज बीसलपुर जाते समय युवा अधिवक्ताओं ने गवर्मेंट कॉलेज तिराहे पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि सवर्ण समाज की लड़ाई लड़ने के लिए मैने बड़ा त्याग किया है। इस लड़ाई को वह मरते दम तक लड़ता रहेंगे। स्वागत करने वाले में प्रमुख रूप से रामजी अवस्थी, गौरव त्रिपाठी, पंडित कुशाग्र मिश्रा, सोनू अवस्थी, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, शोभित मिश्रा सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

## एस.एस. कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न

**शाहजहांपुर।** राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश एवं स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का विषय ड्रग्स उन्मूलन और साइबर क्राइम था, जिस पर विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर एवं सृजनात्मक चित्रण प्रस्तुत किया। यह प्रतियोगिता डॉ. प्रज्वल पुंढीर के संयोजन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रदीप शर्मा एवं डॉ. मंजू सिंह रहे। प्रतियोगिता में अंशुल वर्मा (प्रथम स्थान) एस.एस. कॉलेज निखिल (द्वितीय स्थान) लखनऊ कशिश वर्मा (तृतीय स्थान) बरेली कॉलेज, बरेली रुचि देवी (सांत्वना पुरस्कार) एस.एस. कॉलेज प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को 10 फरवरी को आयोजित होने वाले समापन समारोह में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो राकेश आजाद, प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्रा, प्रो. अनुराग अग्रवाल, प्रो. शालीन कुमार सिंह, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. विनीता श्रीवास्तव, डॉ. नमिता शुक्ला , डॉ. अर्चना गर्ग सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रज्वल पुंढीर ने सभी अतिथियों, निर्णायकों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रोजा पावर ने नेत्र शिविर का आयोजन कर बांटे चश्में

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




रोज़ा पावर द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए परियोजना प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रसार हेतु सतत् प्रयत्न किया जाता रहा है। प्रति वर्ष मेगा हेल्थ कैंप के साथ आँखों की जाँच के लिए शिविर आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष गाँव चौढेरा, कनेंग, जलालपुर बेहटी एवं परमाली में आँखों की जाँच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भावलखेड़ा के सहयोग से जनवरी माह में 320 लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण करके 182 लोगों को चश्मे देने के लिए चयनित किया गया था। ग्राम चौडेरा में 57, कनेंग में 72, जलालपुर बेहटी में 16 और परमाली में 37 लोगों को निःशुल्क चश्मों के लिए चयनित किया गया था। मोतियाबिंद के लिए भी 88 मरीज़ों को चिन्हित किया गया है जिनका ऑपरेशन उनकी इच्छानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भावलखेड़ा के सहयोग से कराया जाएगा। चश्मे के लिए चयनित सभी लाभार्थियों के बीच विगत दो दिनों में चश्मों का वितरण किया गया। रोज़ा पावर के सी एस आर प्रमुख कुमार अवनीश ने आज चश्मा वितरण का समापन ग्राम परमाली से किया। इस अवसर पर उन्होंने चश्मा वितरण के साथ लाभार्थियों को चश्मे की उपयोगिता एवं उसके रख रखाव के बारे में जानकारी दी। चश्मा पाने वाले लाभार्थियों ने रोज़ा पावर की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जनता को निरंतर लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर रोज़ा पावर से राजीव सिंह, विनोबा सेवा आश्रम से अंकित मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, किशन सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

### पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज के भवन का होगा जीर्णोद्धारा

▸ 292.99 लाख स्वीकृत, मंत्री जेपीएस राठौर की व्यक्तिगत रुचि के कारण मिली कालेज को सौगात

**शाहजहांपुर।** पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज के भवन के जीर्णोद्धार, सुदृढीकरण व मरम्मत कार्यों हेतु उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम के सीएसआर मद से 292.99 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। सहकारिता मंत्री जेपी एस राठौर द्वारा व्यक्तिगत रुचि के कारण विद्यालय को यह सौगात प्राप्त हुई है। मंत्री विद्यालय के पुरातन छात्र रहे हैं, उन्होंने वर्ष 1984 में हाईस्कूल व वर्ष 1986 में इंटरमीडिएट की परीक्षा इसी विद्यालय से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की थी। मंत्री विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहे हैं एवं उन्हीं के प्रयासों से विद्यालय में लगभग 800 मीटर लंबी नवीन चहारदीवारी, 02 नए मुख्य प्रवेश द्वार, प्रवेश द्वारों से विद्यालय के समस्त ब्लॉकों को जोड़ते हुए आंतरिक आरसीसी मार्गों का निर्माण, मुख्य भवन की ऐतिहासिकता को संरक्षित रखते हुए मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाना, पूरे भवन में टायलीकरण व विद्युत की नवीन वायरिंग कराया जाना जैसे अन्य कार्य सम्मिलित हैं। मंत्री द्वारा विद्यालय विकास हेतु एकमुश्त धनराशि स्वीकृत करने हेतु छात्रों समेत समस्त विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल एवं विद्यालय स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने प्रधानाचार्य अनिल कुमार के नेतृत्व में विद्यालय सभागार में बैठक आयोजित कर मंत्री के प्रति कृतज्ञता के साथ आभार व्यक्त किया।

## सरकार जनता की समस्याओं का समाधान कराने में विफलः उदयवीर

▸ बसपा की सिंधौली में हुई बैठक, कई लोगों ने बसपा की सदस्यता ली

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे में बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक पूर्व फौजी उमेश सिंह चौहान के आवास पर संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने सभी नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। बसपा में शामिल होने वालों में पूर्व फौजी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता था एवं हिंदू युवा वाहिनी में क्षेत्रीय मंत्री के तौर पर कार्य कर चुका है। परंतु भारतीय जनता पार्टी के लोगों से उचित सम्मान नहीं मिला मंत्रियों एवं विधायकों की मीटिंग कराने के बाद भी हमारे किसी कार्यकर्ता को कोई सम्मान नहीं मिला जिससे आहत होकर आज हमारे समाज के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बसपा में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए बसपा के सदस्यता ग्रहण कर ली है। जितेंद्र सिंह, रितिक सिंह, बांकेलाल गौतम, संतराम गौतम, अखिलेश राठौर, मुकुट बिहारी यादव आदि ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि केवल 5 किलो राशन और सम्मान निधि से आम जनता का भला नहीं हो सकता। उन्होंने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शासन भी जनता की समस्याओं का समाधान करने में विफल साबित हो रहा है। उदयवीर सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि जब हमारी बहन मुख्यमंत्री थी। तभ वह स्वयं गांव गांव जाकर समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से देखी थी और उनका समाधान करती थी। उन्होंने दावा किया कि बसपा की हवा चल रही है और सरकार भी बसपा की ही बनेगी। उन्होंने एक नारा भी दिया सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय। बैठक का संचालन विधानसभा उपाध्यक्ष आसिफ अली मंसूरी ने किया। इस दौरान मुकुट बिहारी यादव, मनीष सिंह, सुंदरलाल गौतम, राम सिंह गौतम, रितिक सिंह, विधानसभा प्रभारी ठाकुर नरेंद्र प्रताप सिंह, संतान पाल गौतम, प्रमोद गौतम, अजीम अहमद, निराशा गौतम, राजेश्वर दयाल, संतराम गौतम आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### स्मैक पाउडर के साथ तस्कर गिरफ्तार



मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कटरा पुलिस ने 54 ग्राम स्मैक पाउडर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कटरा की पुलिस टीम 2 फरवरी 26 को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी में भ्रमणशील थी। तभी मुखबिर की सूचना पर समय करीब 15 बजकर 3 मिनट पर हुलास नगला पुल समाप्त होने के बायीं ओर 40 कदम की दूरी पर एक अभियुक्त मुजीब पुत्र अनीस उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मोहल्ला नादिरशाह कस्बा व थाना कटरा को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से 54 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद हुआ। अभियुक्त मुजीब पुत्र अनीस ने पूछने पर पुलिस को बताया कि यह स्मैक मै गुड्डू कुरैशी पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला नादिरशाह इस्लामनगर कस्बा व थाना कटरा से लाया था और हुलास नगला पुल के पास आने जाने वाले ट्रक ड्राईवरों को बेच देता था आज भी मै स्मैक बेचने की फिराक में पुल के बायें ओर खड़ा था। स्मैक बेचने से जो मुनाफा मिलता है उससे अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, उ.नि. सुखपाल सिंह, का. आशीष कुमार, अंकित नेहरा, योगेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



शाहजहांपुर। तहवरगंज में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस कथा स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। बाल कथाव्यास पंडित मोहित शास्त्री के श्रीमुख से प्रवाहित भागवत कथा के अमृत वचनों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कथाव्यास पंडित मोहित शास्त्री ने भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल श्रवण का विषय नहीं, बल्कि जीवन की सही दिशा देने वाली दिव्य मार्गदर्शिका है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भागवत के श्रवण और अनुसरण से असंख्य प्राणियों का उद्धार संभव हुआ है। कथा के माध्यम से सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। प्रथम दिवस कथा के दौरान भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। दिल में तू श्याम नाम की ज्योति जला के देखउजैसे भजन पर श्रद्धालु भावनाओं में डूबकर झूम उठे। कथा पंडाल जयकारों और भक्ति रस से गूंज उठा। कथा स्थल पर वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण के साथ भजन-कीर्तन का आनंद लिया और धर्ममय वातावरण में स्वयं को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण महसूस किया।

### उद्योग व्यापार मंडल ने विद्युत विभाग की मनमानी को लेकर खोला मोर्चा, सीएम को ज्ञापन भेजा



पूरनपुर, पीलीभीत। उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग की मनमानी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को 19 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार पर रोक लगाये जाने की मांग की है। जिसको लेकर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिला स्तर समेत तहसील स्तर पर विरोध कर ज्ञापन सौंपा। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एम ए जिलानी के निर्देश पर उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने पीलीभीत में मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा जिस ज्ञापन में बताया गया है कि विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार फैला हुआ है जिससे आम नागरिक काफी परेशान है। व्यापारियों ने प्रीपेड विद्युत मीटर की खामियां और विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठाएं व्यापारियों के द्वारा मुख्यमंत्री को 19 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर सभी समस्याओं का सामाधान कराए जाने की मांग की है। इसी प्रकार पूरनपुर में भी उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन बिजली विभाग से संबंधित पूरनपुर उप जिला अधिकारी को सौंपा। यहां भी उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग में मनमानी को लेकर जमकर विरोध किया। व्यापारियों ने मांग की है जितनी बिजली उतना बिल के आधार पर प्रीपेड मीटर चालु किए जाए जिन बिजली उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर लगने के बाद भी अधिक बिजली बिल ए रहा है उस सही कराया जाए विद्युत उपभोक्ताओं को बेबजहा परेशान ना किया जाए।

# आयुक्त ने किया निर्माणाधीन रोड़ का निरीक्षण

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



शहर के मोहल्ला दीवान जोगराज में निर्माणाधीन रोड का नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्रा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की स्थिति को देखा व सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोधीपुर में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय सफाई व्यवस्था देखी, सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि सफाई व्यवस्था बेहतर रखने हेतु नियमित सफाई कार्य कराए। साथ ही एक सूखा व गीला कचरा अलग-अलग कर नगर निगम द्वारा संचालित कूड़ा वाहन गाड़ी को देने की अपील की गई। महानगर क्षेत्र के रेती रोड पर ग्रीन वैली स्कूल के सामने वाली रोड पर जल भराव की समस्या के निस्तारण हेतु सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जलभराव की स्थायी समाधान हेतु सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रधान संगठन ने महिला द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ तहसीलदार-थानाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



जलालाबाद, शाहजहांपुर। जलालाबाद के ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार दोपहर 2 बजे तहसीलदार अनुराग दुबे और थाना प्रभारी राजीव तोमर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम खंडहर निवासी एक महिला पर पेशेवर शिकायतकर्ता होने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन के अनुसार यह महिला ग्राम प्रधानों व कर्मचारियों के खिलाफ झूठी शिकायतें कर उन्हें बदनाम करने और धन उगाही का प्रयास करती है। वह अक्सर अपमानजनक व अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकाती है। महिला ने पहले खंड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत सचिवों पर उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाए थे। 28 जनवरी 2026 को भी विकासखंड कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों व कर्मचारियों को रिश्वतखोरी के झूठे इल्जाम लगाए। पदाधिकारियों का कहना है कि ऐसी शिकायतों से ईमानदार लोगों का काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह, प्रधान रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर: सुनवाई स्थल बने पाठशाला, मतदाता लगा रहे हाजिरी

- एक लाख 70 जारी नोटिस में 45 फीसदी मतदाताओं की सुनवाई पूरी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर एसआईआर में नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया जारी है। जिन सुनवाई स्थलो पर एईआरओ द्वारा बैठकर मतदाताओं के नोटिस की सुनवाई की जा रही है, वहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में मतदाता पहुंचकर अपनी हाजिरी लगा रहे और नोटिस के निस्तारण को अपनी आईडी प्रूफ भी फोटो कॉपी कराकर बीएलओ, एईआरओ को सौंप रहे हैं। जिससे कि उनका नाम मतदाता सूची में बरकरार रहे। हालांकि कही कही तो भीड़ इस कदर हो रही है कि घंटों मतदाताओं को सुनवाई स्थल पर बैठकर अपना इंतजार भी करना पड़ रहा है। मानो सुनवाई स्थल का हाल पाठशाला जैसा दिख रहा है, जहां पर एईआरओ बैठकर आने वाले लोगों की सुनवाई बारी बारी से कर रहे है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि एसआईआर में 1 लाख 70 हजार मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे। जिनमें अब तक 45 फीसदी कार्य पूरा अर लिया गया है।

# संयुक्त नगर आयुक्त ने संभव में सुनी शिकायतें

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 06 समस्यायें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 1 समस्या का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधिगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# समस्याएं न सुने जाने से पीस कमेटी बैठक बनी मखौल का पर्याय

- व्यापारी नेताओं, सभासदों व गणमान्यों ने कर दिया बहिष्कार

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



होली व अन्य त्योहारों को लेकर कोतवाली में आयोजित की गई पीस कमेटी उस समय मखौल बनकर रह गई जब बैठक व्यापारी नेताओं द्वारा नगर में जाम की समस्या को रखे जाते ही अधिकारियों ने समस्या दुकानदारों पर ही मढ़ दी। अधिकारियों के इस रवैए से आहत हो व्यापी नेता गण , सभासद व अन्य गणमान्य बैठक का वहिष्कार कर चले गए। मंगलवार अपरान्ह चार बजे सीओ ज्योति यादव के सानिध्य में बैठक शुरू हुई । इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों से शबे बारात की जानकारी ली गई। इसी बीच एसडीएम सदानंद सरोज भी पहुंच गए और मौजूद लोगों से त्योहारों में किसी भी समस्या के लिए आमंत्रित किया गया। व्यापार मंडल मिश्रा गुट के महामंत्री चांद अंसारी ने माइक पर ज्यों ही अभिवादन रस्म शुरू की ही थी कि इसी दौरान एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे भी बैठक में जा पहुंची । और एसपी ग्रामीण ने केवल त्यौहार की समस्या बताने को कहा। चांद अंसारी ने अपमानित महसूस करते हुए माइक रख दिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू ने नगर में जाम की समस्या को उठाया। इस पर अधिकारियों ने इस समस्या का दुकानदारों द्वारा उत्पन्न किए जाने का करार दिया। इस पर मामूली नोकझोंक भी हुई । और व्यापार मंडल मिश्रा गुट अध्यक्ष हितेश गुप्ता, महा मंत्री चांद अंसारी, व्यापार मंडल कंछल गुट अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि , सभासद अकरम पाला, सभासद कयूम खान, प्रधान शकील अंसारी समेत कई लोग उठकर कोतवाली से बाहर चले गए। व्यापारी नेताओं ने एक स्वर में बताया कि जब उनकी मुख्य समस्या को सुनने को ही कोई तैयार नहीं है तो ऐसे में उनका बैठक में रहना ही उचित नहीं । व्यापारी नेताओं का आरोप है कि उनसे यह भी खुश दिया गया कि क्या हर पचास मीटर पर पुलिस कर्मी लगा दिया जाये ,जो संभव नहीं है । बोले हम सभी ने बैठक का वहिष्कार कर दिया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि ने आक्रोशित लहजे में कहा कि त्योहारों पर सड़कों पर जाम , पानी , बिजली आदि की समस्या को भी यदि नहीं सुना जाएगा तो फिर पीस कमेटी की बैठक किया जाना पूरी तरह से औचित्य हीन है। गौरतलब है कि तत्कालीन कोतवाल राकेश कुमार के आयोजकत्व में भी हुई पीस कमेटी बैठक में एसपी ग्रामीण के पहुंचते ही व्यापारी नेताओं की बात न सुने जाने और माइक बंद कर दिए जाने के चलते चंद मिनटों में ही बैठक खत्म कर दी गई थी। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने इस बाबत कोई भी टिप्पणी से इनकार कर दिया।

### ओबीसी महासभा पूरनपुर ने यूजीसी के समर्थन में भरी हुंकार, सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर, पीलीभीत। ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं की ओर से यूजीसी लागू किए जाने के समर्थन में प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सोपा गया। जिस ज्ञापन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश राज्यपाल से यूजीसी पूर्ण रूप से लागू किए जाने की मांग की गई। 3 फरवरी को पूरनपुर तहसील सभागार ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता पहुंचे ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी कानून लागू किए जाने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी पूरनपुर को राष्ट्रपति और राज्यपाल उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के दौरान एडवोकेट विकास सागर, नरेश पाल गौतम, रामलाल गौतम, लाल बहादुर कोहली, दामोदर यादव, ओम प्रकाश यादव, हरिओम कुशवाहा सहित ओबीसी समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# गृह व जलकर वृद्धि को लेकर पालिका कर्मियों ने एसडीएम से की मुलाकात

जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी एच एन उपाध्याय व समस्त नगर पालिका कर्मचारी उपजिलाधिकारी प्रभात राय से मुलाकात करने एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान नगर में शासन द्वारा बढ़ाए गए गृहकर एवं जलकर को लेकर विस्तार से बातचीत की गई।घ्मुलाकात के दौरान अधिशासी अधिकारी व कर्मचारियों ने उपजिलाधिकारी को अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार गृहकर व जलकर में की गई वृद्धि को लेकर नगर के कुछ लोगों के द्वारा विरोध किया जा रहा है एवं लगातार पालिका कर्मियों के विरुद्ध एवं अधिकारियों के विरुद्ध गलत भाषा का प्रयोग किया जा रहा है,इस विरोध के दौरान कई बार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करना लोगों के लिए आम बात हो चुकी है... जो बेहद निंदनीय है और कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित करता है। पालिकाकर्मियों ने बताया कि वे शासन के आदेशों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें विरोध अभद्र भाषा गाली गलौज आदि अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने इस विषय में प्रशासन से सहयोग और सुरक्षा की मांग की, ताकि वे बिना किसी दबाव के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उपजिलाधिकारी प्रभात राय ने कर्मचारियों की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शेरपुरकलां में उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी के द्वारा पशुओं का किया गया टीकाकरण

**पूरनपुर, हमीरपुर।** पशुचिकित्सा विभाग लगातार पशुओं में होने वाली खुरपका-मुंहपका जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास कर रहा है इसी क्रम में पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने शेरपुर कला गांव में पहुंचकर पशुलको के घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण किया। बृहस्पतिवार को भारत सरकार द्वारा पशुओ में होने वाली गंभीर बीमारी खुरपका-मुंहपका की रोकथाम को चलाए जा रहे टीकाकरण को लेकर उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष शर्मा अपनी टीम के साथ गांव शेरपुर कलां पहुंचे जहां पर उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की अगुवाई में घर-घर जाकर डॉक्टरों की टीम ने पशुपालकों के पशुओं का टीकाकरण किया। उपमुख पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालकों को टीकाकरण करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भारत सरकार लगातार पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास कर रही है जिसके लिए अभियान चलाकर टीकाकरण किया जा रहा है पशुपालकों को टीकाकरण अवश्य कराना चाहिएं। इस दौरान औ अप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशीष कुमार शर्मा, हाजी रियाजत नूर खां, जफर खान, बबलू, अदनान रजा खान, सुभान रजा खान, रोहन रजा खान, समी खान, महेंद्र यादव, भैया लाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सात दिवसीय प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में सात दिवसीय प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके हुआ। संगीत विभाग की डॉ कविता भटनागर, काजल मिश्रा और संजीत कुमार ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बी.कॉम की छात्रा दीया गुप्ता और कशिश रोहरा ने सभी अतिथियों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया। विभाग के शिक्षकों डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ कमलेश गौतम, डॉ गौरव सक्सेना, डॉ विजय तिवारी, डॉ अजय वर्मा, डॉ संतोष सिंह, अपर्णा त्रिपाठी और डॉ सचिन खन्ना ने अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य डॉ. आर. के आजाद ने स्वागत भाषण में कहा कि युवा उद्यमियों कि शुरुआत छोटी हो सकती है, संसाधन सीमित हो सकते हैं, किन्तु उनका दृष्टिकोण बड़ा होना चाहिए। मुख्य वक्त के.एम. सी.भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. नीरज शुक्ला ने कहा कि आज का समय अवसरों से भरा हुआ है। तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल प्लेटफॉर्म आदि हर क्षेत्र में नए दरवाजे खुल रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कुछ लोग इन अवसरों को पहचानते हैं और आगे बढ़ते हैं, जबकि कुछ लोग इंतज़ार करते रह जाते हैं। नेता इंतज़ार नहीं करते, वे पहल करते हैं। इसी विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डा मनीष कुमार ने कहा कि जोखिम उठाने की क्षमता, नया करने की इच्छा और सकारात्मक सोच सफलता का मूल मंत्र होते हैं। विशिष्ट अतिथि सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय के आगरा क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी राजन यादव ने भारत सरकार द्वारा रोजगार व उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा उद्यमियों को संसाधनों की कमी से घबराना नहीं चाहिए। इतिहास गवाह है कि बड़े बदलाव हमेशा बड़े संसाधनों से नहीं, बल्कि बड़े संकल्प से होते आए हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एके मिश्रा ने कहा कि युवा उद्यमी केवल अपने परिवार का नहीं, बल्कि इस देश के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए बड़े सपने देखिए, मेहनत कीजिए, असफलता से सीखिए और उद्यमिता के क्षेत्र में नेतृत्व कीजिए। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यशाला के संयोजक प्रो. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि कल्पना शक्ति और निरंतर परिश्रम उद्यमी की सफलता का आधर होती है। डॉ रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम के अंत में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के मध्य शैक्षिक क्रियाकलापों के लिए एक एम ओ यू भी हस्ताक्षर किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत से हुआ। कार्यक्रम में ब्रज लाली चौबे, डॉ मोहनी शंकर, पोथीराम सिंह, अखंड प्रताप सिंह, डॉ बालवीर, डॉ अर्चना गर्ग, डॉ विनीता राठौर, डॉ गौरव शर्मा, डॉ केशव शुक्ला, डॉ मानवेंद्र सिंह वर्मा, डॉ राजीव कुमार, डॉ राम शंकर पांडेय, डॉ सुखदेव, डॉ आशीष गोयल, डॉ विजय गुप्ता, सोमना पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# जरा में सरकार का चला बुलडोजर, सड़क के किनारे अतिक्रमण को किया ध्वस्त

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।




उत्तर प्रदेश सरकार लगातार अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई कर रही है लेकिन इस कार्रवाई के बावजूद यूपी में अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों पर रोक नहीं लग पा रही है या यूं कहें कि अधिकारी अतिक्रमण करने से पहले कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं यही कारण है कि पहले अतिक्रमण हो जाता है फिर उसके बाद में प्रशासनिक अधिकारी बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाकर वाहवाही लूट लेते हैं। गजरौला थाना क्षेत्र के जरा में लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन के द्वारा नेशनल हाईवे के किनारे अवैधरूप से कब्जा कर दुकान लगाने पर कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक अवैध अतिक्रमण हटाने से पहले प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से तीन बार अतिक्रमण करने वालों को आक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था तीन बार नोटिस जारी करने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने बुलडोजर से खोखा, और टीनशैड डालकर बनाई गई दुकानों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया।

# कंपोजीट विद्यालय चंदोई में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश अनुसार जनपद पीलीभीत में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड मरौरी के ग्राम भमोरा के न्यू लाइफ चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल एवं ग्राम खरोसा एवं चंदोई के उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा ग्राम बक्शपुर के प्राथमिक विद्यालय में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के पर्यवेक्षक राहुल मौर्य के द्वारा बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे बताया गया, साथ ही बताया गया कि बच्चे की शिक्षा में प्राथमिकता होनी चाहिए उसके उपरांत ही वह अन्य कार्यो को जीवन में सुचारु रूप से कर सकेंगे। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि वह स्वयं भी आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह करेंगे एवं आस-पास आम जन को भी बताएंगे कि वह बाल विवाह न करें।तत्पश्चात विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को विभागीय योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, की जानकारी दी गई, साथ ही बाल विवाह न करने हेतु शपथ ली गई एवं हेल्पलाइन नंबर 1098 181, 1090,112,108 एवं 1076 आदि की जानकारी दी गई वहां उपस्थित शिक्षक एवं बच्चों को बताया की यदि आपको आपके आसपास कोई भी बाल विवाह,बाल श्रम, गुमशुदा, लापता बच्चों की सूचना प्राप्त हो तो आप इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं संबंधित थाने को दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण से आया विजयलक्ष्मी व स्कूल के प्रधानाचार्य साजदा खातून व अध्यापकगण उपस्थित रहे हैं।

## सकारात्मक बदलाव का बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2026-27 के संघीय बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए कुल 1,39,289.48 करोड़ का अनुमानित प्रावधान किया गया है, जो विकसित भारत-2047 की मजबूत नींव रखने वाला कदम माना जा रहा है। यह राशि कुल बजट व्यय का लगभग 2.6 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष के बजट अनुमान से 8.27 प्रतिशत अधिक है तथा शिक्षा मंत्रालय के लिए अब तक का सर्वाधिक आवंटन है। हालांकि, यह धनराशि एनईपी-राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य (शिक्षा पर जीडीपी का 6 प्रतिशत व्यय) से काफी कम है लेकिन वृद्धि मुद्रास्फीति से ऊपर होने के कारण एनईपी के क्रियान्वयन, विशेषकर अनुसंधान, नवाचार, स्किलिंग तथा शिक्षा-रोजगार संबंध स्थापित करने के क्षेत्रों में गति प्रदान करेगी। इस कुल आवंटन को शिक्षा मंत्रालय के दो प्रमुख विभागों में विभाजित किया गया है। पहला- स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को 83,562.26 करोड़ (6.35 प्रतिशत की वृद्धि) और दूसरा- उच्च शिक्षा विभाग को 55,727.22 करोड़ (11.28 प्रतिशत की वृद्धि)। यह वृद्धि एनईपी के मूल सिद्धांतों- पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य तथा जवाबदेही को सशक्त बनाती है, जहां शिक्षा को बहु-विषयी, लचीली, कौशल-आधारित और समावेशी बनाने पर बल दिया गया है। स्कूल शिक्षा में अब तक का सर्वोच्च आवंटन एनईपी के प्रारंभिक से माध्यमिक स्तर तक की एकीकृत शिक्षा को मजबूत करता है। समग्र शिक्षा अभियान को 42,100 करोड़ प्राप्त हुए हैं, जो पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 12 तक निरंतर शिक्षा, बुनियादी ढांचा विकास, शिक्षक प्रशिक्षण तथा डिजिटल क्लास रूम पर केंद्रित है। पीएम पोषण योजना को 12,750 करोड़ मिले हैं, जो 11 करोड़ से अधिक बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर उपस्थिति बढ़ाती है और कुपोषण घटाती है, जो एनईपी के समग्र विकास लक्ष्य से संरेखित है। केंद्रीय विद्यालय संगठन को 10,129 करोड़ तथा नवोदय विद्यालय समिति को 6,025 करोड़ आवंटित किए गए हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देते हैं। नवाचार को स्कूल स्तर पर एकीकृत करने के लिए अटल टिंकरिंग लैब्स को 3,200 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष के 500 करोड़ से उल्लेखनीय छह गुना वृद्धि है। ये लैब्स छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करती हैं तथा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) आधारित प्रोजेक्ट्स पर कार्य करती हैं, जिससे ड्रॉपआउट दर घटेगी और विज्ञान में रुचि बढ़ेगी। एनईपी के डिजिटल एवं क्रिएटिव शिक्षा फोकस को देखते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज, मुंबई के सहयोग से 15,000 माध्यमिक स्कूलों तथा 500 कॉलेजों में एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स) कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित की जाएंगी। यह 'ऑरेंज इकोनॉमी' को मजबूत करेगा तथा छात्रों को प्रारंभिक स्तर से अनुसंधान-आधारित क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स में शामिल करेगा। उच्च शिक्षा में एनईपी का बहु-विषयी तथा अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण प्रमुख है।

# क्या ट्रम्प विश्व युद्ध के भयंकर परिणामों से परिचित हैं?



ट्रम्प की 'बाडी-लैंग्वेज' से तो नहीं लगता कि उन्हें युद्ध के भयानक परिणामों का ज्ञान हो। यह तो ठीक है कि अमरीका की 'राजनीतिक- दादागिरी' सब देशों पर भारी है लेकिन विश्व के राजनेता उन देशों की लिस्ट तो निकाल कर पढ़ें जिन्हें अमरीका की दादागिरी ने तबाह कर दिया। अमरीका की विस्तारवादी राजनीति आज दुनिया को तृतीय विश्व युद्ध की ओर धकेल रही है। वेनेजुएला, जो एक 'प्रभुसत्ता-सम्पन्न' राष्ट्र है, उसके राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी को हाथों-पैरों में बेड़ियां डाल कर अमरीका की खतरनाक जेल में बंद कर देना, एक घृणित दादागिरी है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफइसलिए लगाया कि भारत अपनी तेल आपूर्ति के लिए, रूस से पैट्रोल-डीजल खरीद रहा है। एक अन्य देश 'ग्रीनलैंड' पर इसलिए अमरीका अपना कब्जा जमाना चाहता है क्योंकि 'ग्रीनलैंड' की सीमा अमरीका से लगती है। तेल की खातिर ईरान में आग लगा रखी है। आज तक 2500 लोग ईरान के इन दंगों में अपनी जान गंवा चुके हैं। अमरीका ईरान में उपद्रवियों की पीठ थपथपा रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प का ताली बजाना, दोनों मुट्ठियों को बंद कर हवा में लहराना यही इंगित करता है कि आज दुनिया में कोई अमरीका का मुकाबला नहीं कर सकता। अमरीका थानेदार है और दुनिया को उसका हुक्म मानना ही होगा। जो नहीं मानेगा, उस देश का हाल 'वेनेजुएला' जैसा होगा। अमरीका ने अपनी तेल की भूख मिटाने के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध में घी डाल रखा है। दुनिया सुन रही है कि ट्रम्प 'रूस-यूक्रेन' युद्ध को समाप्त करने के लिए 'मध्यस्थ' की भूमिका निभा रहे हैं लेकिन ट्रम्प 'रूस-यूक्रेन' युद्ध को समाप्त क्यों करवाएंगे? ट्रम्प भारत के विरुद्ध बंगलादेश और पाकिस्तान की पीठ थपथपा रहे हैं। पाकिस्तान के 'फील्ड-मार्शल' मुनीर को राष्ट्रपति भवन में रात्रि भोज दे रहे हैं। तीनों देशों-भारत बंगलादेश और पाकिस्तान को एक-दूसरे से लड़ाने की योजना बना रहे हैं। यहीं बस नहीं, अमरीका ने झूठे आरोप लगा कर कि ईराक ने 'रासायनिक-औजार' छिपा रखे हैं, ईराक के लोकप्रिय नेता निरपराध सद्दाम हुसैन को फांसी पर लटका दिया था। लिबिया के तानाशाह कर्नल गद्दाफी को सन्देहास्पद परिस्थितियों में मार दिया गया। अमरीका ने सोमालिया, सीरिया, फिलिस्तीन में 'गाजा-पट्टी' क्षेत्र को कब्रगाह बना दिया। इसराईल और हिजबुल्ला से सन्धि ही नहीं होने दी। पाठकवृंद, क्या आप जानते हैं कि 2025-26 में अमरीका का 'रक्षा-बजट' 895 अरब डालर है जिसके बल पर अमरीका 'मेमने' की तरह कभी भी किसी भी देश को झूठे इल्जाम लगा कर हड़प सकता है? अमरीका ने वियतनाम से लड़ाई लड़ी, अफ्गानिस्तान में वर्षों तालिबानों से युद्ध किया परन्तु दोनों देशों में उसकी शर्मनाक हार हुई। शायद अमरीका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प युद्ध के परिणाम नहीं जानते होंगे। उन्होंने किसी युद्ध का सामना किया होता तो यकीनन संभावित 'तृतीय विश्व युद्ध' से तौबा कर लेते। युद्ध तो स्वयं एक समस्या है, वह समस्याओं को कैसे हल करेगा। युद्ध अपने पीछे तबाही के मंजर छोड़ जाता है। नौजवान सैनिक युद्ध में मारे जाते हैं। पीछे रह जाती हैं उनकी बेसहारा विधवाएं, बूढ़े, निरीह प्राणी और बिलखते बच्चे। विश्व युद्धों के बाद भयानक परिणाम होते हैं, जैसे बड़े पैमाने पर जन हानि, शारीरिक-क्षति, अर्थ-व्यवस्था का पतन, राजनीतिक उथल-पुथल, सामाजिक बदलाव, महिलाओं का हृदय-विदारक रूदन-क्रंदन, बच्चों की चीखो-पुकार, शरणार्थियों को बसाने की समस्या। साम्राज्य टूट जाते हैं, जैसे आटोमन और ऑस्ट्रो-हंगेरियन लापता हो गए, नए देश बनने लगते हैं, सीमाएं बदल जाती हैं जैसे पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया की सरहदें बदल गई। लोकतन्त्र एकात्मक शासन प्रणालियों में बदल गए। मनुष्य जिस स्थान पर नौकरी करता था अब उसकी विधवा काम कर रही है। युद्धों के बाद कई नए राजनीतिक विवाद पैदा हो जाते हैं। नए-नए युद्ध विस्फोटक तैयार किए जाने लगे। परमाणु बम इसी विश्व युद्ध का परिणाम था। हिरोशिमा और नागासाकी (जापान) अमरीकी परमाणु बम से तबाह हो गए। जापान ने आत्म-समर्पण कर दिया। विश्व युद्ध समाज को गहराई तक तोड़ देते हैं। मनुष्य आत्मिक तौर पर दुनिया में अमन-चौन चाहता है। युद्ध मनुष्य में पाश्विक-वृत्तियों को जन्म देते हैं। इसलिए विश्व युद्ध जितना हो सके, टलते रहना चाहिए। महाभारत के युद्ध के पश्चात धर्मराज युधिष्ठिर को इतनी ग्लानि हुई कि उन्हें राजसत्ता से ही वितृष्णा हो गई। ट्रम्प को विश्व राजनेता समझाएं कि युद्ध टलता ही रहे तो ठीक, अन्यथा मानवता खतरे में पड़ जाएगी।

# अमरीका में भारतीयों के बुरे दिन

क्षमा शर्मा

2023 में अमरीका के कोलेरेडो विश्वविद्यालय में एक दम्पति, आदित्य प्रकाश और उर्मि भट्टाचार्य पीएच.डी. कर रहे थे। वे वहां अपना लंच ओवन में गर्म कर रहे थे। खाने में पालक-पनीर था। लेकिन विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने उन्हें खाना गर्म करने से रोक दिया। उनका कहना था कि इसमें से बदबू आ रही है, इसलिए इसे यहां गर्म नहीं किया जा सकता। यह भी कि हम तो यहां ब्रोकली भी गर्म नहीं करने देते। इस बात की शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन से की गई। उर्मि वहां शिक्षिका भी थीं। उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। दोनों को पीएच.डी. की डिग्री भी नहीं दी गई। तब इन दोनों ने न्यायालय में शिकायत की कि मामूली-सी बात को इतना बड़ा बना दिया गया। उन्हें तरह-तरह से तंग किया गया और डिग्री भी नहीं मिली। अदालत ने प्रशासन को आदेश दिया कि इस दम्पति को दो लाख डालर मुआवजे के रूप में दे। उनकी पीएच.डी. की डिग्री भी दी गई। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने हमेशा के लिए अपने यहां उन्हें बैन कर दिया। जिस मामले में इन दोनों का कोई दोष नहीं था, उसके लिए इन्हें इस तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ा। याद रहे कि यह ट्रम्प के दोबारा सत्ता में आने से पहले की बात है। इन दिनों वहां प्रशासन लगातार भारतीयों पर हमलावर है। कहा जा रहा है कि नौकरियां सिर्फ अमरीकी लोगों को ही दी जाएं। इनमें भी बिना कहे गोरों को प्राथमिकता दी जाए। पिछले दिनों टैक्सास विश्वविद्यालय में भी ऐसी ही गाइडलाइंस भेजी गई। अब तक लोग समझ रहे थे कि एच1 बी वीजा के शिकार सिर्फ आई.टी. सैक्टर के लोग ही बनेंगे, मगर अब यूनिर्वसिटीज भी इससे नहीं बच रहीं। जिस अमरीका ने पूरी दुनिया को अस्मिता मूलक विमर्श के चश्मे से देखने की आदत डाल दी, अब वही इससे पांव खींच रहा है। वे इस बात को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं कि यदि अमरीका में लोग इतने ही मेहनती होते, तो बाहर के लोगों को बुलाने की जरूरत ही क्यों पड़ती। कुछ समय पहले बिल गेट्स ने कहा था कि अगर हम भारतीयों को रोकेंगे, तो वे अपना गूगल खुद बना लेंगे। लेकिन नफरती नेताओं को यह बात भला क्यों समझ में आने लगी। प्रशासन की शह पाकर इन दिनों अमरीका में भारतीयों के खिलाफ लगातार घृणा फैलाई जा रही है। उन पर हमले बोले जा रहे हैं। पीछा किया जा रहा है। बच्चों को स्कूलों में परेशान किया जा रहा है। लोग दीवाली मनाने की शिकायत कर रहे हैं। भारतीयों के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं कि अपने देश वापस जाओ। उनके बारे में तरह-तरह के दुष्प्रचार किए जा रहे हैं कि वे गोबर खाते हैं। गौ मूत्र पीते हैं। वे अमरीका को बर्बाद करने के लिए आए हैं। यह कोई नई बात नहीं है। कई साल पहले पोलैंड में घूमते एक भारतीय को एक अमरीकी ने रोककर कहा था कि तुम यहां भी आ पहुंचे। अपने देश वापस जाओ। दरअसल जब सरकारों के पास अपने वोटरों को देने के लिए कुछ नहीं होता, तो वे वैमनस्य के विचारों और नारों को हवा देती हैं। लोगों को एक-दूसरे से लड़वाकर नेता चांदी काटते हैं। जोहरान ममदानी जब न्यूयार्क के मेयर का चुनाव जीते, उस समय यह लेखिका न्यूयार्क में ही थी। जिस वर्ल्ड ट्रेड सैंटर को 9/11 को तोड़ा गया था, वह अब दोबारा बन गया है। उसके नीचे खड़ी यही सोच रही थी कि इसे तोडने में आप्रवासियों का ही हाथ बताया गया था लेकिन अब क्या हुआ कि ममदानी के खिलाफ लगातार दिए बयानों के बावजूद, वह जीत गए। ध्यान से देखें, तो न्यूयार्क में बाहर से आए लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। पिछले दिनों जिस तरह से आप्रवासियों को निशाना बनाया गया, इससे उनमें असुरक्षा की भावना बढ़ी। उन्हें लगा कि ममदानी उनके पक्ष में लगातार बोलते हैं, उनकी समस्याओं को उठाते हैं, इसलिए उन्हें जिता दिया। अमरीका, अमरीकी लोगों के लिए ही है, यह बात तो ठीक है, लेकिन खुद अमरीका के गोरे वहां के मूल निवासी नहीं हैं। वे भी बाहर से आए और उन्होंने वहां के मूल निवासियों को तहस-नहस कर दिया। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का जो नारा दिया गया है, अर्से से भारतीय उसी में योगदान दे रहे हैं।

विचार

# तमिलनाडु का राजनीतिक परिदृश्य अभी धुंधला

जैसे-जैसे तमिलनाडु विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, मुख्य राजनीतिक दलों में 2 गठबंधन प्रमुख हैं-कांग्रेस और वाम दलों के साथ सत्तारूढ़ द्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन और अन्नाद्रमुक गठबंधन। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्रमुक का नेतृत्व करना और इस गठबंधन को बनाए रखना जारी रखे हुए हैं। जे. जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। यह आंतरिक संघर्षों का सामना कर रही है, जो इसकी स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इस बीच, टी.टी.वी. दिनाकरण, ओ. पनीरसेल्वम और शशिकला के निष्कासन इन मुद्दों को उजागर और अन्नाद्रमुक को प्रभावित करते हैं। वहीं, अभिनेता विजय द्वारा शुरू की गई नई राजनीतिक पार्टियों पर सबका ध्यान जा रहा है। 2004 से सहयोगी होने के बावजूद, कांग्रेस और द्रमुक के बीच संबंधों में हाल ही में कुछ उतार-चढ़ाव देखे गए हैं। अब, 2026 के चुनावों से पहले, कांग्रेस ने सत्ता में हिस्सेदारी की मांग की है, जो उन आंतरिक संघर्षों को उजागर करती है, जो उनकी रणनीतियों को प्रभावित कर सकते हैं। ओ. पनीरसेल्वम को अभी तक ऐसी कोई पार्टी नहीं मिली, जो उन्हें स्वीकार करे। द्रमुक कभी भी सत्ता सांझी करने (पावर-शेयरिंग) पर सहमत नहीं हुई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और द्रमुक नेता कनिमोझी ने बुधवार को 10 जनपथ पर आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव तथा उनकी गठबंधन राजनीति पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की लेकिन सीट बंटवारे पर कोई समझौता नहीं हो सका। कांग्रेस सांसद मणिक्कम टैगोर उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने सत्ता में हिस्सेदारी की मांग करते हुए कहा, ''हम सत्ता में हिस्सेदारी के लिए लडना जारी रखेंगे और हम इसे हासिल करेंगे।'' यह कांग्रेस नेताओं के संकल्प को दर्शाता है। राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते द्रमुक नेता कनिमोझी के साथ बैठक के दौरान भी यह मुद्दा उठाया था। हालांकि, द्रमुक ने इस



विचार को खारिज कर दिया है। द्रमुक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह कांग्रेस को कैबिनेट सीट नहीं देगी। हालांकि, इसने गठबंधन जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। द्रमुक कांग्रेस को मनाने के लिए राज्यसभा सीट की पेशकश कर रही है। फिर भी, कांग्रेस को बेहतर की उम्मीद है। गठबंधन में अधिक सीटों और शक्ति के लिए पार्टी की मांगें स्थिरता के महत्व और चुनाव परिणामों को आकार देने में गठबंधनों की भूमिका को रेखांकित करती हैं। द्रविड़ पार्टियां अक्सर वोटों के लिए छोटे सहयोगियों पर निर्भर रहती हैं लेकिन सत्ता सांझी करने का विरोध करती हैं। उदाहरण के लिए, पिछले जून में, अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने कहा था कि कोई सत्ता-सांझाकरण समझौता नहीं होगा, उनका तर्क था कि गठबंधन सरकारें तमिलनाडु की राजनीतिक संस्कृति के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने एकल-पार्टी शासन के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। एन.डी.ए. की सीट-सांझाकरण योजना नए विचारों की खोज से हटकर उन्हें लागू करने की दिशा में बदलाव दिखाती है। रणनीति में बदलाव करते हुए, एन.डी.ए. अब केवल विस्तार करने की बजाय अधिक सीटें जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है। एन.डी.ए. द्रमुक विरोधी वोट हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें अन्नाद्रमुक मुख्य पार्टी और भाजपा प्रमुख समर्थक के रूप में होगी। एन.डी.ए. ने विधानसभा चुनावों के लिए अपनी संभावनाओं में सुधार किया है। सीटें जीतना उम्मीदवारों के चयन, उनकी गुणवत्ता और प्रभावशीलता एवं बूथ रणनीति पर निर्भर करता है। अन्नाद्रमुक नेता ई. पलानीस्वामी ने पार्टी एकता के महत्व पर जोर देते हुए ओ. पनीरसेल्वम और टी.टी.वी. दिनाकरण को अस्वीकार करना जारी रखा है। ओ.पी.एस. एन.डी.ए. में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं, चाहे वह ए.एम.एम.के. के माध्यम से हो या अन्नाद्रमुक में लौटकर। मुख्य सवाल यह है कि क्या अन्नाद्रमुक ओ.पी.एस. का वापस स्वागत करेगी या उन्हें किनारे कर देगी और क्या राजनीतिक स्थिरता और प्रासंगिकता को लेकर चिंताएं हैं? एक अन्य दिलचस्प पहलू यह है कि लोकप्रिय अभिनेता विजय ने 2024 में अपनी राजनीतिक पार्टी, तमिलगा वेत्री कडगम (टी.वी.के.) लॉन्च की और उसके तुरंत बाद घोषणा की कि वह राजनीति में पूर्णकालिक रूप से आने के लिए फिल्मों से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि इस महीने आने वाली उनकी फिल्म 'जन नायकन' उनकी विदाई रिलीज होगी। 51 साल की उम्र में, यह सितारा एक सफल फिल्मी करियर से पीछे हट रहा है, जिसे छोडने में कई अभिनेता संकोच करेंगे। वह भारतीय सिनेमा के सबसे लोकप्रिय सितारों में से एक बने हुए हैं। वह त्यौहारों पर फिल्मों की रिलीज को बढ़ावा देने में मदद करते हैं और सैटेलाइट अधिकारों, संगीत और मर्चेंडाइज के माध्यम से वैश्विक तमिल समुदाय के लिए राजस्व उत्पन्न करते हैं। विजय की पार्टी आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में स्थापित दलों, द्रमुक और अन्नाद्रमुक के खिलाफ चुनाव लड़ेगी। उनकी पार्टी का लक्ष्य द्रमुक और अन्नाद्रमुक दोनों को चुनौती देना और अकेले चुनाव लडने की योजना है। विजय का एक बड़ा प्रशंसक आधार है। उन्होंने राहुल गांधी से मुलाकात की थी लेकिन वे किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। कमल हासन एक प्रसिद्ध अभिनेता और राजनीतिक दल 'मक्कल निधि मय्यम' के नेता हैं। वह स्वतंत्र अभियानों से हटकर द्रमुक के साथ जुड़कर तमिलनाडु में अपनी राजनीतिक उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। 2025-2026 तक, वह राज्यसभा के सदस्य हैं, जो जून 2025 में चुने गए थे। वह मध्यमार्गी, भ्रष्टाचार विरोधी राजनीति पर ध्यान केंद्रित करते हैं और द्रमुक के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी हैं, विशेष रूप से 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले।


साहित्य



## कैंसर मौन महामारी, जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव

योगेश कुमार गोयल
लेखक

लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाया जाता है। दरअसल, आज भी लगभग सभी लोगों के लिए कैंसर ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। भारत में तो कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।



# राशिफल

**मेष:-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

**वृषभ:-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुन:-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंह:-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या:-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुला:-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:-**आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**धनु:-**बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर:-**आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभ:-**आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन:-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# कमजोरों के लिए खतरनाक रसूखदार लोग

अमेरिका के कुख्यात नाबालिग लड़कियों के यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी लाखों फाइलें अमेरिकी न्याय विभाग ने जारी की हैं। शुक्रवार को 30 लाख पेज, एक लाख 80 हजार तस्वीरें और दो हजार वीडियो सार्वजनिक रूप से पोस्ट किए गए। इन नए खुलासों में ऐसे घिनौने और भयानक अपराध सामने आए हैं, जिन्हें देखकर साधारण इंसान की रूह कांप जाए। ज्यादा डरावनी बात ये है कि एपस्टीन के साथ दुनिया भर के ऐसे नामी-गिरामी और रसूखदार लोगों के नाम जुड़े हैं, जो खुद को लोकतंत्र, उदारवाद, मानवाधिकारों के पैरोकार के तौर पर प्रस्तुत करते हैं। मगर हकीकत में वे कमजोर लड़कियों और बच्चों पर पैशाचिक अत्याचार करते हैं। सोशल मीडिया पर 2009 का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें गैब्रिएला रिको जिमेनेज नाम की मैक्सिकन मॉडल मैक्सिको के मॉन्टेरी में फिएस्टा के बाहर खड़ी होकर चिल्ला-चिल्लाकर बता रही है कि वह जैफ्री एपस्टिन से जुड़े एक मॉडलिंग आयोजन में गई थी जहां दुनियाभर के नेता और बिजनेसमैन पार्टी कर रहे थे और वो लोग श्बच्चों के मांसश् खा रहे थे। संभवतरू यह पहली बार था जब किसी ने एपिस्टन या उसके निजी द्वीपों पर हो रहे बच्चियों के बलात्कार और हत्या के आरोप लगाए थे। लेकिन पुलिस ने इस लड़की को मनोरोग का शिकार बताकर गिरफ्तार कर लिया गया और फिर यह लड़की कभी नहीं दिखी। अब उस घटना के 17 साल बाद एपिस्टीन फाइलें जारी हुई तो पता चला यह लड़की जो कुछ बोल रही थी, वो पागलपन नहीं था। बल्कि उसमें काफी हद तक हकीकत भी थी। क्योंकि अब एपस्टीन और उनके तथाकथित बड़े ग्राहकों का शिकार कुछ लड़कियों ने सामने आकर हकीकत बयां की हैं। किसी ने बताया कि 10 साल की अबोध उम्र में उनके साथ दिन में तीन-तीन बार बलात्कार हुआ, तो किसी ने बताया कि कैसे पार्टियों के बहाने अमीर लोगों के सामने उन्हें पेश किया गया। बिल गेट्स की पत्नी रही मेलिंडा गेट्स ने भी एक साक्षात्कार में बताया है कि उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आता था कि बिल गेट्स एपस्टीन से मिलते थे। खुद मेलिंगा गेट्स केवल एक बार एपस्टीन से मिलीं और उन्हें काफी अफसोस हुआ कि उन्होंने यह मुलाकात की। मेलिंडा गेट्स ने एपस्टीन को घृणित और बुराई का साक्षात रूप बताया और कहा कि उस मुलाकात के बाद उन्हें बुरे सपने आते थे।बिल गेट्स से उनके तलाक के कारणों में एक वजह एपस्टीन से बिल गेट्स के संबंध भी थे। न्याय विभाग द्वारा जारी एपस्टिन फाइलों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र भी सैकड़ों बार किया गया है। ट्रंप की एपस्टीन से दोस्ती थी। लेकिन ट्रंप कहते हैं कि यह कई साल पहले खराब हो गई थी और उन्होंने एपस्टीन के यौन अपराधों के बारे में किसी भी जानकारी से इनकार किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के भी कई पुराने वीडियो आए हैं, जो नैतिकता के मापदंड पर खरे नहीं उतरते हैं। अब भले ही एपस्टिन से उनकी दोस्ती बरसों पहले खराब हो चुकी हो, लेकिन बेहतर यही होता कि ट्रंप अपने पद से इस्तीफा देकर खुद को निर्दोष साबित करने के लिए निष्पक्ष जांच का मौका दें। ध्यान रहे कि 10 अगस्त 2019 को एपस्टिन की जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी और इसमें हत्या की साजिश देखी जा रही है। क्योंकि एपस्टिन अगर दोषी पाया जाता तो उससे जुड़े कई बड़े नामों पर भी आंच आ सकती थी। अभी के खुलासे के बाद भी कुछ बड़ी हस्तियों ने या तो माफी मांगी है या अपने पद से इस्तीफा दिया है। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट ने एपस्टीन के साथ अपनी श्शर्मनाकश् दोस्ती के लिए माफी मांगी है। नॉर्वे की प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने भी कहा है कि क्राउन प्रिंसेस ने गलत जजमेंट किया था। वहीं किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू का नाम भी आया तो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उन्हें अमेरिकी न्याय विभाग में गवाही देने आना चाहिए। स्लोवाकिया सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने एप्स्टीन से अपने संबंधों के सामने आने के बाद इस्तीफा दे दिया है। पीटर मैंडेलसन को पिछले साल एपस्टीन के साथ संबंधों के कारण वाशिंगटन में ब्रिटिश राजदूत के पद से हटा दिया गया था। अब उन्होंने रविवार को लेबर पार्टी छोड़ दी। अमेरिकी न्याय विभाग की फाइलों में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम भी आया है। जिसमें बताया गया है कि जेफ्री एपस्टीन ने 9 जुलाई 2017 को एक मेल में लिखा...भारतीय पीएम मोदी ने सलाह ली और अमेरिकी राष्ट्रपति के फायदे के लिए इजराइल में डांस किया और गाया। वो कुछ हफ्ते पहले मिले थे। ये काम कर गया। इसी पर अब कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं कि- श्याद रहे- पीएम मोदी 4 से 6 जुलाई 2017 के बीच इजराइल दौरे पर थे। इसके तीन दिन बाद एपस्टीन ने यह मेल लिखा है। इजराइल दौरे से ठीक पहले 25-26 जून 2017 को मोदी, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले थे। जेफ्री एपस्टीन के मेल की कड़ियों को जोड़ें तो समझ आता है कि मोदी, जून 2017 में अमेरिका गए और वहां एपस्टीन से सलाह ली। इसके एक हफ्ते बाद (4 से 6 जुलाई 2017) मोदी इजराइल पहुंचे और सलाह के मुताबिक- वहां नाचे और गाए और काम हो गया। अब साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी का जेफ्री एपस्टीन से बहुत ही गहरा और पुराना नाता है, जो भारत के लिए शर्मनाक है। यह मामला राष्ट्रीय गरिमा और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का है, जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने तीन सवाल करते हुए लिखा, नरेंद्र मोदी, जेफ्री एपस्टीन से कैसी सलाह ले रहे थे? मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के किस फायदे के लिए इजराइल में नाच और गा रहे थे? एपस्टीन ने लिखा है- इट वर्क्ड.. तो इसका क्या मतलब है? हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नरेंद्र मोदी और जेफ्री एपस्टीन की मुलाकात के दावों को खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री की इजराइल की आधिकारिक यात्रा के अलावा, ईमेल में बाकी बातें एक दोषी अपराधी की बेकार की बकवास से ज्यादा कुछ नहीं हैं।विदेश मंत्रालय जिन आरोपों को बकवास बता रहा है, क्या उसके लिए उसने अमेरिकी न्याय विभाग के सामने अपनी आपत्ति उठाई है। क्योंकि कांग्रेस के आरोप अमेरिकी सरकार द्वारा जारी फाइलों के आधार पर ही लगाए गए हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, महिला झुलसी



**पनवाड़ी, महोबा।** पनवाड़ी कस्बे में शॉर्ट सर्किट के कारण एक घर में आग लग गई। इस घटना में घर में मौजूद मां और उसकी दो मासूम बच्चियां फंस गईं। पड़ोसियों की तत्परता से दोनों बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन मां गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना पनवाड़ी थाना क्षेत्र के शिव कॉलोनी पाठकपुरा मुहाल की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम नकरा निवासी अभिषेक उर्फ मोनू गुप्ता अपने नाना के निधन के कारण सिमरदा गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी मयूरी अपनी तीन वर्षीय बेटी परी और 18 माह की छोटी बेटी गौरी के साथ थीं। बताया जा रहा है कि घर में लगे इनवर्टर में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे टीवी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कमरे में रखी गृहस्थी को अपनी चपेट में ले लिया। पल भर में पूरा कमरा धुएं और लपटों से भर गया, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। मयूरी ने बच्चों को बचाने की कोशिश करते हुए मदद के लिए चीख-पुकार मचाई। उसकी आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर दौड़े और जान जोखिम में डालकर कड़ी मशक्कत के बाद मयूरी समेत दोनों मासूम बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग की चपेट में आने से मयूरी गंभीर रूप से झुलस गई। पड़ोसियों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। राहत की बात यह है कि दोनों मासूम बच्चियां पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### बारिश से बढ़ीं राहगीरों की मुश्किलें, इंगोहटा-अरतरा मार्ग बंद



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** मंगलवार को हुई बारिश के बाद इंगोहटा से अरतरा गांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गया, जिससे आवागमन ठप हो गया है। कच्चा रास्ता होने के कारण दोपहिया और तिपहिया वाहन बीच रास्ते में फंस रहे हैं और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे गेट संख्या 25 पर अंडरब्रिज निर्माण प्रस्तावित होने के कारण मुख्य पक्का मार्ग बंद कर दिया गया है। फिलहाल लोगों को रेलवे गेट 26 के अंडरब्रिज से होकर करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ता है।

### कस्बे में अन्ना पशुओं का आतंक, सांड के हमले से वृद्ध की मौत



**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे में इस समय अन्ना पशुओं का आतंक है जो आएदिन हमला कर किसी न किसी को घायल कर रहे हैं लेकिन जिम्मेदारों को यह नजर नहीं आ रहा है। शुक्रवार शाम वृद्ध पर आवारा सांड ने हमला कर दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में वृद्ध को स्थानीय लोगों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गयी। कस्बा के थाना चौराहा के पास के निवासी गणेश (78) पुत्र बैजनाथ शुक्रवार की शाम सब्जी मंडी सब्जी खरीदने गये थे। जहाँ पर अचानक आवारा सांड ने वृद्ध पर पीछे से हमला कर दिया। सांड के हमले से गणेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर हालत में वृद्ध को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी है। इससे पहले भी सब्जी मंडी में सांड ने कस्बे के मराठीपुरा निवासी राजकुमार तिवारी पर हमला कर दिया था। जिससे राजकुमार गंभीर घायल हुआ था। जिसका इलाज कानपुर के अस्पताल में चल था। लेकिन इतनी सब घटना होने के बाद भी कस्बे में आवारा सांडो का आतंक बना हुआ है। जिससे बीते शुक्रवार की शाम एक आवारा सांड ने वृद्ध की जान ले ली बताते चलें कि, सरकार अन्ना पशुओं को बंद करने के लिए गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन जिम्मेदार अपने गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाते हुए सरकारी धन का बंदरबांट कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं प्रशासन की इस लापरवाही के चलते पता नहीं ये आवारा सांड कस्बे के कितने लोगों की जान ले लेंगे इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि उन्हें मौत की जानकारी अभी हुई है और सम्बंधित उपनिरीक्षक को भेजा जा रहा है अगर परिजन चाहेंगे तो पोस्ट मार्टम कराया जाएगा बाकि नगरपालिका को भी लिखा जाएगा कि इन्हे बंद करें नहीं तो कार्यवाही की जाएगी मृतक अपने परिवार में दो बेटे और तीन बेटियों को रोता बिलखता छोड़ गया है घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पर्यवेक्षक ने किया एसआईआर के काम का निरीक्षण



**मौदहा।** कस्बे के बीआरसी में चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का चुनाव आयोग की ओर से नियुक्त विशेष रोल पर्यवेक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया इस दौरान सभी कर्मचारी जीजान से जुटे नजर आए। चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एस. आई. आर.)का निरीक्षण करने मौदहा कस्बे के ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचे चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त किए गए विशेष रोल प्रेक्षक जी. वी. एन. सुब्रमण्यम ने गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण की खबर के साथ ही एस. आई. आर. के काम में लगे बूथ लेवल आफीसर की धड़कने तेज हो गई और खराब मौसम में भी कर्मठता से अपने काम को अंजाम देते नजर आए। बताते चलें कि इस समय एस. आई. आर. में मिसिंग मैपिंग मतदाताओं को आवेदन के बाद नोटिस जारी की गई हैं उन्हीं की सुनवाई और दस्तावेजों के आधार पर नाम जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता और कर्मवीर सिंह, ए.बी.एस.ए. सुनील कुमार कमल और रामगोपाल, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और बूथ लेवल आफिसर्स मौजूद रहे।वहीं प्रेक्षक ने कहा कि कोई भी मतदाता छूटने न पाए इसलिए सभी बी. एल. ओ. एक एक मतदाता से सम्पर्क स्थापित कर इस काम को अंजाम दें।

### राष्ट्रीय और राज्य महिला आयोग की सदस्याओं ने की महिला जनसुनवाई



**हमीरपुर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी व उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने महिला उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं को लेकर अधिकारियों से समीक्षा की। वहीं महिला जनसुनवाई के दौरान अपनी अपनी शिकायत को लेकर पहुंची महिलाओं की फरियाद भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए महिला जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी मौके पर ना मिलने से दोनों सदस्याएं झुंझला उठीं, उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के अलग-अलग क्षेत्र की लगभग 50 महिलाओं ने अपनी-अपनी फरियाद सुनाई। दोनों सदस्याओं ने सुनवाई कर संबंधित पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से समस्याओं का जल्द निस्तारण करने को कहा। वहीं दोनों सदस्यों ने कहा कि पुराने मामलों की सुनवाई के लिए आगे अगली तारीख तय की जाएगी। जिसमें उन मामलों को सुना जाएगा और उनकी समीक्षा की जाएगी। राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य ममता कुमारी ने बताया कि महिला उत्पीड़न से संबंधित पूरे भारत में जो केस है वह यहां भी हैं। इन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा, दहेज हत्या व साइबर क्राइम आदि से संबंधित मामले आज यहां पर आए थे जिनकी सुनवाई की गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अच्छी शिक्षा मिल सके व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके।

### लिफ्ट के बहाने बाइक सवार युवक ने छात्रा से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** ललपुरा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा को लिफ्ट देने के बहाने बाइक सवार युवक ने बीच रास्ते छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने घटना की तहरीर थाने में दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थानाक्षेत्र के एक गांव की छात्रा सोमवार की दोपहर करीब दो बजे अपने घर जाने के लिए निकली थी। ललपुरा बस स्टैंड में गांव निवासी राजकुमार शर्मा ने छात्रा को लिफ्ट देकर बाइक में बैठा लिया। थोड़ी दूर चलने के बाद सुनसान इलाके में छात्रा के साथ युवक छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा के विरोध करने व शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहीं महिलाएं दौड़ पड़ीं। जिस पर आरोपी छात्रा को जान-माल की धमकी देते हुए उसे छोड़कर भाग गया। छात्रा ने घटना की तहरीर ललपुरा थाने में दी है। इस मामले में ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया तहरीर मिली है। आरोपी के विरुद्ध छेड़खानी और एससी/एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# एसआरएम टीम ने सीएचसी कुलपहाड़ का किया निरीक्षण

- टीम ने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के स्टाफ को निर्देश दिए

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित मंडल स्तरीय एसआरएम टीम ने मंगलवार को विकास खंड जैतपुर के अंतर्गत सीएचसी कुलपहाड़ का निरीक्षण किया। झांसी मंडल की दो सदस्यीय एसआरएम टीम प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी डॉ अंशुमान तिवारी एवं नरेंद्र रावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ पवन राजपूत, डॉ महेश सिंह अधीक्षक कुलपहाड़ की मौजूदगी में सुबह करीब 10:30 बजे अस्पताल पहुंचे, जहां टीम प्रभारी डॉ अंशुमान तिवारी ने उपस्थिति पंजिका, दवा वितरण रजिस्टर, जांच कक्ष, चिकित्साधिकारी कक्ष तथा आयुष्मान वार्ड महिला बिंग सेंटर की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों को पूर्व से अधिक बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायें। इसके बाद उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सतारी का गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं का संचालन प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। जहां टीम अध्यक्ष द्वारा एएएम सेंटर में हुई डिलीवरी की प्रशंसा कर हेल्थ ऑफिसर की गई। इसके बाद टीम ने सुगिरा एवं लाड़पुर पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अधीक्षक डॉ पवन राजपूत, डॉ प्रभा गुप्ता, डॉक्टर महेश सिंह, गिरिराज कश्यप, बीसीपीएम शिवचरण पाल, लैब टेक्नीशियन अभिषेक चौबे, उमेश कुमार सोनी कमल सिंह, मनोज रावत, सहित स्टाफ नर्स, मनोरमा सिंह, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अनिता कुशवाहा, आदित्य, अंजना यादव, एएनएम गायत्री देवी, कल्पना देवी राजपूत, शशि भास्कर एवं आशा मैना देवी, उर्मिला, कौशल्या, कमलेश, काली, गोरी बाई, आशा कार्यकत्री आदि मौजूद रहीं।

## विधुत लाइन की चपेट में आने से टेंट कर्मचारी की दर्दनाक मौत

- सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार, पुलिस ने जांच पड़ताल कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया



**कुलपहाड़/महोबा।** नगर के भटेवरा रोड स्थित हटवारा मोहाल में एक मकान की छत पर टेंट को खोलते समय पास में निकली हाईटेंशन लाइन से लोहे का पाइप टच होते ही चिपक कर एक कर्मचारी की मौत हो गई। बता दें कि नगर के हटवारा मुहाल में भटेवरा रोड पर स्व. श्याम सिंह की पुत्री छाया की शादी मंडप का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद दूसरे दिन नगर का टेंट कर्मचारी अबरार पुत्र इमाम बख्श 44 वर्ष निवासी राजावार्ड अपने साथियों के साथ मकान की छत पर लगा टेंट चांदनी खोल रहा था, तभी मकान के बाहर पास से निकली 11 हजार की हाई टेंशन लाइन से लोहे का पाइप टकरा गया, और उसकी चपेट में आकर वह बुरी तरह से सुलझ गया। खबर मिलते ही पड़ोस के लोगों ने विधुत लाइन को बंद कराया, और आनन फानन में अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार पंकज गौतम, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह पुलिस स्टाफ के जांच पड़ताल की तथा मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया है।

## कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव में महिला किसानों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

- फसल बुवाई से लेकर कटाई तक महिला किसानों की भूमिका सफलता को सुनिश्चित करती है

**जैतपुर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल परिवर्तन परियोजना के सहयोग से महिला किसानों को ज्ञानवर्धन एवं उन्हें कृषि नवाचारों से अवगत कराने के उद्देश्य से सृजन संस्था द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, नौगांव में महिलाओं का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र, नौगांव के वैज्ञानिक डॉ कमलेश अहिरवार (उद्यानिकी विशेषज्ञ) ने महिला किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेती के प्रत्येक चरण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बुवाई से लेकर कटाई तक, विशेष रूप से सब्जी उत्पादन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी खेती की सफलता सुनिश्चित करती है। उन्होंने महिला किसानों को नर्सरी प्रबन्धन की विस्तृत जानकारी दी तथा देशी आम को उन्नत किस्म में परिवर्तित करने की ग्राफ्टिंग तकनीक का लाइव प्रायोगिक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कृषि मौसम वैज्ञानिक हेमंत कुमार सिन्हा ने मौसम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौसम के बिना खेती की कल्पना असंभव है। फसल की प्रत्येक अवस्था अंकुरण से लेकर वृद्धि, फूल, फल एवं कटाई तक मौसम से सीधे प्रभावित होती है। मौसम आधारित कृषि सलाह अपनाकर किसान जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता अतर सिंह निकरा परियोजना ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा किसानों के लिए उपलब्ध तकनीकी सेवाओं की जानकारी दी और बताया कि केवीके वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम में करीब 32 महिला किसानों ने भाग लिया, जिन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित विभिन्न वैज्ञानिक कृषि गतिविधियों एवं उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान महिला किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न इकाइयों फसल संग्रहालय, नर्सरी इकाई, कम्पोस्ट निर्माण इकाई, औषधीय एवं सुगंधित फसलों की इकाई का अवलोकन कराया गया। सृजन संस्था के परियोजना प्रबन्धक धीरज कुमार ने बताया कि जैतपुर विकास खण्ड के 50 ग्रामों में परियोजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों, आधुनिक खेती पद्धतियों तथा नवाचार आधारित कृषि से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सृजन संस्था की ओर से धीरज कुमार परियोजना प्रबंधक, पूजा यादव प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, एवं ज्योति अहिरवार फील्ड कोऑर्डिनेटर, उपस्थित रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम के संचालन और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति को 15 हजार की धनराशि वापस कराई



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर गौरव उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु जनपद महोबा में साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा निरन्तर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आवेदक वीरेन्द्र, निवासी ग्राम पलका, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा द्वारा अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी के सम्बन्ध में एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत की जांच के दौरान साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक/डिजिटल माध्यमों से समन्वय स्थापित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता की 15 हजार (पन्द्रह हजार रुपये) की सम्पूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। अपनी पूरी धनराशि वापस प्राप्त होने पर शिकायतकर्ता द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा स्वयं साइबर क्राइम पुलिस थाना पर उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शिकायतकर्ता द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा को धन्यवाद पत्र भी प्रदान किया गया। जनपद महोबा पुलिस आमजन से अपील करती है कि साइबर अपराध की किसी भी घटना की स्थिति में तत्काल एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ित को राहत प्रदान की जा सके।

## शिव एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम मुढ़ारी में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं शिव एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के शुभारंभ से पहले भक्तिमय संगीत की रसधारा एवं भजनो की धुन में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भक्ति भाव से ओतप्रोत श्रद्धालु, महिलाएं साथ में छोटी कन्याओं ने भगवान के जयकारे लगाते हुए, गलियों को श्रद्धा भाव से गुंजायमान करते हुए कलश यात्रा के मार्ग में भक्ति का वातावरण उत्पन्न कर दिया। यहां कथा व्यास शैलेश महाराज ने बताया कि यह 03 फरवरी 2026 दिन मंगलवार से शुरू होने वाली भागवत कथा 07 फरवरी 2026 तक चलेगी अंत में पूर्णाहुति एवं हवन कर गांव व क्षेत्र का बुधवार को भंडारा कियाद जाएगा। कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा भगवान की भक्ति की ओर ले जाती है। भगवान की आराधना सच्चे मन से करने से मनचाहा फल मिलता है। कथा के रसपान करने मात्र से प्राणी सत मार्ग पर चलने लगता है। कलश यात्रा सनातन धर्म में किसी भी मांगलिक कार्य जैसे भागवत कथा यज्ञ या प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली जाने वाली एक पवित्र परंपरा है। जिसका मुख्य उद्देश्य वातावरण को शुद्ध करना देवी देवताओं का आवाहन करना और क्षेत्र में सुख समृद्धि लाना है। इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन समस्त ग्रामवासियो के सहयोग एवं प्रेरणा से पूर्ण किया जा रहा है। इस अनुष्ठान के मुख्य यजमान रमाकांत तिवारी व नीलम तिवारी एवं जगन्नाथ राजपूत व स्वदेश देवी राजपूत है।

## काली घटाओं के साथ हुई तेज बारिश, मौसम में ठंडक बढ़ी



**हमीरपुर।** मंगलवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट बदल ली।तड़के घने बादलों के साथ ही तेज बारिश शुरु हो गई। मौसम को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित कर दिया गया। बारिश से कुछ फसलों को फायदा और कुछ को नुकसान की संभावना है। मौसम के इस बदलाव से सर्दी में भी इजाफा हो गया है। मौसम विभाग ने भी बारिश का अलर्ट जारी किया था। मंगलवार की सुबह होते-होते मुख्यालय सहित जिले के कई हिस्सों में काली घटाएं बादलों में छा गईं तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे की बारिश से मौसम में ठंड बढ़ जाने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस बारिश का फसलों में मिला-जुला असर पड़ा है। किसान राधेश्याम सिंह, मानसिंह, सुरेश कुमार, राजकुमार द्विवेदी, महेश लखेरा, महंत लखेरा आदि ने कहा कि बारिश से दलहनी-तिलहनी फसलों में नुकसान की संभावना बढ़ गई है वहीं बारिश गेहूं की फसल के लिए अमृत के समान है। किसानों ने बताया कि बारिश से मटर, मसूर, सरसों में धूप निकलने पर विपरीत असर पड़ने की संभावना है। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने कहा कि बारिश से नुकसान कम फसलों को फायदा अधिक पहुंचेगा। गेहूं की फसल के लिए बारिश मील का पत्थर साबित होगी।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं और गोवर्धन पर्वत पूजन की कथाओं को सुनकर भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र का मान मर्दन कर प्रकृति पूजा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति संरक्षण और संवर्धन की प्रेरणा देती है। धरा, जल और वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए इनका सम्मान और रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को जीवन जीने की कला बताते हुए कहा कि ईश्वर सरल, निष्कपट और अहंकार शून्य हृदय में ही वास करते हैं।

## नवीन आशाकर्मियों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**मुस्करा, हमीरपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा में नवीन आशा कर्मियों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण गत दिवस पूर्ण हो गया। स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बृजेंद्र राजपूत ने बताया की नवीन आशा कर्मियों को गत 27 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मंगलवार को सभी आशाओं को प्रमाण पत्र भी दिए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने संबोधन में सभी आशाओं को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया।साथ ही सभी को समाज की सही ढंग से सेवा करने के विषय पर विस्तार से समझाते हुए प्रेरित किया।

## डीएम ने जनता दरबार में पहुंचे दिव्यांग फरियादी को तत्काल दिलाई ट्राई साईकिल



हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना मंगलवार को जनसुनवाई के समय एक-एक करके लोगों की समस्याओं को सुन रहें थे तभी एक दिव्यांग फरियादी के घसीटकर जनसुवाई में आने की सूचना पाकर डीएम तत्काल अर्दली को व्हीलचेयर लेकर भेजा। जिसके बाद डीएम ने दिव्यांग व्यक्ति के ट्राईसाइकिल की मांग का अवलोकन कर उसे ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई। इस दौरान डीएम ने ठंड से बचाव के लिए कंबल भी वितरित किया। जनसुनवाई में लगभग 92 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल व जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया।जनसुनवाई के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति के घसीटकर जनता दरबार में आने की सूचना मिलते ही डीएम घनश्याम मीना ने अर्दली को वहीलचेयर लेकर भेजा।सरीला तहसील के गोहाण्ड कस्बा निवासी दिव्यांग मंगल सिंह पुत्र ब्रम्हा ने जनता दरबार में बताया कि वह बीते सोमवार की रात हमीरपुर बस स्टैंड में रुका रहा है मंगलवार की सुबह वह ट्राई साईकिल की मांग को लेकर जनता दरबार में आ रहा था। डीएम ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए दिव्यांग की मांग का अवलोकन कर तत्काल उसे ट्राई साईकिल उपलब्ध करा दी। ट्राई साईकिल मिलते दिव्यांग फरयादी का खुशी से चेहरा खिल उठा।

### नाम संशोधन सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में आधार कार्ड जिसकी संख्या 276482264986 है, जो कन्यावती के नाम से जारी हुआ था जो सही है।गलती से आधार कार्ड में मेरा नाम फूलमती अंकित हो गया जो गलत है। जबकि जमीन अभिलेखों व बैंक खाते आदि कन्यावती के नाम से संचालित हो रहे हैं। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम कन्यावती के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। श्रीमती कन्यावती पत्नी गिरधारी निवासी ग्राम ओदारा, पोस्ट-शारदानगर, जिला लखीमपुर खीरी।

## छात्र-छात्राओं की प्रतिभा के निखार का माध्यम है वार्षिकोत्सवः विधायक

- उज्ज्वल भविष्य के लिए बच्चों को मोबाइल से रखें दूर: अध्यक्ष

**सुमेरपुर, हमीरपुर**



भारतीय शिशु मंदिर के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने की।

कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए सदर विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र छात्राओं की प्रतिभा में निखार आता है। ऐसे कार्यक्रम सभी विद्यालयों में प्रतिवर्ष अवश्य होनी चाहिए। इससे छात्र छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने कहा कि नौनिहालो का भविष्य बनाने के लिए उन्हें मोबाइल की लत से दूर रखें। इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत, लोकगीत, नाटक आदि प्रस्तुत करके जमकर तालियां बटोरी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामबाबू चक्रवर्ती ने अतिथियों को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह लाला, पूर्व सभासद कल्लू सिंह चंदेल, अखिलेश साहू, पवन साहू, शैलेंद्र सिंह छोटू, आशीष कुमार, मोहित साहू, दीनदयाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### अनियंत्रित बाइक गिरने से चालक गंभीर रूप से घायल

**कुरारा, हमीरपुर।** सुमेरपुर थानाक्षेत्र के चंदौखी गांव निवासी नन्द किशोर (25) पुत्र रामऔतार किसी काम से बाइक से कस्बा आ रहा था। जहां कालपी हमीरपुर हाईवे में झलोखर गांव के सैयद बाबा मजार के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें सवार नन्द किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक हेलमेट नहीं लगाए था। राहगीरों की मदद से उसे एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा

पत्रांक-411/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 दिनांक-03.02.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)
अल्पकालीन निविदा सूचना

सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 04.02.2026 से 10.02.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 11.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तो को ध्यान से पढ़ ले।

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

# डॉ. अशोक अज्ञानी मित्र स्मृति अवधी सम्मान से सम्मानित

**लखनऊ/बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सीतापुर जिले के अवधी साहित्यकार लक्ष्मण प्रसाद मित्र की स्मृति में प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला ÷मित्र स्मृति अवधी सम्मान-2026÷ इस वर्ष अवधी के मौलिक रचनाकार और शोधकर्ता डॉ. अशोक 'अज्ञानी' को प्रदान किया गया। मित्र-स्मृति अवधी सम्मान-2026 के तहत उन्हें 11 हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं अवध-अवधी विविध सन्दर्भ ग्रन्थ भेंट किया गया।

मुख्य अतिथि एमएलसी सीतापुर पवन सिंह चौहान ने दूरभाष के माध्यम से समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्मानित साहित्यकार डॉ. अज्ञानी से अवधी पर और अधिक योगदान की अपेक्षा रहेगी। वह अवधी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि अवधी साहित्य संस्थान, अमेठी के अध्यक्ष डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने अवधी के विभिन्न सोपानों पर प्रकाश डाला। वहीं, अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक डॉ. रामनरेश ने अज्ञानी की प्रेम साधना को रेखांकित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अवधी से जोड़ने की विशेष आवश्यकता है। यूपी प्रेस क्लब, लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारम्भ कविवर कुमार तरल की वाणी वन्दना से प्रारम्भ हुआ। इसका सफल संचालन अवधी साहित्यकार एवं पत्रकार नागेन्द्र



बहादुर सिंह चौहान द्वारा किया गया। संस्था की संरक्षिका मनोरमा साहू, अध्यक्ष अजय साहू व सचिव डॉ. राम बहादुर मिश्र ने समारोह को सम्बोधित किया। डॉ मिश्र ने कहा कि वह हड्डी से कबड्डी खेल रहे हैं। आजकल अवधी पर बहुत कार्य हो रहा है। बस, इससे युवा पीढ़ी को जोड़ने और अधिक से अधिक गद्य लिखने की जरूरत है। इसी कड़ी लखनऊ में स्थित भाषा विश्वविद्यालय की नव गठित अवधी शोध पीठ के समन्वयक डॉ नीरज शुक्ल ने अवधी आराधकों को विशिष्टालय आने का न्यौता देते हुए कहा कि आप सब अवधी शोध पीठ से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं। अवधी में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करें। इस अवसर पर डॉ. अशोक अज्ञानी की 16वीं पुस्तक कहाँ करयँ फरियाद फलाने का विमोचन भी हुआ। इसकी कुछ रचनाओं का सस्वर वाचन लोक गायिका डॉ. रंजना अग्रहरि द्वारा किया गया। समारोह में अवध भारती संस्थान, हैदरगढ़ के पीएचडी करने वाले डॉ. प्रदीप कुमार शुक्ल को अवध भारती सम्मान, लोक गायिका डॉ रंजना अग्रहरि को अवधी लोकगीत माला सम्मान दिया गया। जबकि लक्ष्मण प्रसाद मित्र के नाती अजय साहू को उमाशंकर तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में कथारंग के अध्यक्ष नूतन वशिष्ठ, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय दास, समाजसेवी रत्नेश कुमार, डॉ दयाराम मौर्य, आदित्य द्विवेदी, अमर साहित्यकार जय शंकर प्रसाद की प्रपौत्री कविता प्रसाद व पप्पू अवस्थी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सालाना उर्स पर लंगर कव्वाली के साथ आयोजित हुआ कुल शरीफ




**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे सहित दूर दूर तक लोगों के दिलो मे बसने वाले हजरत मियां हाफिज आमीन आरफी साहब के सालाना उर्स के मौके पर लंगर के साथ कव्वाली और कुल शरीफ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में मुरीद व कस्बा सहित दूर दराज के लोगो ने एक साथ हाथ उठा कर देश दुनिया मे अमन चैन की दुआएं मांगी। बताते चले कि कस्बे के मोहल्ला इस्लाम नगर स्थित दरगाह पर मजगावां शरीफ से ताअल्लुक रखने वाले हजरत मियां हाफिज आमीन आरफी साहब के सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली और कुल शरीफ बाद भव्य लंगर का आयोजन किया।

जहां भारी संख्या हजरत मियां हाफिज आमीन आरफी साहब के चाहने वालों की मौजूदगी रही। दूर दराज सहित कस्बे व आस पास क्षेत्र के तमाम लोगो ने एक साथ हाथ उठाकर देश दुनियां मे अमन-चैन भाईचारा कायम रहने की दुआएं मांगी।

### बकरी चराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज



**जैदपुर बाराबंकी।** खेत मे बकरी चराने को लेकर दो पक्षों मे हुई मारपीट मे एक पक्ष ने दूसरी पक्ष की अफसाना बानो को लाठी डंडो से मारा पीटा। जिसकी शिकायत जैदपुर कोतवाली में करने पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार पूरा मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के गढ़ी राखमऊ गाँव का है।जहाँ बकरी चराने गई महिला को कुछ लोगो ने यह कहकर पीट दिया कि उनके खेत मे बकरी चर रही थी पीड़ित अफसाना बानो ने बताया की कई बार बताया कि मेरी बकरी नहीं है लेकिन दबंगो ने एक न सुनी और जमकर पिटाई कर दी जिसकी महिला ने जैदपुर थाने मे लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की माँग की है वही जैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परिक्षण कराकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# एनआइए की टीम ने बदोसराय क्षेत्र से तीन युवकों को उठाया



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड की संयुक्त टीमों ने मंगलवार सुबह बाराबंकी के बदोसराय थाना क्षेत्र से तीन युवकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े संभावित कनेक्शन की जांच के तहत की गई है। टीमों ने खोर एत्मादपुर गांव में एक युवक के घर पर तलाशी अभियान भी चलाया।जानकारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए युवकों में से एक राम लखन को सफेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल से पकड़ा गया। उसकी मां का अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था और वह वहीं भर्ती थी। केंद्रीय एजेंसियों की टीम ने अस्पताल पहुंचकर राम लखन से पूछताछ की और उसे हिरासत में ले लिया।इसके बाद शेषनारायण मिश्रा और आदित्य तिवारी नामक दो अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया गया है।रामलखन को हिरासत में लेने के बाद, सुबह करीब आठ बजे तीन वाहनों से पहुंची केंद्रीय एजेंसियों की टीमों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर राम लखन के घर पर छापा मारा। आधुनिक मशीनों की मदद से सघन तलाशी ली गई।हालांकि, तलाशी के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद होने की बात सामने नहीं आई है। इस कार्रवाई से पूरे गांव में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।इस मामले को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि संबंधित स्थान पर रेड की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्रवाई का ठोस कारण और राम लखन की भूमिका अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है।स्थानीय स्तर पर भी जांच कराई जा रही है और केंद्रीय एजेंसियों को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। फिलहाल, इस पूरे मामले में जांच जारी है और एजेंसियां हर पहलू को खंगाल रही हैं।आधिकारिक पुष्टि के बाद ही आगे की जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

## तहसीलदार ने महादेवा में दुकानदारों संग की बैठक



**रामनगर बाराबंकी।** तहसीलदार विपुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस चौकी महादेवा में दुकानदारो और सम्भ्रांत लोगों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।मेले से जुड़े सभी लोगों को अपनी अपनी जिम्मेदारियों के सजग रहने की हिदायत दी गयी। सभी दुकानदार अपनी दुकान के सामने रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाये।किसी भी वस्तु के मूल्य को लेकर विवाद न हो। सभी दुकानदार एकदम फिक्स रेट पर ही बिक्री करें। सभी दुकानदार अपना आधार कार्ड फोटो मोबाइल नंबर एवं दुकान का नाम प्रशासन के पास जमा करे।बिना लाइसेंस के कोई भी दुकान मेला क्षेत्र में नहीं लगाई जाएगी। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हर दुकान के सामने डस्टबिन अवश्य रखा जाए और पूरे मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखी जाए। दुकान के सामने नंगे तार न हों तथा किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाये। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सड़क पर खाने-पीने की वस्तुओं में रंग या केमिकल के प्रयोग पर रोक लगाई गई। थाली का रेट 100 समोसा 10 चाय 10 सहित आदि वस्तुओं को सभी उचित मूल्य पर बिक्री करें।थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने दुकानदारों से संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने और श्रद्धालुओं की सेवा भक्ति भाव से करने की अपील की।इस बैठक में प्रधान अजय कुमार तिवारी प्रधान उस्मान कानूनगो ओमप्रकाश लेखपाल गुरशरण उप निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव सब इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 14वीं पुण्यतिथि पर याद किये गए सुरेन्द्रनाथ अवस्थीः पुत्तू भैया

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई बुलंदियों पर पहुंचने के लिए अपनी राजनीति का बलिदान देने वाले हैदरगढ़ के विकास पुरुष माने जाने वाले स्वर्गीय पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी की 14वीं पुण्यतिथि ग्राम्यांचल महाविद्यालय स्थित स्मृति उपवन में नाम आंखों के बीच मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय अवस्थी से जुड़े लोगों ने उनके विराट व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए हैदरगढ़ क्षेत्र के विकास के लिए किए गए उनके बलिदान को याद किया। स्वर्गीय अवस्थी के सुपुत्र शरद अवस्थी आशुतोष अवस्थी सिद्धार्थ अवस्थी के अलावा एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने उनके साथ बिताए हुए वक्त को याद करते हुए कहा कि वह हमेशा अपने परिवार से ज्यादा हैदरगढ़ के विकास की चिंता किया करते थे यही वजह रही कि उन्होंने हैदरगढ़ के स्वर्णिम विकास के लिए अपने विधायक पद से इस्तीफा देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के लिए अपनी राजनीति का बलिदान कर दिया और हैदरगढ़ के विकास को तरजीह दी यही नहीं शिक्षा के क्षेत्र में अत्यधिक पिछड़े हैदरगढ़ को



उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम्यांचल सेवा समिति के बैनर तले एक के बाद एक शिक्षण संस्थान खोलने का कार्य अनवरत आज भी जारी है। इससे पूर्व स्मृति उपवन में स्थित पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर सरवर सिद्दीकी गंगा बक्श सिंह शिव कुमार चतुर्वेदी माता-पिता धाम के प्रमुख सेवादार पंकज मिश्रा नितिन मौर्य भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा राहुल दीक्षित व्यापारी नेता राजकुमार सोनी करुणेश द्विवेदी भानु मिश्रा अरुण मौर्य राजेश तिवारी हरीश मिश्रा महेंद्र मिश्रा वेद प्रकाश पाठक भोलानाथ मिश्र सहित ग्राम्यांचल परिवार से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** यमराज के रूप में सड़कों पर दौड़ रहे डायनासोर नुमा डंपरों की टक्कर से आज फिर एक घर का चिराग बुझ गया जिससे परिवार में हाहाकार मच गया मंगलवार को तेज़ रफ्तार डंपर की लापरवही के चलते स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार भदोखर थाना क्षेत्र के ग्राम बेला टेकई निवासी अनुज शुक्ला 35 वर्ष पुत्र इंद्र कुमार शुक्ला मंगलवार को दोपहर के समय अपने साथी दिवाकर तिवारी के साथ स्कूटी पर सवार होकर मुराई बाग कस्बा किसी काम से जा रहा था जैसे ही वह डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कुटिया चौराहे भरसना मोड़ के पास पहुंचे,तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें ज़ोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि स्कूटी चला रहे अनुज शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, पीछे बैठे दिवाकर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### प्रथम सत्र में की जायेगी महिला जनसुनवाई

**सीतापुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि सदस्य राज्य महिला आयोग उ0प्र0 लखनऊ सुजीता कुमारी की अध्यक्षता में दिनांक 04.02.2026 को पूर्वान्ह 11ः00 बजे स्थान सदर तहसील सभागार में प्रथम सत्र में महिला जनसुनवाई की जायेगी तथा द्वितीय सत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सखी. ए.एन.एम. के साथ संवाद कार्यक्रम विकास खण्ड परसेण्डी में अपराहन 3.00 बजे आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

### जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराई गईं छात्राएं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी गौरीगंज व नोडल पुलिस अधिकारी अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा पुलिस विभाग के साथ चलाये जा रहे एसपीइएल 3.0 कार्यक्रम के तहत मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज की छात्राओं को क्षेत्राधिकारी कार्यालय गौरीगंज भ्रमण कराया गया तथा क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली जनसुनवाई, सीसीटीएनएस, जांच, विभिन्न रजिस्टरों आदि की जानकारी दी गई। छात्राओं को विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 108, 1076, 112, 1098, 102 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं थाने की एण्टीरोमियों टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर महिला उत्पीड़न एवं छेड़छाड़ की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु संदिग्धों की चेकिंग के संबन्ध में जानकारी दी गई।

# डीपीआरओ की नोटिस के बाद भी सचिव का जवाब नहीं

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत मखुवापुर में दिव्यांग शौचालय निर्माण के नाम पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम सचिव गीतांजलि वर्मा एवं ग्राम प्रधान द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि का बगैर एमबी (मेसेरमेंट बुक) के भुगतान करा लिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य या तो अधूरा है या हुआ ही नहीं। इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों ने लिखित शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) कार्यालय में दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू द्वारा मौके पर जांच कराई गई, जिसमें आरोप प्रथम दृष्टया सत्य पाए गए। इसके उपरांत डीपीआरओ द्वारा सचिव गीतांजलि वर्मा को नोटिस पत्रांक संख्या 10/205, दिनांक 16 जनवरी 2026 जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया था कि समयसीमा में जवाब न देने की स्थिति में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इसके बावजूद, निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी न तो सचिव द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत किया गया और न ही जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई।

## आकाशीय बिजली से जली वायरिंग, हुआ घर में गड्ढा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा हैदरगढ़ के कोठी वार्ड में मंगलवार सुबह तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से तीन मंजिला मकान की छत दरक गई, यही नहीं पूरे मकान की बिजली वायरिंग जलकर नष्ट हो गई। विजयी हनुमान मंदिर के निकट कोठी वार्ड में संदीप कुमार का मकान स्थित हैं। मंगलवार की सुबह अचानक खराब हुए मौसम के बीच लगभग साढ़े दस बजे आसमान में चमकी बिजली उनके मकान के एक हिस्से पर गिर पड़ी। जिसकी वजह से छत में गड्ढा हो गया। उसका मलबा जीने की सीढ़ियों पर बिखर गया। यही नहीं पूरे मकान की वायरिंग जलकर काली पड़ गई। आकाशीय बिजली की जोरदार कड़क से संदीप के परिवार सहित पूरे मोहल्ले के लोग भयभीत हो गए।

# जीर्णोद्धारोपरान्त पुलिस चौकी टिकरिया का हुआ लोकार्पण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

शासन की मंशानुरूप नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन व आमजनमानस को त्वरित पुलिस सहायता पहुंचाने एवं औद्योगिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना गौरीगंज अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया में पुलिस चौकी का जीर्णोद्धार के उपरान्त फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, टिकरिया सीमेन्ट फैक्ट्री के अधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज श्याम नारायण पाण्डेय व अन्य अधिकारी



कर्मचारी गण व क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे। पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया का उद्देश्य उद्यमियों, कर्मचारियों एवं आसपास के लोगों की सुरक्षा एवं त्वरित सहयता सुनिश्चित करना है। पुलिस चौकी के लोकार्पण से औद्योगिक क्षेत्र में व आसपास के क्षेत्रों में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा व लोगों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

### जिला मजिस्ट्रेट ने चार को किया जिला बदर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिनमें अफजल पुत्र मुंशीर निवासी ग्राम पूरे अमिया सराय महेशा थाना जायस व अभियुक्त लालबाबू पुत्र फौजदार निवासी ग्राम पूरे अमिया सराय महेशा थाना जायस एवं अभियुक्त अफसर पुत्र जब्बार निवासी ग्राम पूरे अमिया सराय महेशा थाना जायस तथा अभियुक्त मुंशीर पुत्र भुल्लू निवासी ग्राम पूरे अमिया सराय महेशा थाना जायस को आदेशित तिथि 27 जनवरी से 6 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री SHILPA MARATHE D/O C.K. MARATHE का हाईस्कूल वर्ष 2004 ICSE बोर्ड इंडेक्स नंबर T/1676/047 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**प्रार्थी**
**सी के मराठे मो.-कानूनगोपुरा शहर व जिला बहराइच**


### अप्रेन्टिस मेला में चयनित हुए 27 अभ्यर्थी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में मंगलवार को रोजगार अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि मेले में कुल 57 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में मारुति सुजुकी कंपनी के एचआर प्रदीप कुमार तथा पृथ्वी प्रताप बिल्डीकॉन कंपनी के एचआर प्रताप कुमार द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार के उपरांत मारुति सुजुकी कंपनी में 22 तथा पृथ्वी प्रताप बिल्डीकॉन कंपनी में 5 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, सहायक रोजगार अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा, दिवाकर मिश्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला की अब तक की गयी तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 84 कोसीय परिक्रमा एवं पंचकोसीय परिक्रमा पड़ाव के मार्गों का दुरूस्तीकरण कराया जाये एवं जहां पर सड़क पैचिंग का कार्य होना है, वहां पर कार्य प्रारम्भ किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव में पड़ने वाले मार्गों की झाड़ियों की साफ-सफाई अवश्य करा दी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों पर बैरीकेटिंग, साफ-सफाई, शौचालय, रंगाई-पुताई आदि के कार्य होने हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये एवं जिन स्थानों पर साइजेन लगाये जाने हैं, उनको भी लगवा दिया जाये। साइनेज ऐसे स्थानों पर लगवाये जायें, जहां पर स्पष्ट रूप से दिखायी पड़ें और सही ढंग से स्थापित कराये जायें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत के जर्जर हुये तारों को बदलवानें की कार्यवाही पूर्ण की जाये तथा जहां पर तार नीचे लटक रहे हैं, उनके लिये उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ायी जानी है, उनकी क्षमता बढ़ायी जाये एवं जिन ट्रांसफार्मरों का प्रतिस्थापन किया जाना है, उनका प्रतिस्थापन ससमय करा दिया जाये। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेले के समय पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि घाटों की साफ-सफाई कराते हुये समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाये एवं श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु नावों की संख्या बढ़ायी जाये। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर अभिनव कुमार यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


### आवश्यकता है

पत्रांकः बी.एस.एम./मेमो/2026 दिनांक 02.02.2026

**श्री बैजनाथ शिवकला पी.जी. कालेज, मंगलपुर,बाराबंकी**
**(डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध)**

विज्ञान संकाय यू.जी.सी. द्वारा न्यूनतम अर्हताधारी,माइक्रोबायोलॉजी-01 पद वेतनमान रू. 16000 से 18000 में आवश्यकता है एवं परास्नातक स्तर एम.ए. विषय भूगोल, प्रा. इतिहास-प्रत्येक विषय में 2-2 प्रवक्ताओं वेतनमान रू. 18000 से 20000 में आवश्यकता है।

**नोट-** आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रों, पैन कार्ड व आधार कार्ड के साथ प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुंच जाना चाहिए।

**प्रबन्धक**
**रमेश कुमार वर्मा**
**मो.नं. 9621554399**



**प्रपत्र URC-2**
**अध्याय XXI के भाग-1 के अंतर्गत पंजीकरण के संबंध में विज्ञापन**
**[ कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ख) तथा कंपनी (अधिकृत पंजीकरण) नियम, 2014 के नियम 4(1) के तहत ]**
**सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366(2) के अनुसार अकॉर्डो स्ट्रैटेजिक कंसल्टेंट्स एलएलपी (LLPIN:ACP-5994) जिसका पंजीकृत कार्यालय फ्लैट- 004, ब्लॉक-बी. डालीबाग अपार्टमेंट, 10बी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226001 पर स्थित है, को कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XXI के भाग-1 के अंतर्गत एक शेयर लिमिटेड कंपनी के रूप मे ं पंजीकृत कराने हेतु कंपनी रजिस्ट्रार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तावित कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैंः

"वित्तीय एवं लेखा परामर्श सेवाएँ (राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय), प्रशासन एवं प्रबंधन सेवाएँ, अंतर्राष्ट्रीय कराधान परामर्श, रणनीतिक योजना, मानव संसाधन आपूर्ति एवं व्यावसायिक विकास सेवाएँ, एजेंसी आधारित फंडिंग एवं वित्तीय सहायक सेवाएँ, आईपीओ परामर्श एवं प्रबंधन सेवाएँ, मर्चेंट बैंकिंग सहायक सेवाएँ, दिवाला समाधान पेशेवर (IRP) सेवाएँ, स्टॉक ब्रोकिंग सेवाएँ, बीमा मूल्यांकन सेवाएँ तथा अन्य संबद एवं सहायक सेवाएँ।"

यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर कोई आपत्ति हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस (21) स्पष्ट दिनो ं के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में REGISTRAR OF COMPANIES. CRC, IICA, Manesar, Plot No. 6,7&8, Sector -5. IMT Manesar, Gurgaon को भेज सकते हैं, जिसकी प्रति एलएलपी के पंजीकृत कार्यालय पर भी प्रेषित की जाए।

**दिनांकः 02.02.2026**
**आवेदक का नाम**
**1. तूलिका राज सिंह (DIN- 08186692)**
**2. आकांक्षा सक्सैना (DIN- 03267997)**


# 93825 किसानों में पच्चीस हजार किसानों ने नहीं कराई फार्मर रजिस्ट्री


**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

जल्द से जल्द कराए फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं रुक जाएगा किसान सम्मान निधि का पैसा जिसको लेकर किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है कि फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द करा लीजिए। मंगलवार को महराजगंज ब्लॉक से किसानों को जागरूक करने को लेकर एक वाहन को खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एडीओ जी दिलीप सोनी ने बताया कि महराजगंज तहसील मे कुल 93825 लाभार्थी किसान है जिनमें 25000 किसानों के



द्वारा अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराया गया है वहीं किसानों को जागरूक करने के लिए आज एक वाहन को खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है जो प्रत्येक न्याय पंचायत एवं ग्राम पंचायत में जाकर किसानों को जागरूक करेगा कि जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री करा लीजिए नहीं तो आप किसान सम्मान निधि व कृषि विभाग द्वारा जो अन्य लाभ किसानों को मिलते हैं उनसे भी वंचित हो जाएंगे। इस मौके पर एपीओ राजीव त्यागी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मौसम की करवट से फसल को फायदा व नुकसान ठंड ने की पुनः जोरदार वापसी



**बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र में बीते कई दिनों से सुबह से ही खिल रही तेज धूप के पश्चात मंगलवार की सुबह अचानक मौसम ने तब करवट ली, जब तेज हवा एवं बारिश के साथ ठंड ने एकाएक जोरदार वापसी कर दी। विदित हो कि मंगलवार को हुई इस बारिश से रवी की फसलों को नुकसान भी है और फायदा भी। इस संबंध में क्षेत्रीय किसान प्रीतेंद्र मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, शैलेंद्र यादव, आशीष कुमार, संजय शुक्ला, अमित शर्मा, देवीशंकर शुक्ला, डॉ लक्ष्मीकांत मिश्रा, सत्यनारायण कुशवाहा, राजेश सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह सहित सैकड़ो किसानों का यह कहना है कि मंगलवार सुबह से हो रही यह बारिश गेहूं की फसल के लिए तो कारगर साबित हो रही है परंतु तिलहन की फसल को नुकसान पहुंचा सकती है।वहीं किसानों का यह भी मानना है की बारिश के साथ चल रही तेज हवाएं दोनों फसलों के लिए नुकसानदायक है, क्योंकि तेज हवा के कारण रवी की यह फसले जो अपने अंतिम चरण से पूर्व के चरण की स्थिति में है, उनके गिरने का खतरा बढ़ गया है। साथ ही साथ बारिश ने तो किसानों के चेहरे पर खुशी लाई है, परंतु बारिश के साथ चल रही तेज हवा ने उक्त किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें भी खींच दी है। जो कहीं न कहीं किसानों की कई महीने की कड़ी मेहनत पर पानी फेर सकती हैं। फिलहाल क्षेत्र के किसान अर्ध प्रसन्न मन से असमंजस की स्थिति में पड़े हुए हैं।

## झपकी के चलते पलटा गिट्टी लदा डंपर, खलासी घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को भोर लगभग तीन बजे टांडा बांदा रायबरेली-सुल्तानपुर मार्ग पर काज़ीपट्टी गौरीगंज के पास गिट्टी से लदा एक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसा सुबह करीब 3 बजे का बताया जा रहा है। डंपर संख्या के पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में डंपर का खलासी घायल हो गया, जबकि चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे और घायल खलासी को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर तेज रफ्तार में था और चालक को झपकी आने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी गौरीगंज श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया गिट्टी हटवाकर डंपर को भी सड़क से हटवाकर, यातायात बहाल कराया गया।

# मकान में मिला ग्रामीण का शव, बेटे पर शक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



▸ कन्नौज जिले की सदर कोतवाली के जलालपुर पनवारा गांव का मामला

दो मंजिला मकान में एक ग्रामीण युवक का शव रक्तरंजित अवस्था में मिलने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शक के आधार पर मृतक के बेटे को हिरासत में लेकर पूंछताँछ शुरू कर दी है।कन्नौज कोतवाली के गांव जलालपुर पनवारा निवासी 45 वर्षीय नरेंद्र पाल के एक बेटे सौरभ के अलावा तीन बेटियां हैं जिनमें एक बेटी की शादी भी हो चुकी है। ग्रामीणों की मानें तो सौरभ नशे का आदी है और ऑटो चलाता है। बेटे की आदतों के कारण पिता नरेंद्र अपने बेटे सौरभ से नहीं बोलते थे।

मंगलवार की सुबह जब गांव के निकट ही कुछ दूरी पर बने एक दो मंजिला मकान में चीखने चिल्लाने की आवाज आई तो ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर पहुंच गई। मकान से चीखने चिल्लाने की आवाज उनकी पत्नी और अन्य परिजनों की थी। नरेंद्र की पत्नी के मुताबिक बीती देर रात नरेंद्र के चिल्लाने की आवाज पर जब वह अपनी बेटी के साथ मौके पर पहुंची तो नरेंद्र का शव चारपाई पर पड़ा थाए और शरीर से खून भी निकल रहा था। देखने पर ऐसा जान पड़ रहा था किए नरेंद्र के पेट पर किसी धारदार चाकू या हंसिया से हमला किया गया हो। ग्रामीणों को जब घटना का पता चला तो हड़कंप मच गया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।जिसके बाद मौके पर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई। घटना स्थल से पुलिस द्वारा साक्ष्य भी एकत्रित किए गए। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित जिस दो मंजिला मकान में मृतक रुके थे वहां गाय भैंस भी मौजूद थीं। जानकारी पर पता चला कि मृतक जानवरों को चराकर और खेती करके अपनी जीविका भी चलाते थे। बीती रात भी मृतक इसी घर में रुका था। मृतक नरेंद्र पाल के भाई मुन्नूलाल के मुताबिक बीती सायं नरेंद्र फसल की रखवाली करने गए थे। मकान में मिले ग्रामीण के शव को लेकर मृतक की पत्नी के बयान और मृतक के भाई के बयान में अंतर पर घटनाक्रम में संदेहास्पद स्थित पैदा हो गई है। फिलहाल पुलिस इस पर भी जांच कर रही है। घटनाक्रम की शुरुआती जांच पड़ताल में मृतक के बेटे सौरभ पर शक के आधार पर पुलिस ने उसको पूंछताँछ के लिए अपनी हिरासत में लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक मामले की जांच पड़ताल जारी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटनाक्रम की सही तस्वीर सामने आएगी।

# लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज में गूंजा राम भक्ति का स्वर

▸ संगीतमय सुंदरकांड पाठ और भव्य भंडारा

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नवीन मंडी के सामने शकरपुर रोड पर स्मृतिशेष डॉ. लक्ष्मी गुप्ता की स्मृति में नवनिर्मित लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज में हर्षोल्लास के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आचार्य सुंदरम पाठक ने अभिषेक गुप्ता से राम दरबार का पूजन कराया।

सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ करते हुए भानु प्रताप सिंह चौहान ने कहा भगवान राम की कथा सभी के लिए कल्याणकारी है। यह जीवन के हर कष्ट को दूर कर सुख-शांति प्रदान करती है। सुंदरकांड की महिमा अपार है, इसमें हनुमान जी की भक्ति, शक्ति और समर्पण का वर्णन है, जो श्रद्धालुओं को संकटों से मुक्ति दिलाता है और मनोकामनाओं की पूर्ति करता है। उनके द्वारा गाया गया लोकप्रिय भजन %बजरंगी लाए खबरिया राम आए नगरिया% सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। रुद्र प्रताप सिंह चौहान ने भी अपने मधुर भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया और खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक आरती हुई। इसमें धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, बीना गुप्ता, नरेंद्र कुमार गुप्ता, राधा गुप्ता, राजेंद्र कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता उर्फ चेतन, अनुराग गुप्ता सहित मैनेजर नरेश बाबू शाक्य (गुरुजी), सहायक मैनेजर नरेंद्र सिंह यादव, लालाराम गुप्ता, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, लाल सिंह यादव एवं बड़ी संख्या में परिजन व स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# इबादत, रहमत और माफी में गुजरी शब-ए-बारात की मुकद्दस रात

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार, 15 शाबान 1447 हिजरी को मनाई जाने वाली शब–ए–बारात की मुकद्दस रात शुरू होते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरी रात इबादत, रहमत और माफी में गुजारकर देश और दुनिया में अमन व शांति की दुआएं मांगीं। इस्लामिक जानकार बताते हैं कि शब–ए–बारात मुस्लिम समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे %माफी की रात% या %लैला–तुल–बरात% भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात अल्लाह तआला अपने बंदों के नाम–ए–आमाल (कर्मों का लेखा–जोखा) देखते हैं और उनकी दुआएं कबूल फरमाते हुए गुनाहों को माफ करते हैं। इस रात लोग इबादत में मसरूफ रहते हैं। मस्जिदों में नमाज़ अदा की जाती है, कुरान–ए–पाक की तिलावत, दुरूद शरीफ, इस्तिगफार और दुआएं की जाती हैं।

# धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

श्रीमती रमाबाई राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, विशिष्ट अतिथि प्रभात दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या वंदना यादव तथा कॉलेज की प्रधानाचार्या सरोज यादव ने सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत करने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य एवं भावगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में कक्षा 10 में प्रथम स्थान प्राप्त सरस्वती, द्वितीय सुजाता, तृतीय प्रीति तथा कक्षा 12 में प्रथम नैना यादव, द्वितीय अंशिका और तृतीय कोमल सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में जनपद एवं मंडल स्तर पर स्थान प्राप्त मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि मनोज दुबे ने कहा आप सभी छात्राएं देश के भविष्य की रीढ़ हैं। शिक्षा के माध्यम से न केवल अपना उज्ज्वल भविष्य बनाएं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। कठिन परिश्रम, अनुशासन व आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सरकार लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है क्योंकि शिक्षित बेटी पूरे परिवार को रोशन करती है। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या वंदना यादव ने कहा आज की लड़कियां कल की मजबूत महिलाएं बनेंगी।अंत में प्रधानाचार्या सरोज यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुसेपुर करन सौरिख के प्रधानाचार्य सत्यवान यादव, कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापक साधना यादव सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सुंदरकांड पाठ में बही भक्ति की रसधार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सरित द्विवेदी की पुत्री मन्नत के प्रथम जन्मोत्सव पर आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन–कीर्तन ने सभी को भक्ति रस से ओतप्रोत कर दिया। प्रसिद्ध सुंदरकांड वाचक अरुण पंडित और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सुंदरकांड पाठ में आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और भक्तिमय वातावरण में बजरंगबली की आराधना की। पाठ एवं भजन–कीर्तन के उपरांत सायंकाल भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने मन्नत को शुभाशीष प्रदान करते हुए परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विधायक अर्चना पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. अजहर सिद्दीकी, अपर शोध अधिकारी मंजुल, सिकंदरपुर के चेयरमैन हरिहर सिंह, पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे, प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के समस्त चिकित्सकगण एवं स्टाफ, साथ ही कानपुर नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# रसोई गैस से लगी आग, लाखों का सामान खाक

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



ग्राम रतनपुर में खाना बनाते समय एक घर में भीषण आग लग गई। इससे लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया।

रामकिशन बाथम ने बताया कि गैस सिलेंडर का पाइप रेगुलेटर से अचानक निकल जाने से रसोई में आग लग गई जिसने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि घर में रखा सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। उनके अनुसार, इस घटना में कीमती जेवरात, नकदी, कपड़े और अन्य आवश्यक घरेलू वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं। परिवार को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना के समय घर में मौजूद सभी परिजनों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया मौके पर पहुंचे और स्वयं बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने में जुट गए। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और बाल्टियों व हैंडपंप की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश हिस्सा और सामान जल चुका था। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यह पास के अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# किसानों को अनुकूल खेती से जोड़ने के लिए दिए गए सोलर लाइट ट्रैप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला कृषि रक्षा अधिकारी संत लाल गुप्ता ने बताया कि जनपद के किसानों को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल खेती से जोड़ने के उद्देश्य से सोलर लाइट ट्रैप उपलब्ध कराए गए हैं। यह ट्रैप जनपद के आठों विकास खंडों को कृषि रक्षा इकाइयों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यह सोलर लाइट ट्रैप सौर ऊर्जा से संचालित है जो दिन में चार्ज होकर रात में स्वतः चालू हो जाता है। पराबैंगनी प्रकाश के माध्यम से यह पतंगे, सफेद मक्खी एवं थ्रिप्स जैसे हानिकारक कीटों को आकर्षित कर नष्ट करता है। एक ट्रैप एक से दो एकड़ क्षेत्रफल तक प्रभावी रहता है जिससे कीटनाशकों पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त राई सरसों आलू एवं सब्जियों की फसलों के लिए विभिन्न कीटनाशक एवं रोगनाशी रसायन भी अनुदान पर उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करें।

# खिलाड़ियों ने झटके गोल्ड-सिल्वर मेडल

नेशनल नानचाकू चैंपियनशिप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के लिए यह गर्व का क्षण है जब जिले के नानचाकू खिलाड़ियों ने नेशनल स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। ई.स्टेट कोऑपरेटिव कार्यालय, दादा नगर, कानपुर में 30-31 जनवरी व 1 फरवरी को आयोजित चतुर्थ नेशनल नानचाकू चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम की ओर से कन्नौज के खिलाड़ियों ने दमदार प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम ने सर्वाधिक मेडल जीतकर ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान की ट्रॉफी अपने नाम की।

नानचाकू एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव योगेन्द्र कुमार शर्मा, कन्नौज एसोसिएशन की अध्यक्ष सुनीत शर्मा व महासचिव राखी कश्यप के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में पदक जीते। फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में सार्थक प्रकाश तनिष्का गौतम मेघांश पाल और आरुष शुक्ला ने गोल्ड मेडल हासिल किया। विभू त्रिपाठी व समृद्धि अग्निहोत्री को सिल्वर जबकि तरुण त्रिवेदी ध्रुव शर्मा व अन्नपूर्णा गुप्ता को कांस्य पदक मिला। कांता एवं फाइट कुमीते स्पर्धाओं में भी कन्नौज के खिलाड़ियों ने कई मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया। मेडल जीतने पर जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश सहित अभिभावकों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों के करीब 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# बोर्ड परीक्षाएं नजदीक, बिजली कटौती से जूझ रहे परीक्षार्थी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



यूपी बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत होने में जहां अधिक समय शेष नहीं रह गया है वहीं बोर्ड परीक्षार्थियों के सामने बिजली की कटौती की समस्या को लेकर संकट पैदा हो गया है। बताते चलें कि तिर्वा तहसील क्षेत्र के दिलीप नगर में ग्रामीणों ने बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन में बोर्ड परीक्षा के छात्र भी शामिल रहे। छात्रों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा एक सप्ताह से गांव की बिजली काट दी गई है। परीक्षार्थियों ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से मामले को संज्ञान में लेकर समस्या के निदान की मांग की है। इस मामले में बिजली विभाग के अधिकारी का कहना है कि उपरोक्त गांव में बिजली का बिल के उपभोक्ताओं पर बकाया है जो सूचना के बाद भी नहीं जामा किया जा रहा है बिल जमा होती ही बिजली आपूर्ति शुरू करवा दी जाएगी। फिलहाल गांव के आलम की बात करें तो हर शाम अंधेरा होते ही सिर्फ अंधकार और अंधकार ही आता हुआ नजर आने लगता है।

# बारिश के बाद डीएम ने चमारी, राहिया गौशाला की परखीं व्यवस्थायें

**उरई,जालौन।** जनपद में हुई बारिश के उपरांत गौवंशों की सुरक्षा एवं गौशालाओं में उपलब्ध व्यवस्थाओं का वास्तविक स्थिति में जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम पंचायत राहिया एवं चमारी स्थित गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर गौशाला तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गौशाला तक पहुंचने के लिए वर्तमान में कच्चा मार्ग उपलब्ध है, जिससे बरसात के समय आवागमन में कठिनाई की संभावना रहती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला तक पहुंच मार्ग को शीघ्र सुदृढ़ करते हुए खड़ंजा/अन्य उपयुक्त निर्माण कार्य कराया जाए, ताकि किसी भी मौसम में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित हो सके। राहिया गौशाला में भूसा, चोकर एवं हरे चारे के भंडारण हेतु स्थायी भूसा घर का निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भूसा घर का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला के पास ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि पर नेपियर घास लगे जिससे लगातार गोवंशों को हरा चारा मिल सके।

# जुआं खेलते नजर आए ब्लॉक प्रमुख पति, वीडियो वायरल

▸ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का कहना है कि किसी शरारती तत्व द्वारा उनकी राजनैतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास है

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जुआं खेल रहे लोगों के साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का वीडियो वायरल हुआ तो चर्चा का विषय बन गया। मामले में प्रतिनिधि का कहना है कि जुआं खेलना गलत है पर होली दिवाली तो कुछ लोग समय काटने के कारण खेल लेते हैं किसी ने उनकी छवि को खराब करने के लिए वीडियो वायरल किया है।

बताते चलें किए हंसेरन ब्लॉक प्रमुख सीमा शाक्य के पति ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बीजेपी नेता पुष्पेंद्र शाक्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो चर्चा का विषय बन गया। बताते चलें किए बीजेपी नेता पुष्पेंद्र शाक्य के बीजेपी के बड़े नेताओं से अच्छे संबंध हैं जिससे उनका नाम भी चर्चित है। जुआं खेलने का वीडियो वायरल हुआ तो वीडियो में दिखाई दिया किए कुछ लोग ताश के पत्तों और नकदी के साथ बैठे और पत्तों को खेलते हुए नजर आ रहे हैं।

इस मामले में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का कहना था किए किसी शरारती तत्व द्वारा उनकी राजनैतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। उनका कहना था कि पता नहीं कितने वर्षों पुराना वीडियो वायरल किया गया है यह पता नहीं हो सकता है किए कभी समय काटने को किसी त्योहार पर खेलने बैठ गए होंगे और किसी ने चोरी से वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। फिलहाल कुछ भी हो वायरल वीडियो जिले में चर्चा का विषय जरूर बना रहा।

# रामलीला ग्राउंड में बनेगा आधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट

▸ असीम अरुण की विधायक निधि से गांधी स्मृति का होगा जीर्णोद्धार, 35.50 लाख से होंगे कार्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के रामलीला ग्राउंड में युवाओं और खिलाड़ियों के लिए आधुनिक बास्केटबॉल सिंथेटिक कोर्ट का निर्माण कराया जाएगा। यह कार्य समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण की विधायक निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराया जाएगा। इस परियोजना से जिले के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल सुविधा उपलब्ध होगी और भविष्य में जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रस्तावित विकास कार्यों पर कुल 35.50 लाख रुपये की लागत आएगी। मंगलवार को आयोजित बैठक में राज्यमंत्री असीम अरुण ने यूपी सिडको के अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही रामलीला ग्राउंड परिसर में स्थित गांधी स्मृति का भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसमें मरम्मत, संरक्षण, साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल होंगे। यह पहल खेल विकास के साथ ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

## सूचना

मैंने अपने छोटे पुत्र कवि सिंह के गलत आचरण के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गये कृत्यों व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। जिसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा।
विशुन दयाल पुत्र पुन्नी निवासी रायपुर खास प0 कपिल, तहसील कायमगंज जिला, फर्रुखाबाद।

# लेखाधिकारी की कार्यप्रणाली से शिक्षकों में भारी आक्रोश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लेखाधिकारी पहले तो फोन ही नहीं उठाते और फोन उठने पर सभी शिक्षकों को अलग जवाब देकर उन्हें गुमराह करते हैं। जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि सर्वाधिक परेशान वह शिक्षक हैं जिनकी ईएमआई जमा होनी है। ईएमआई समय पर जमा न होने पर भारी पेनाल्टी देनी होगी। जिला मंत्री ने भी लेखाधिकारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में तीस-पचास फीसदी शिक्षकों ने अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण पोर्टल पर अपलोड कर दिया है फिर उनका वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पांच फरवरी तक वेतन खातों में नहीं पहुंचा तो उनके खिलाफ अग्रिम कार्यवाही के लिए विचार किया जाएगा।

## रास्ते के विवाद को लेकर मां-बेटों को पीटा, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कुरार निवासी सुनील कुमार पुत्र ओमशरन ने गांव के ही संजू, संतोष, प्रमोद पुत्रगण मुन्नू व इंद्रपाल पुत्र किशोरी के विरुद्ध मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 1 फरवरी समय करीब 5:00 बजे उपरोक्त आरोपितों से रास्ते के पीछे विवाद हुआ जब मैंने कहा सुनी की तो उपरोक्त आरोपितों ने मेरी पत्नी प्रीति मेरे पुत्र मंजीत व कुन्हाल के साथ उपरोक्त लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे मेरी पत्नी के सिर में पुत्र मंजीत के हाथ की उंगली में और कुन्हाल के मुंह के ऊपर खुली चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# अवैध बायो डीजल पम्पों से पेट्रोल पम्प संचालकों को हो रहा नुकसान : विजय द्विवेदी

▸ घटिया ईंधन से इंजन फेल, किसान, ग्राहक परेशान
▸ सरकारी तेल कंपनियों के कारोबार पर प्रहार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में बायो-डीजल के नाम पर धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध पम्प अब प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। इन अवैध पम्पों के खिलाफ पेट्रोल पम्प संचालकों ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। संचालकों का आरोप है कि जिले के कई क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर घटिया एवं मानकविहीन डीजल की खुलेआम बिक्री की जा रही है जिससे आम जनता के साथ सीधा धोखाधड़ी हो रही है।

पेट्रोल पम्प संचालकों का कहना है कि इन अवैध बायो.डीजल पम्पों से बिकने वाला ईंधन वाहनों ट्रैक्टरों और औद्योगिक मशीनों के इंजनों को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। इंजन फेल होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं जिससे किसान व्यापारी और आम ग्राहक भारी आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं। साथ ही भारत सरकार की तेल विपणन कंपनियों के अधिकृत पेट्रोल पम्पों का वैध कारोबार भी इन अवैध पम्पों के कारण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है जिससे राजस्व हानि के साथ-साथ गुणवत्ता और सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा जिलाधिकारी कन्नौज को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भाउलपुर, इन्द्रानगर, परौर, इजलपुर, राजपुर, लालपुर एवं सिकन्दरपुर समेत कई स्थानों पर संचालित अवैध बायो डीजल पम्पों की सूची सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। उप्र पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन कन्नौज के जिलाध्यक्ष विजय द्विवेदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो पेट्रोल पम्प संचक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत सहित बड़ी संख्या में पेट्रोल पम्प संचालक मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांक-मीमो/ 1-30/ 2025-26 दिनांक 31/01/2026

-: ई-निविदा सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई-निविदा नोटिस के अनुसार राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा नोटिस संख्या-मीमो दिनांक 31/01/2026

1- अपरान्ह का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2- आमंत्रित निविदा दिनांक 20/02/2026 अपरान्ह 4.00 बजे तक उक्त वेबसाइट पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
3- अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वांछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ निर्धारित तिथि व समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकती है।
4- निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 20/02/208 को अपरान्ह 4.30 बजे खोली जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद

# पीडीए महापंचायत में कार्यकर्ताओं ने भरी सपा की सरकार बनाने की हुंकार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र के गांव मई रसीदपुर में आयोजित पीडीए की महापंचायत में क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। समर्थकों ने प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

मंगलवार को नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर में पीडीए महापंचायत का आयोजन पूर्व प्रधान अजय राज यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र सिंह डब्बल ने किया। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने सभी

- रसीदपुर गांव को गोद लेकर करायेंगे चहुंमुखी विकासः डॉ. जितेंद्र सिंह यादव
- कमजोर वर्ग के छात्रों को निःशुल्क शिक्षित करने का काम किया जायेगा
- कार्यक्रम के सफल आयोजन पर पूर्व प्रधान अजय राज यादव की थपथाई पीठ

कार्यकर्ताओं से आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को


पीडीए महापंचायत में ग्रामीणों को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

फिर से मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। वहीं लोहियावाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग यादव ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करने की बात कही और कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को


कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीण

जिताने का काम किया जाएगा। डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने ब्लॉक प्रमुख कोटे से कराए गए विकास कार्यों को जनता के बीच साझा किया। उन्होंने कहा कि अभी कार्यकाल समापन की ओर है, लेकिन फिर भी एक सड़क और बनवा देंगे। यदि आप लोगों ने आगे भी साथ दिया, तो आने वाले समय में 40 सड़कें बनाने का काम डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव करेंगे। उन्होंने पूर्व प्रधान अजय राज यादव की पीठ थपथपाते हुए कहा कि उनका पीडीए का कार्यक्रम सफल रहा। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने रसीदपुर गांव को गोद लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसमें विकास कराना अब मेरी जिम्मेदारी होगी। इस मौके पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव डॉ. सुभाष पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवरंग सिंह यादव, सपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष अरविन्द कश्यप, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, आदेश यादव, अमर सिंह राजपूत, भूदेव सिंह शाक्य, सुधीर सिंह यादव एडवोकेट, भगवंत सिंह यादव, जयपाल सिंह बाथम, ग्राम प्रधान दूंदेमई प्रमोद कुमार, पूर्व प्रधान मनोज यादव पिपराबोझी तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक अजय राज यादव रहे व संचालन नागेंद्र सिंह डब्बल ने किया।

## डॉक्टर की लापरवाही से नवजात शिशु की गई जान


घटना के बाद रोते बिलखते परिजन

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज की घटना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सोमवार शाम करीब 6 बजे नीरज कुमार अपनी पुत्रवधू अनुष्का उर्फ सोनी पत्नी रिंकू को नगला मना से मोटरसाइकिल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज लेकर आए और अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां रात्रि 11:00 बजे करीब डिलीवरी हुई। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ होने की जानकारी स्टाफ नर्स द्वारा दी गई सुबह 9: 00 स्टाफ नर्स द्वारा दी जानकारी में कहा गया कि बच्चा खत्म हो गया है। इस बीच नीरज कुमार ने स्टाफ नर्स को कई बार बोला कि बच्चे को कोई समस्या तो नहीं है, तो स्टाफ नर्स द्वारा बोला कि बच्चा सही है, तो मैंने कहा बच्चा हमको देखना है, तो स्टाफने देखने को मना कर दिया और सुबह 9 बजे स्टाफ नर्स ने हमसे बोला कि अब बच्चे को देख लो जाकर बच्चा खत्म हो गया है। इस बीच में स्टाफ नर्स के अलावा कोई डाक्टर अस्पताल में उपलब्ध नहीं था।

## मृतक परिवार के घर पहुंचकर परिजनों को दी सांत्वना

- दो पुत्रियों व पुत्र की पढ़ाई का खर्च वहन करने का लिया जिम्मा
- दो चार दिन में राजपाल कश्यप के साथ फिर आने का दिया भरोसा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. जितेंद्र सिंह यादव पीडीए महापंचायत में भाग लेने के बाद मृतक सोबरन पुत्र सियाराम बाथम के घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिया कि दुख की इस घड़ी में वह उनके साथ हैं। उनकी हर सम्भव मदद की जायेगी। जानकारी के अनुसार बीते 24 दिसंबर 2025 की रात में दावत


मृतक के घर पर मौजूद डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

खाकर लौट रहे गांव में रसीदपुर निवासी सोबरन पुत्र सियाराम बाथम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने पर डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव पीड़ित परिजनों के घर पहुंचे और उनसे वार्ता की। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मृतक का पुत्र जो कक्षा 10 में गांव किसरोली में पढ़ रहा है, की पढ़ाई का पूरा खर्चा वहन करने की बात कही। साथ ही उसको अपने संस्थान में नौकरी दिलवाने की बात कही। जिससे पीड़ित परिवार का खर्च चल सके। मृतक की पत्नी भानवती से वार्ता की तथा उनकी दो पुत्रियों नेहा व काजल की भी पढ़ाई लिखाई का खर्च उठाने की बात कही। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि दो-चार दिन में अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर कश्यप सभा के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप तथा अन्य कार्यकर्ताओं को साथ लेकर वह दोबारा फिर आयेंगे और हर सम्भव मदद करने की बात कही।


युवक को मोबाइल सौंपते थाना प्रभारी

## पुलिस ने खोया हुआ मोबाइल बरामद कर धारक को सौंपा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने दो महीने पहले गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे तकनीकी अभियान के तहत की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में इस अभियान को अंजाम दिया गया। इसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार ने भारत सरकार के (सीईआईआर) पोर्टल का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। पुलिस टीम ने पोर्टल के माध्यम से फोन को ट्रेस किया और उसकी सटीक लोकेशन का पता लगाकर उसे बरामद किया। बरामद मोबाइल फोन को उसके वास्तविक मालिक नवनीत कुमार को सुपुर्द कर दिया गया। नवनीत कुमार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गुसरापुर के निवासी हैं। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर नवनीत कुमार ने पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए थाना नवाबगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# पांचाल घाट पर उजड़ने लगा तंबुओं का शहर

- गंगा से सलामती की दुआ मांग घरों को लौटने लगे कल्पवासी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर 3 जनवरी से शुरू हुआ ऐतिहासिक मेला श्रीरामनगरिया अब अपने समापन की ओर है। माघी पूर्णिमा के स्नान के बाद से ही यहां बसा तंबुओं का अस्थाई शहर उजड़ने लगा है। हजारों की संख्या में कल्पवास के लिए पहुंचे संत और श्रद्धालु माँ गंगा से सलामती की दुआ मांगकर अपने आश्रमों और घरों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं।

लगभग 3000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस विशाल मेले में अब दूर-दूर तक खाली स्थान दिखाई देने लगा है। जहां कुछ दिन पहले तक धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भारी चहल पहल थी। वहां अब सन्नाटा पसरने लगा है। शेष बचे कल्पवासी भी अपना सामान समेट रहे हैं और अनुमान है कि 5 फरवरी तक वे भी यहां से प्रस्थान कर जाएंगे। धार्मिक दृष्टि से प्रयागराज के


हटायी जा रहीं झोपड़ियां

कुंभ माघ मेले के बाद फर्रुखाबाद का यह मेला विशेष महत्व रखता है। जिला प्रशासन द्वारा कल्पवास के लिए आने वाले संतों और श्रद्धालुओं के लिए एक माह तक बिजली, पानी और सुरक्षा की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। इस वर्ष यह मेला 3 जनवरी से शुरू होकर 1 फरवरी माघी पूर्णिमा तक चला। मेला श्रीरामनगरिया में इस वर्ष लगभग 700 दुकानें लगाई गई थीं। जिनमें से अधिकांश अभी भी मौजूद हैं। दुकानदारों का कहना है कि वे भी अगले एक-दो दिनों में अपनी दुकानें समेट लेंगे। कन्नौज से आए एक दुकानदार अमित ने बताया कि इस बार उम्मीद के मुताबिक बिक्री नहीं हुई है। जिससे व्यापारियों में थोड़ी निराशा है। भले ही कल्पवासी लौट रहे हों, लेकिन मेले के मनोरंजन क्षेत्र में अभी भी रौनक बरकरार है। यहां लगाए गए विभिन्न प्रकार के झूले और अन्य मनोरंजन के साधन अभी भी संचालित हो रहे हैं। जिनका आनंद लेने के लिए स्थानीय लोग पहुंच रहे हैं।

## मामूली बात पर महिला को पीटा, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी विजय बहादुर पुत्र गिरीश चंद्र ने गांव के ही झब्बू, नेकसे पुत्रगण मिट्ठू लाल, शिवम पुत्र झब्बू लाल, अंकित पुत्र नेकसे के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 28 जनवरी रात 7:00 बजे हमारी पत्नी निशा दरवाजे पर खड़ी होकर उपरोक्त आरोपितों को बच्चों के विवाद का उलाना देने लगी इसी बात को लेकर उपरोक्त सभी आरोपितों ने मेरी पत्नी निशा के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे मेरी पत्नी के शरीर में गंभीर चोटें आईं। बाद में उपरोक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# धड़ल्ले से फल-फूल रहा ऑनलाइन सट्टे का कारोबार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सट्टेबाजी का अवैध कारोबार लगातार नई शक्ल में सामने आ रहा है। अब यह खेल गलियों या चौराहों तक सीमित नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के जरिए खुलेआम युवाओं को जाल में फंसाया जा रहा है। ताज़ा मामला थाना नवाबगंज क्षेत्र से सामने आया है, जहां ऑनलाइन सट्टे का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए सट्टे का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। सट्टेबाजों द्वारा 10 रुपये के बदले 970 रुपये देने का झांसा देकर लोगों को लालच दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि व्हाट्सएप ग्रुव, टेलीग्राम चैनल और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए इस सट्टे को संचालित किया जा रहा है। जहां रोजाना नंबर और गेम के नाम पर लाखों रुपये का लेनदेन हो रहा है। इस अवैध कारोबार में सिर्फ युवक ही नहीं, बल्कि कई महिलाएं और युवतियां भी सक्रिय रूप से शामिल बताई जा रही हैं। जो नए लोगों को जोड़ने और ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से रकम इकट्ठा करने का काम कर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सट्टेबाज पूरी प्लानिंग के साथ युवाओं को आसान कमाई का सपना दिखाकर उनकी मेहनत की कमाई लूट रहे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस सट्टे की वजह से क्षेत्र के कई युवा कर्ज में डूब चुके हैं। पारिवारिक विवाद बढ़ रहे हैं और अपराध की आशंका भी लगातार बढ़ रही है। लोगों का यह भी कहना है कि इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को कई बार दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब सोशल मीडिया पर खुलेआम सट्टे के विज्ञापन चल रहे हैं, लिंक शेयर हो रहे हैं और भुगतान के सबूत भी मौजूद हैं, तो फिर पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। क्या सट्टेबाजों को किसी का संरक्षण प्राप्त है या फिर पुलिस इस पूरे नेटवर्क तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही है। फिलहाल थाना नवाबगंज क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए चल रहे इस सट्टेबाजी के अवैध कारोबार ने कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## हिन्दू सम्मेलन में हिन्दुत्व पर दिया गया जोर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जटवारा रोड स्थित सीपी सभागार में मंगलवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और हिंदुत्व पर जोर दिया गया। इस दौरान बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सुधारक दिलीप कुमार दुबे थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को हिंदुत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दुबे ने कहा कि बच्चों में ऐसे संस्कार डालें जिससे हिंदुत्व को बढ़ावा मिले। उन्होंने बच्चों को अपनी संस्कृति और महापुरुषों के जीवन परिचय से अवगत कराने की बात कही। दुबे ने जोर दिया कि बच्चों में ऐसे संस्कार विकसित किए जाएं। जिससे उन्हें हिंदुत्व पर गर्व हो। वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को एकता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं और उन्हें हिंदू धर्म की विशेषताओं से परिचित कराएं।


कार्यक्रम में मौजूद लोग

# संदिग्ध परिस्थिति में छात्र फांसी पर झूला, जांच में जुटी पुलिस


मृतक का फाइल फोटो

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला तरा निवासी 27 वर्षीय सिकंदर पुत्र अशोक कुमार सोमवार रात को घर से निकला था।

मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे खेत में काम कर रहे किसानों ने उसे घर से लगभग 500 मीटर दूर एक


गुमशुम बैठे मृतक के पजिन

आम के पेड़ पर मफलर से फंदे पर लटका देखा। किसानों ने तुरंत परिजनों को इसकी सूचना दी। मृतक के पिता अशोक, भाई मिथुन, धर्मेन्द्र, बहन सुनहरी और मां मीरा देवी घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष राजेश राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक के पिता अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि सिकंदर ने बीएड की पढ़ाई पूरी कर ली थी और बीटीसी करने के बाद ट्रेनिंग कर रहा था। परिजनों के अनुसार सिकंदर की शादी की बात भी चल रही थी और पांच दिन पहले ही वे लड़की देखने गए थे। पिता ने बताया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उनके बेटे ने आत्महत्या क्यों की। थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर महिला झुलसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कपड़े सुखाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला झुलस गयी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।


महिला को देखते चिकित्सक

कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवरई बरियार गांव में मंगलवार को कपड़े सुखाते समय एक महिला हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। करंट लगने से वह छत से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे तत्काल सीएचसीद्ध में भर्ती कराया। घायल महिला की पहचान एटा जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र निवासी 43 वर्षीय सरोजा के रूप में हुई है। वह शिवरई बरियार स्थित अपने मायके आई हुई थी। मंगलवार को वह घर की छत पर कपड़े सुखाने गई थी, तभी छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करंट लगते ही तेज धमाका हुआ और सरोजा अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गईं। धमाके और चीख पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। महिला को बेहोशी की हालत में तुरंत सीएचसी ले जाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनें लगातार हादसों का कारण बन रही हैं, लेकिन विद्युत विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## मेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव इमादपुर निवासी राजू का गांव में ही खेत है। उसी खेत के बराबर में गांव के ही निवासी युवक का भी खेत है। मंगलवार सुबह लगभग ग्यारह बजे युवक ने राजू के खेत की मेड़ काट ली। जिसकी जानकारी राजू को हुई तो उसने मेड़ काटने का विरोध किया। जिस पर युवक राजू को गाली-गलौज करने लगा। राजू के द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने राजू की लाठी-डंडों व लात-घूसों से मारपीट कर दी। बचाने आए भाई पवन और उत्सव को भी मारापीटा। मारपीट में राजू चोटिल हो गया। थाने पहुंचकर राजू ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# राजेपुर ब्लॉक में संपूर्णता अभियान शुरू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर ब्लॉक में मंगलवार को संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाना है। कार्यक्रम में अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया और अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। यह अभियान नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अभियान की सफलता के लिए शपथ


चल रहा हस्ताक्षर अभियान

दिलाई और शपथ बैनर पर हस्ताक्षर भी किए गए। अमृतपुर के भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि भारत सरकार ने देश के अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज के क्षेत्रों के तेजी से विकास के लिए आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू किए हैं। सीडीओ विनोद कुमार ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉकों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और अवसंरचना जैसे कई क्षेत्रों में आवश्यक सरकारी सेवाओं की पूर्ति के लिए संपूर्णता अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से आकांक्षी ब्लॉकों पर विशेष ध्यान दिया जा सकेगा। जिससे उन्हें विकसित ब्लॉकों और जिलों की श्रेणी में लाया जा सके। केंद्र और राज्य सरकारें पिछड़े तथा अति पिछड़े जिलों को विकसित करने के लिए यह योजना चला रही हैं। जिससे लोगों को बुनियादी सुविधाएं आसानी से मिल सकें। उन्होंने जमुनहा के विकास के लिए निर्धारित सभी संकेतकों को समय सीमा के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया। ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए विकास खंड स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर सीडीओ विनोद कुमार, बीडीओ सुनील कुमार, एडीओ पंचायत अजीत पाठक, ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी और सचिव शिव सिंह सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चोरों ने नकदी व जेवरत किये पार, कुछ दूरी पर मिला बक्सा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने बीती रात एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी व जेवरात पार कर दिये। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के खुदागंज गांव में सोमवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया।

चोरों ने कमरे में रखा एक बक्सा चोरी कर लिया। यह घटना पीड़ित मानसिंह के घर पर हुई। पीड़ित के अनुसार चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाया और कमरे में घुसकर बक्सा उठा ले गए।

बाद में घर से कुछ मीटर की दूरी पर वह बक्सा पड़ा मिला। हालांकि उसमें रखी नकदी और कीमती


खेत में चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान

जेवरात गायब थे। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि अभी तक इस घटना की लिखित सूचना नहीं दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि लिखित तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच की जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को दिये गये सफलता प्राप्त करने के गुर



छात्र को प्रमाण पत्र देते अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जीवीए ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूट के द्वारा आयोजित छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार रहे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभात अवस्थी, श्वेता दुबे, शैलेन्द्र सिंह राठौर, प्रधानाचार्य अनिल सिंह एवं प्रवक्ता डॉ. मनोज चतुर्वेदी सहित विभिन्न लोग उपस्थित रहे। जीवीए टैलेंट हंट एग्जाम में सफल छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। जिसमें सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार अक्षय बाजपेई, द्वितीय पुरस्कार अनिकेत राजपूत एवं तृतीय पुरस्कार सोयल श्रीवास्तव को दिया गया। जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार वैष्णवी, द्वितीय रचित एवं तृतीय पुरस्कार अनिकेत को दिया गया। साथ ही टॉप टेन पुरस्कार सहित सांत्वना पुरस्कार भी बच्चों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं देश भक्ति का रंग देखते बन रहा था। छात्र छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर के एवं बैक बैंचर्स नाटक का मंचन किया। जिसमें वहां उपस्थित लोगों ने बहुत प्रशंसा की। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार ने जीवीए ग्रुप को वर्तमान में छात्रों का हितैषी बताते हुए कहा कि वास्तव में जीवीए टैलेंट हंट एग्जाम के द्वारा निदेशक विपिन अवस्थी ने छात्रों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का काम किया है। आज का विद्यालय जीवन संपूर्ण संसाधन युक्त है और एक हमारे समय में किसी भी तरह के आकर्षक पुरस्कार तो बहुत बड़ी बात थी। उन्होंने कहा आज डिजिटल युग है इस युग में संपूर्ण संसाधन उपलब्ध हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभात अवस्थी ने बच्चों को शिक्षा के असले मूलमंत्र दिए। शैलेन्द्र सिंह राठौर ने भी अपने युवा जीवन और उसमें आने वाली कठिनाइयों के बारे में छात्रों को जागरूक करते हुए बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने भी बच्चों को आगे बढ़ने के लिए अथक प्रयास करते रहने की बात कही। डॉ. मनोज चतुर्वेदी ने कहा कि आज सरकारों को बच्चों के सर्वांगीण विकास का मुद्दा उठाना चाहिए न कि इधर उधर की बात करनी चाहिए। अध्यापिका डॉ. रूबी चतुर्वेदी ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कौशलेंद्र द्विवेदी, रवि बाजपेई, सुधीर अवस्थी, अजय अवस्थी, मोहन अवस्थी, शिवम सिंह, अभिषेक प्रताप चौहान, शिवा बाजपेई, आलोक मिश्रा, प्रवल अग्निहोत्री, प्रमोद दीक्षित, सलीम रज़ा, शिवम त्रिपाठी, दिवाकर द्विवेदी, आशुतोष द्विवेदी, देवेश नारायण अवस्थी, पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी, ज्ञानेंद्र सिंह राठौर, मुस्कान वर्मा, प्रसून सक्सेना, आदित्य मिश्रा, राजन दीक्षित, श्यामजी अग्निहोत्री, अतुल अग्निहोत्री एवं संस्था की संचालिका शिल्पी सक्सेना, मोहन अवस्थी, सिमरन सिंधी आदि लोग उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत संस्थापक विपिन अवस्थी ने किया।

## पुलिस पर पत्रकार व उसकी पत्नी को पीटने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घटना की वीडियो बनाने के दौरान पत्रकार के साथ अभद्रता व मारपीट की घटना से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पीड़ित ने शहर कोतवाली के दो सिपाहियों पर मारपीट व मोबाइल छीन कर जमीन पर पटक देने का आरोप लगाया है। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला हाथीखाना निवासी शानू खां पुत्र मुजफ्फर हुसैन ने मुख्यमंत्री सहित कई आलाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। जिसमें दर्शाया कि मंगलवार को मोहल्ला डबगिरान में शहर कोतवाली के सिपाही अंकित, मनोज चौधरी एक युवक को पकड़कर पीट रहे थे। इस दौरान मैंने इस घटना की वीडियो बनाने लगा, तभी सिपाही मुझसे व मेरी पत्नी को मां-बहन की गालियां देने लगे। विरोध करने पर मोबाइल छीनकर वीडियो डिलिट कर जमीन पर पटक दिया। मुझे व मेरी पत्नी के साथ मारपीट की और झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। जब कोतवाली गये तो वहां भी मेरी सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने मुख्यमंत्री के अलावा डीएम, एसपी को भी शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

# डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने श्री बालाजी गेस्ट हाउस का किया उद्घाटन


फीता काटकर उद्घाटन करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, मौजूद सुरेन्द्र सिंह गौर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. जितेंद्र सिंह यादव नवाबगंज क्षेत्र में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के गेस्ट हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस गेस्ट हाउस के खुलने से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा।

मंगलवार को रसीदपुर गांव में पीडीए महापंचायत में भाग लेने के बाद समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव के नवाबगंज स्थित श्री बालाजी गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया। इस दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि इस गेस्ट के शुरु होने से क्षेत्रीय लोगों को काफी लाभ होगा। इसके बाद डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने विकास खंड क्षेत्र के ही ग्राम मड़िया में चल रही सामूहिक भागवत कथा में भी भाग लेकर माथा टेंका तथा सर्वमंगल की कामना की।

## गौरक्षिणी सभा भूमि की सही पैमाइश कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री गौरक्षिणी सभा द्वारा संरक्षक डॉ. हरिदत्त द्विवेदी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गौरक्षिणी सभा गौशाला की भूमि की सही पैमाइश कराये जाने की मांग की है। प्रशासन द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा पैमाइश की गई थी, जो भेदभाव पूर्ण है। अधिकारियों ने ग्राम के लोगों के प्रभाव के कारण जमीन की सही पैमाइश नहीं की। गाटा संख्या 88/270 का कब्जा अधिकारियों द्वारा दिलवा दिया गया। गाटा संख्या 86 की कोई पैमाइश नहीं की गई। गाटा संख्या 87 की भूआकर्ति बदलकर नाले का नम्बर देखकर कहा कि यह नाला आपका है। गौशाला संचालन करने वाले सभी लोग नगर में रहते है। ग्राम के लोग अपने हित में सार्वजनिक भूमि में मनमाफिक रद्दोबदल कराकर अपने हित हेतु गौचर भूमि का उपयोग करते है। भूमि की सही पैमाइश कराकर गौवंश के भरण पोषण में सहयोग करने की मांग की गई है। साथ ही दूसरा ज्ञापन गौशाला जाने वाले मार्ग पर पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की गई। विकास खण्ड बढ़पुर के माधौपुर में भारतीय संस्कृति के प्राचीन स्थल टोका घाट पर प्राचीन शिव मंदिर है, पंचायत भवन है। 1907 से लगातार निरंतर गौमाता की सेवा में गौरक्षिणी सभा गौशाला है। 200 गौवंश है, जो पुलिस प्रशासन द्वारा पकड़े गये गौवंश वहीं है। जिसको लेकर 500 मीटर माधौपुर से सनीदेव मंदिर तक पक्की सड़क दोनों तरफ निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बीएसए से मिले शिक्षक

## समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन


बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने अपने साथियों के साथ बेसिक शिक्षाधिकारी व वित्त लेखाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कार्यालय द्वारा जारी आदेश की ओर ध्यान आकृष्ट कराना है, कि समस्त बेसिक शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की चल-अचल सम्पत्ति को ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर 31 जनवरी तक अपलोड करने के निर्देश दिये गये थे। जबकि मुख्य सचिव शासन के शासनादेश दिनांक 6 जनवरी में स्पष्ट किया गया कि केवल राज्य कर्मचारियों को ही चल अचल सम्पत्ति का ब्यौरा 31 जनवरी तक देना है। उच्चाधिकारियों से वार्ता विमर्श कर शिक्षकों के हित में परिषदीय विद्यालयों का वेतन भुगतान करने की मांग की गई। मौसम अति खराब होने के कारण विद्यालयों का समय 10 बजे से 2 बजे किये जाने की मांग की गई। परिषदीय विद्यालयों में बिजली विभाग का बिल भुगतान हेतु लाखों रुपये अवशेष है। जिसके कारण कई विद्यालयों के कनेक्शन भी विच्छेदित कर दिये गये है। विगत वर्षों की भांति इस धनराशि का भुगतान स्थानीय निकायो से कराने हेतु कार्यवाही की जाये। सीटीईटी/ यूपीटीईटी परीक्षा में सम्मलित शिक्षकों का सामूहिक आदेश निग्रत करने की मांग की गई। साथ ही जनवरी माह का वेतन भुगतान करने की भी मांग की गई। समस्याओं का तीन दिन में समाधान करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक, प्रवेश सिंह राठौर, पंकज राजपूत, सोमनाथ दीक्षित, प्रदीप चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र यादव, आराधना पाण्डेय, शिवम चतुर्वेदी, राजवीर सिंह यादव, शिवम माथुर आदि लोग मौजूद रहे।

## मेला रामनगरिया में लगे बीमा सखी शिविर का हुआ समापन


महिलाओं को जानकारी देते कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला रामनगरिया में लगाए गए जीवन बीमा निगम के शिविर का समापन हो गया।

मेले में शिविर की उपलब्धियां पर चर्चा की गई। इसके साथ ही आयोजन में मौजूद लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। शिविर में बताया गया कि इन योजनाओं को अपने परिवार तथा स्वास्थ्य के जीवन को सुरक्षित कैसे रखा जाए। एलआईसी के अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना बीमा सखी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जिसके माध्यम से भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है व उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का रास्ता बतलाया गया है। ग्रामीण महिलाओं तथा स्नातक तक की बालिकाओं ने इसमें अपनी पूरी रुचि दिखाई तथा बहुत महिलाओं ने पंजीकरण भी कराया। मौके पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनीष कुमार प्रेमी, सीएलआईए आरपी सिंह, सहायक शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार राय, प्राचार्य एटीसी भूपेंद्र प्रताप सिंह, विकास अधिकारी महेश्वर सिंह, अमन जैन, अनुज कुमार, शिवम दीक्षित, शुभम बघेल, निखिल सिंह, हरिकिशन, विनय द्विवेदी, रविन्द्र पांडेय, अविरल बाजपेयी आदि ने सहभागिता की और आम जन से जानकारियां साझा कीं।

## इग्नू में प्रवेश की अन्तिम तिथि हुई 15 फरवरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विशविद्यालय इग्नू ने जनवरी सत्र के लिये ओ.डी.एल. मोड तथा ऑन लाइन मोड में प्रवेश की अन्तिम तिथि को 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है। अब विद्यार्थी 300 से अधिक शैक्षणिक व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में बिना किसी विलम्ब शुल्क के नामांकन करा सकते हैं। डीएन कॉलेज फतेहगढ़ स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 के सम्नवयक डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र और प्रवेश प्रभारी डॉ. अनामिका सिन्हा ने ईमेल के माध्यम से इस तिथि विस्तार की सूचना दी है। अध्ययन केन्द्र 2729 में स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.कॉम., बी.ए. ऑनर्स और बी.बी.ए. जैसे कोर्स उपलब्ध हैं। परास्नातक में हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, इतिहास व एम.कॉम. जैसे कई विषय हैं। इसके अलावा डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स भी कराये जाते हैं। जिनमें ग्रामीण विकास, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा और बाल्यावस्था देखभाल शिक्षा जैसे विषय शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी को समर्थ पोर्टल पर जाकर सर्वप्रथम अपनी ए.बी.सी. आईडी बनानी होगी। जिसके बाद वे अपने कोर्स, स्टडी सेन्टर और रीजनल सेन्टर का चयन कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर शुल्क जमा कर सकते हैं।

# एआईएमआईएम की बैठक सम्पन्न


मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लेमिन यूपी मे दलित मुस्लिम गठजोड़ के साथ 2027 में अपना परचम फहराने के लिए तैयारी की है। मुस्लिम वोट बैंक के बल पर कुर्सी हासिल करने बालो के चहरे से नकाब उतार फेंकेगी। जिला अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र सियासी बेदारी सभा क कर युवाओं को जोड़ा जायेगा। शहर के मोहल्ला नोलक्खा छोटा बंगशपुरा में युवा सेवक इमरान सिद्दीकी की ओर से मजलिस के बैनर तले सियासी बेदारी सभा का आयोजन किया गया। जिला महासचिव व विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मददीन सिद्दीकी ने जिला अध्यक्ष आरिफखान का स्वागत किया। इमरान सिद्दीकी मीडिया प्रभारी बनाये गये। संचालन मोहम्मद्दीन सिद्दीकी ने किया। उन्होंने पार्टी की रीति-नीति पर प्रकाश डाला। कामरान खान, इदरीस सिद्दीकी ने अध्यक्षता की। इस मौके पर बब्बन खान, साजीद सिद्दीकी, अंसार सिद्दीकी, जाकिर सिद्दीकी, नईम सिद्दीकी, बकील सिद्दीकी, जीशान मंसूरी, इदरीस सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

### मीडिया प्रभारी बने इमरान सिद्दीकी

# जू.पू.मा.शि. संघ ने की जनवरी माह का वेतन दिलाये जाने की मांग


वित्त लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां व जिला कोषाध्यक्ष विमलेश शाक्य, सुधीर, त्रिपुरारी त्रिवेदी आदि ने वित्त लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनवरी माह का वेतन भुगतान करने की मांग की है। वित्त लेखाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में जनवरी माह का वेतन आहरण हेतु मांग की गई है। जनपद में परिषदीय शिक्षकों की माह जनवरी 2026 के वेतन की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

जबकि प्रदेश के अन्य जनपदों में सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत किये बगैर वेतन परिषदीय शिक्षकों को जारी कर दिया गया है। ऐसे में मांग है कि अविलंब परिषदीय शिक्षकों का वेतन जारी किया जाये।

# ऐमराह फाउंडेशन द्वारा युवा उद्यमी जागरुकता कैम्प का हुआ आयोजन


कैम्प में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऐमराह फाउंडेशन के तत्वावधान में कैम्प का आयोजन हुआ। जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र के सहयोग से आयोजित कैम्प में लगभग 100 लोगों ने प्रतिभाग किया।जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र के अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को 5 लाख रुपये तक का लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह लोन उन युवाओं के लिए है जो अपना नया व्यवसाय, सर्विस सेंटर या ट्रेनिंग सेंटर शुरू करना चाहते हैं।

अधिकारियों ने बताया किया कि उत्तर प्रदेश का कोई भी पात्र नागरिक अपने जिले के जिला उद्योग केंद्र से संपर्क कर इस योजना का लाभ उठा सकता है। कैंप में मौजूद युवाओं ने योजना में गहरी रुचि दिखाई दी। जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र की ओर से अशोक प्रियदर्शी ने ऐमराह के मुख्यालय पहुंचकर सहायता कैंप में उपस्थित लोगों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता और लाभों के बारे में सरल भाषा में समझाया। इस अवसर पर ऐमराह फाउंडेशन के नेतृत्वकर्ता, संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## तृतीय सोपान शिविर में छात्रों ने दी परीक्षा


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में आयोजित तृतीय सोपान जांच शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ जिला मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा प्रधानाचार्य भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज द्वारा किया गया। मुख्य प्रशिक्षक चमन शुक्ला एवं तरुण कुमार शुक्ल द्वारा ध्वज शिष्टाचार का प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रशिक्षक गजेंद्र सिंह और पुष्पेंद्र कुमार शर्मा द्वारा गांठ का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में प्रवेश एवं प्रथम सोपान की परीक्षा ली गई। इस अवसर पर उपस्थित जिला सचिव डॉ. महेश चंद्र राजपूत ने स्काउट और गाइड की महत्व के बारे में बताया। प्रधानाचार्य प्रमोद चंद गंगवार ने स्काउट और गाइड गीत से बच्चों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र शर्मा, सुनीता दुबे एवं पूजा वर्मा उपस्थित रही।

# व्यापारियों पर लगा मुकदमा वापस न हुआ तो व्यापारी मुख्यमंत्री से मिलेंगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर उद्योग व्यापार मण्डल के युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के विरुद्ध पुलिस के द्वारा जो कार्यवाही की जा रही है वह निंदनीय है। नगर अध्यक्ष इकलाख खान व महामंत्री राकेश सक्सेना ने जारी विज्ञप्ति कर अपने बयान में कहा है कि युवा व्यापार मण्डल के द्वारा पूर्व में पुलिस अधीक्षक को बजरिया चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही करने व जांच के लिए ज्ञापन दिया गया था। एक सप्ताह का समय बीत गया, कोई कार्यवाही न होने पर युवा व्यापार मण्डल ने पुलिस प्रशासन को याद दिलाने के लिए मशाल जुलूस निकाला। पुलिस प्रशासन ने दिये गये ज्ञापन को संज्ञान में न लेकर निकाले गये जुलूस के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ कर दी, जो गलत है। ऐसे में अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। व्यापार मण्डल की सभी क्षेत्रीय इकाईयां पुलिस कार्यवाही की निंदा करती है। नगर उद्योग व्यापार मण्डल सभी इकाईयों के साथ चौकी इंचार्ज बजरिया के विरुद्ध जांच कराये जाने की मांग करता है। अगर कार्यवाही नहीं की जाती है और चौकी इंचार्ज को हटाया नहीं गया तथा मुकदमा समाप्त नहीं किया गया तो प्रदेश नेतृत्व मुख्यमंत्री के समक्ष इस प्रकरण को ले जायेगा। संयुक्त रुप से सभी ने हस्ताक्षर कर घटना की निंदा की है उसमें सभासद कृष्ण मोहन वर्मा, सभासद अनीता, सभासद पूनम देवी, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, महिला नगर अध्यक्ष प्रीती गुप्ता, योगेन्द्र प्रकाश आर्य, मनोज कुमार, महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अरुण अग्निहोत्री, प्रशांत कुमार कुशवाहा, शान मोहम्मद खान, नितिन गुप्ता, आमिर खान, दिलीप कुमार, पीयूष कुमार आदि ने घटना की निंदा की है।

# परीक्षा पर चर्चाः इतिहास में विद्यार्थी हेडिंग एवं डायग्राम अवश्य बनायेंः डॉ. नीतू मसीह


डा0 नीतू मसीह, प्रधानाचार्या


कक्षा 10 की छात्रा गरिमा


कक्षा 10 की छात्रा काजल


कक्षा 12 की छात्रा एस्थर


कक्षा 12 की छात्रा खुशबू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए छात्राओं के लिए उपयोगी टिप्स एवं मार्गदर्शन पर ध्यान रखते हुए रखा बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या इतिहास प्रवक्ता डा0 नीतू मसीह ने बताया कि छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए मार्ग दर्शन निरंतर दिया है, जो चैप्टर महत्वपूर्ण है, उसमें हर साल लघु व दीर्घ दोनों प्रश्न आते है। 5 व 8 और 10 नम्बर के प्रश्न बनाने की पूरी संभावना से अच्छे अंक मिलते है। पूरा स्वतंत्रता संग्राम इसी कवर में होता है। चैप्टर में खास तौर से याद करने वाले टॉपिक्स 1857 का विद्रोह, उसके कारण स्वरुप व परिणाम, कांग्रेस की स्थापना 1885 एवं स्वदेशी आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन 1942, महात्मा गांधी की भूमिका, स्वतंत्रता और विभाजन 1947, सविनय, अवज्ञा, आंदोलन आदि महत्वपूर्ण चैप्टर है। लिख-लिख कर याद करें और मैप की प्रैक्टिस करें, जिससे बोर्ड परीक्षा में छात्राओं को अच्छे अंक मिल सकें। विद्यालय में छात्राओं को बेहतर तैयारी करने के लिए तनाव मुक्त वातावरण के साथ महत्वपूर्ण सुझाव समय-समय पर दिये जाते है। छात्र-छात्राओं को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं गैप लेकर पढ़ना चाहिए। अध्यन करते समय बीच-बीच में रुकना भी चाहिए। विषय वार पुनरावृत्ति पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कठिन विषयों का निरंतर अभ्यास एवं बोल कर व लिखकर स्वयं याद करना चाहिए। मोबाइल फोन एवं अन्य भटकाने वाले साधनों से दूर रहना चाहिए। साथ ही संतुलित आहार व पर्याप्त नींद एवं सकारात्मक सोंच बनाये रखनी चाहिए। परीक्षा जीवन का महत्वपूर्ण चरण है, जिसे आत्मविश्वास व धैर्य मनोयोग से बनाये रखना चाहिए।

कक्षा की छात्रा गरिमा ने बताया कि शिक्षिकाओं द्वारा जो बताया गया है उसे मैंने हाईस्कूल की परीक्षा के लिए तैयारी की है। शिक्षिकाओं की मार्ग दर्शन में मेहनत से परीक्षा की तैयारी आत्मविश्वास के साथ की है। कई प्रश्नों के उत्तर रिवीजन करने के लिए लिख-लिखकर तैयारी की है। परीक्षा में पूछे जाने वाले सभी प्रश्नों के पहले से ही नोट्स तैयार किये है, जिसमें विषय वार तैयारी की है। इतिहास में जन्म तिथि व उनका जीवन काल एवं कार्य व शासनकाल आदि प्रश्नों के सटीक उत्तर कापी पर लिखकर रिवीजन किये है।

कक्षा 10 की छात्रा काजल ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों पर जानकारी देते हुए बताया कि नियमित विद्यालय में पढ़ाये गये प्रश्नों को घर पर जाकर रिवीजन किया। प्रधानाचार्या द्वारा इतिहास विषय में जो बताया गया उसके लिए प्रश्नवार नोट्स बनाये और उनको पढ़कर उत्तर लिखे। इतिहास में लघु व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न भी आते है, जिनकी तैयारी पूर्ण रुप से की है। असहयोग आंदोलन, स्वदेशी आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन आदि भूमिकाओं के प्रश्न बोर्ड परीक्षा में जरुर आयेंगे। जिसके तहत मैंने तैयारी की है।

कक्षा 12 की छात्रा एस्थर ने बताया कि हर चैप्टर को खास तौर से तैयार किया है। प्रधानाचार्या इतिहास प्रवक्ता डा0 नीतू मसीह द्वारा बताये गये प्रश्नों को समयबद्ध रिवीजन करने के लिए लिखित अभ्यास किया है। कई चैप्टर महत्वपूर्ण है। जिसमें 5, 8 व 10 नम्बर के प्रश्न बनाने की पूरी संभावना है। पूरा स्वतंत्रता संग्राम चैप्टर को कवर किया है। महात्मा गांधी की भूमिका, स्वतंत्रता और विभाजन तिथियां आदि लिख-लिखकर तैयारी पूर्ण रुप से की है। जिसके द्वारा परीक्षा में अच्छे अंक आने की पूर्ण संभावना है।

कक्षा 12 की छात्रा खुशबू ने बताया कि इतिहास में मैन अध्याय को ध्यान में रखते हुए कई बार पढ़ा है और समय-समय पर शिक्षिकाओं के मार्ग दर्शन में पहले से तैयारी की है। हर चैप्टर को महत्वपूर्ण ढंग से लिखा है। प्रश्न में पूछे गये कार्य व विधियां, अर्थ एवं कारण, स्वरुप, परिणाम जो मैन होते है, जिनमें अच्छे अंक मिलते है। इन प्रश्नों को रिवीजन करने से अभ्यास हो जाता है। कई प्रश्नों के उत्तर बोल-बोल लिखने से उस घटना व प्रश्न का पूर्ण रिवीजन अपने आप में होता है, जिससे बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक मिलते है।

# कांग्रेस नेता अखिलेश तिवारी की पुण्यतिथि पर भण्डारा सम्पन्न


भण्डारा में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री रहे पूर्व विधायक स्वर्गीय विमल प्रसाद के पुत्र स्वर्गीय अखिलेश तिवारी की 9वीं पुण्य तिथि पर एटा कोडीनेटर शिवाशीष तिवारी ने अपने आवास सेठ गली में भंडारा का आयोजन किया। सभी परिजनों ने अखिलेश तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। शिवाशीष तिवारी ने बताया कि बेरे बाबा पूर्व विधायक स्व0 विमल प्रसाद तिवारी के साथ मेरे पिता जी ने पार्टी के लिए कार्य किया। आज वह मेरे बीच नहीं है, उनकी स्मृतियां शेष है। इस मौके पर तन्मय मिश्रा खेल कूद प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष, देवाशीष तिवारी तिवारी, अभिषेक राजपूत, आदित्य मिश्रा, आयुष मिश्रा, डमरू राजपूत, आकाश, दीपक चतुर्वेदी, सौरव कुमार, प्रांशु दिवाकर, शीश मल्होत्रा, असलम, रोमिल रस्तोगी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### समाजसेवी व साहित्यकार राम मोहन गुप्त को मिला लखीमपुर गौरव सम्मान-2026



**लखीमपुर खीरी।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं साहित्यकार राम मोहन गुप्त को उनके निरंतर सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण और जनहित में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'लखीमपुर गौरव सम्मान–2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार फाउंडेशन ट्रस्ट, सोलर उपभोक्ता फोरम एवं इंटरनेशनल नवोदयन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वूगी वूगी महोत्सव–2026 के अवसर पर प्रदान किया गया। स्थानीय नसीरुद्दीन मौजी स्मारक सभागार (विलोबी मैदान) में आयोजित इस भव्य महोत्सव के दौरान, पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके अपूर्व योगदान को रेखांकित करते हुए वूगी वूगी महोत्सव एवं सुपर रूफटॉप सोलर एक्सपो के मुख्य संयोजक डॉ. आर.सी. पारस तथा सुप्रसिद्ध चित्रकार सलीम सर द्वारा राम मोहन गुप्त को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करते समय सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर गुरजीत अजमानी, हीरा सिंह, मयूरी नागर, रश्मि महेंद्रा, रंगकर्मी चित्रकार संजीव गुप्ता, अरविंद ओझा, अजय श्रीवास्तव, विशाल शुक्ला, डॉ. अबरार खान, शिवपूजन लाल सेन, सलीम बेग, प्रगट सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि, साहित्यप्रेमी, कलाकार एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामाजिक चेतना, पर्यावरणीय जागरूकता और सांस्कृतिक एकता का सशक्त संदेश दिया।

### फॉरेंसिक टीम ने गांव पहुंचकर जुटाए साक्ष्य, मृतक की मां बोली- सरकार से मुआवजे की उम्मीद, अब तक सरकारी लाभ से अछूते



**निघासन (खीरी)।** निघासन क्षेत्र के पचपेड़ी गांव में दस वर्षीय बालक की मौत के सनसनीखेज प्रकरण में जांच तेज हो गई है। मंगलवार को फॉरेंसिक टीम गांव पहुंची और घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। टीम ने केले के खेत से केले के पत्ते, जमीन पर पड़े खून के छींटे, टोपा, चप्पलें और खेत की मिट्टी के नमूने लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया। फॉरेंसिक टीम के लौटने के बाद पुलिस अधिकारियों ने जल्द खुलासे का भरोसा दिलाया। पुलिस के अनुसार, सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक जांच के लिए भेजा गया है। टीम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर शव परिजनों को सौंप दिया। सोमवार देर शाम परिजनों ने शव को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया। बताया गया कि पचपेड़ी गांव निवासी गुलाम हसन (10) शुक्रवार की सुबह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। तीसरे दिन रविवार को गांव के बाहर केले के खेत में बालक का अधखाया शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया। सोमवार को जब पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मां–बाप और रिश्तेदारों की चीख–पुकार से माहौल गमगीन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही सपा नेता हिमांशु पटेल, पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश तिवारी तथा दक्षिण निघासन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मोबिन आरिफ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। मृतक की मां रुकीना ने बिलखते हुए बताया कि परिवार बेहद गरीबी में जीवन यापन कर रहा है। एक झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं और अब तक किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि बेटे की मौत ने परिवार की कमर तोड़ दी है। अब सरकार से ही न्याय और सहारे की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाक ओवर से आरके इलेवन हथेड़ा की टीम फाइनल में पहुंची

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित बिरसा मुंडा ग्राउंड पर चल रहे हथेड़ा प्रीमियर लीग 2026 के सेमी फ़ाइनल मैच में मंगलवार को प्रयागराज क्रिकेट क्लब व आरके इलेवन हथेड़ा क्रिकेट क्लब के बीच खेला होना था लेकिन प्रयागराज क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित समय तक ग्राउंड पर नही पहुंची। जिस पर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय द्वारा आरके इलेवन हथेड़ा की टीम को वाक ओवर देते हुए अगले चक्र में प्रवेश किया है। अब बुधवार को फ़ाइनल मैच आरके इलेवन हथेड़ा व बिरसा मुंडा क्रिकेट क्लब हथेड़ा के बीच खेला जायेगा। फ़ाइनल मैच के विजेता टीम को कमेटी द्वारा 51 हजार रूपये व उपविजेता टीम को 21 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा। फ़ाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया की सेमी फ़ाइनल मुकाबले में प्रयागराज क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित समय पर ग्राउंड पर नही पहुंचने पर आरके इलेवन हथेड़ा की टीम को वाक ओवर दिया गया है। अब फ़ाइनल मुकाबला आरके इलेवन हथेड़ा व बिरसा मुंडा की टीम हथेड़ा के बीच मैच खेला जायेगा।

### बिरसा मुंडा ग्राउंड पर भगवान बिरसा मुंडा की स्थापित होगी मूर्ति

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित बिरसा मुंडा ग्राउंड पर मूर्ति स्थापना के लिए बनाये चबूतरे पर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति की स्थापना बुधवार को किया जायेगा। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं उर्वरक राज्यमंत्री भारत सरकार व विशिष्ट अतिथि रिंकी कोल विधायक छानबे विधानसभा व मनीष त्रिपाठी भाजपा नेता व अति विशिष्ट राजू कनौजिया जिला पंचायत अध्यक्ष मिर्ज़ापुर द्वारा बिरसा मुंडा की मूर्ति की स्थापना किया जायेगा। इस दौरान आयोजक अमित कुमार कोल, राजेंद्र उपाध्याय, जनार्दन कोल,काशी प्रसाद मिश्रा मौजूद रहेंगे।

### दो भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी बृजेश कुमार ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर हलिया निवासी दो भाइयों के विरुद्ध गाली गलौज व जान से मारने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज मामले की जांच करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की मंगलवार को हलिया एग्रो के बगल में मिश्रा की दुकान पर मोबिल लेने गया था की हलिया गांव निवासी छोटू खान व अरमान खान आकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नियत से मेरा गला पकड़कर दबाने लगे। मौके पर मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया दोनों युवकों ने धमकी दिया की मेरे दो भाई फ़ौज में है गोली मरवा देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों भाईयों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत, शिनाख्त के प्रयास जारी

**अदलहाट (मिर्जापुर)।** नरायनपुर बाजार रेलवे स्टेशन के समीप बीती रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, नरायनपुर बाजार रेलवे स्टेशन के पश्चिम दिशा में स्थित कोलउन्द गांव के सामने डाउन रेलवे लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति रात्रि किसी चलती ट्रेन से अनियंत्रित होकर गिर गया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नरायनपुर चौकी इंचार्ज आशुतोष शुक्ला ने बताया कि मृतक का हुलिया लगभग 40 वर्षीय अधेड़ ने काले–सफेद रंग की चेक शर्ट, नीला जींस और जूता–मोजा पहन रखा था।तलाशी पुलिस द्वारा मृतक की जामा तलाशी ली गई, लेकिन उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही पूरी करने के बाद शव को शिनाख्त के लिए मिर्जापुर स्थित मोर्चरी हाउस (शव गृह) में रखवा दिया है। स्थानीय पुलिस आसपास के क्षेत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान स्थापित करने का प्रयास कर रही है।

### चक आपत्ति निस्तारण के लिए चकबंदी अधिकारी ने चौपाल लगाकर की सुनवाई

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत कोटार के हरसड़ गांव स्थित पंचायत भवन पर मंगलवार को चकबंदी अधिकारी हलिया मिथिलेश कुमार मिश्रा द्वारा चौपाल लगाकर हरसड़ गांव के चक आपत्ति की सुनवाई किया है। जिससे चक आपत्ति का निस्तारण किया जा सके। गांव में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी,चकबंदी कर्ता व लेखपाल द्वारा कास्तकारो को आवंटित किये गए चक की आपत्ति कास्तकारो द्वारा किये जाने पर चकबंदी अधिकारी द्वारा पंचायत भवन पर चक आपत्ति के निस्तारण के लिए चौपाल लगाकर चक आपत्ति की सुनवाई किया है। कास्तकार स्वयं व अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई चौपाल में उपस्थित रहकर अपने चक की आपत्ति को चकबंदी अधिकारी के समक्ष रखा है। इस संबंध में चकबंदी अधिकारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया की हरसड़ गांव के चक आपत्ति की सुनवाई के लिए पंचायत भवन पर चौपाल लगाकर कास्तकारो के चक आपत्ति को सुना गया है। जिससे काश्तकारों के चक आपत्ति का निस्तारण किया जा सके। इस दौरान लेखपाल रामबाबू, अधिवक्ता राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि से पहले तीर्थ कुण्ड में होगा जलभराव, सफाई व मरम्मत के आदेश

**पालिका अध्यक्ष ने कॉरीडोर निर्माण व व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, तीन दिन में समस्या निस्तारण के निर्देश**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने पालिका अधिकारियों के साथ प्राचीन शिव मंदिर परिसर में चल रहे कॉरीडोर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूढ़े बाबा मंदिर के समीप जलभराव तथा नालियों का गंदा पानी तीर्थ कुण्ड में जाते देख पालिका अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तीन दिन के भीतर समस्या का स्थायी समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

पालिका अध्यक्ष ने तीर्थ कुण्ड की मरम्मत, समुचित सफाई एवं मंदिर के प्रमुख मार्गों को महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व 10 फरवरी तक पूरी तरह दुरुस्त कराने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फरबरी माह में पड़ने वाले महाशिवरात्रि पर्व से पहले तीर्थ कुण्ड का कार्य हर हाल में पूरा कर उसमें जलभराव कराया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को धार्मिक अनुष्ठान में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया और साफ-सफाई, जल निकासी, बिजली तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों श्रद्धालु गोला गोकर्णनाथ पहुंचते हैं, ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी है कि उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित और सुचारु सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

इस मौके पर गोला कोतवाल अम्बर सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, यूपीसीएल जेई नितिन सिंह, जेई लखीमपुर ए.पी. सिंह, पालिका जेई सिविल अनिल कुमार यादव, जेई जलकल आदर्श मिश्रा, सफाई नायक नरेश कुमार, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, शत्रोहन मिश्रा सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## आस्था का प्रतीक बनी कुटियाः ग्राम सभा सुआबोझ में बालाजी की मूर्ति स्थापना

**मैलानी-खीरी।** विकासखंड बांकेगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सुआबोझ के ग्राम कपरहाकुआं स्थित प्राचीन कुटिया मंदिर पर मंगलवार को बालाजी महाराज की मूर्ति की स्थापना बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुई। यह कुटिया मंदिर पूर्वजों के जमाने से ग्रामीणों की आस्था का केंद्र रहा है, जहां समय के साथ श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व मढ़ाबाबा की स्थापना की गई थी, लेकिन मंदिर का स्थान मैलानी सेंचुरी वन क्षेत्र में होने के कारण वन विभाग द्वारा इसे प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा था, वहीं शासन स्तर पर भी इस विषय में कोई ठोस संज्ञान नहीं लिया गया। ऐसे में ग्रामीणों ने एकजुट होकर पुनः अपनी आस्था को जीवित रखने का संकल्प लिया। इसी क्रम में मंगलवार, दिनांक 3 फरवरी 2026 को कुटिया मंदिर पर बालाजी महाराज की मूर्ति की विधिवत



स्थापना की गई। कार्यक्रम के दौरान सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से कुटिया परिसर गूंज उठा। मूर्ति स्थापना के उपरांत निषाद टेंट हाउस, राजा मंडी की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।इस धार्मिक आयोजन में दशरथ लाल निषाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कैलाश कुमार, महेंद्र निषाद, राम नगीना मौर्य सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य ग्रामीण और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन ने न केवल धार्मिक एकता का संदेश दिया, बल्कि यह भी साबित किया कि ग्रामीणों की आस्था किसी भी बाधा के आगे झुकने वाली नहीं है।

## हेड कांस्टेबल रामबली यादव की भावभीनी विदाई समारोह संपन्न

**मितौली खीरी।** थाना मुख्यालय मितौली पर हेड कांस्टेबल रामबली यादव के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक मितौली महेश पाठक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में रामबली यादव को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समस्त पुलिस कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उनके सेवाकाल की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में वक्ताओं ने कहा कि हेड कांस्टेबल



रामबली यादव ने अपने लंबे सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया, जो पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में एसआई धर्मेंद्र कुमार सहित थाना मितौली के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थारू बहुल सीमांत गांवों तक पहुंचेंगे आधुनिक चिकित्सा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भारत-नेपाल सीमा से सटे सुदूर थारू बहुल एवं सीमांत गांवों में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन (एनएमओ) अवध एवं गोरक्ष प्रांत तथा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास द्वारा 'गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0' का शुभारंभ किया जा रहा है। इसकी औपचारिक घोषणा लखनऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में की गई।वक्ताओं ने बताया कि यह यात्रा केवल स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि उन गांवों तक सेवा पहुँचाने का संकल्प है जहाँ आज भी बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से जुड़े लगभग एक हजार विशेषज्ञ



चिकित्सक, डॉक्टर एवं चिकित्साशास्त्र के विद्यार्थी इस अभियान में सहभागिता करेंगे। दुर्गम क्षेत्रों में दूरस्थ चिकित्सा सेवा, पोर्टेबल जांच उपकरणों तथा विशेषज्ञ परामर्श की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत 6 एवं 7 फरवरी 2026 को लगभग 300 केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से 1500 से अधिक गांवों को आच्छादित किया जाएगा। वहीं 8 फरवरी 2026 को संबंधित जिलों में विशाल स्वास्थ्य मेला आयोजित होगा, जिसमें निःशुल्क जांच, औषधि वितरण एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।आयोजकों के अनुसार पिछले पाँच वर्षों में इस सेवा यात्रा के माध्यम से चार लाख से अधिक रोगियों को लाभ मिल चुका है, जबकि इस वर्ष ढाई लाख से अधिक लोगों तक पहुँचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही स्वच्छता किट वितरण, मासिक धर्म स्वच्छता एवं मुख स्वास्थ्य पर जागरूकता, निःशुल्क चश्मा वितरण तथा आधार व आयुष्मान भारत योजना पंजीकरण जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी।पत्रकार वार्ता में एनएमओ लखीमपुर इकाई अध्यक्ष डॉ. रमा रमन मिश्रा, अवध प्रांत संगठन मंत्री डॉ. जय राम, जिला सेवा भारती अध्यक्ष गोपाल जी, जिला सेवा प्रमुख आनंद जी एवं जिला मीडिया प्रभारी अंशुल जी उपस्थित रहे।

# मिशन-1000 के तहत शिक्षा जगत से लखीमपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की मजबूत साझेदारी

**50 से अधिक विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य मैत्री कार्यक्रम में हुए शामिल**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के शिक्षा क्षेत्र को आधुनिक बैंकिंग से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लखीमपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा अपने मुख्यालय सभागार में मिशन-1000 के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के साथ एक विशेष मैत्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों, शिक्षकों एवं शिक्षा संस्थानों को सुरक्षित, सरल एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से जोड़ते हुए वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर खुशवक्तराय इंटर कॉलेज के प्रबंधक विजय गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जसमीत अजमानी (विवेक), प्रबंधक अजमानी इंटरनेशनल स्कूल उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के 50 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं प्रतिनिधियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को गरिमामयी स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों आशीष गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, रविंद्र टंडन एवं करन सिंह ने बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तथा विशेष रूप से विद्यालयों व शिक्षकों के लिए उपलब्ध वित्तीय सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल लेन-देन, सुरक्षित बैंकिंग और सरल ऋण प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया।

बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शवल गुप्ता ने कहा कि बैंक का लक्ष्य शिक्षा संस्थानों और शिक्षकों को विश्वसनीय एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही विद्यार्थियों में बैंकिंग साक्षरता का विकास करना भी बैंक की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि बैंक प्रधानमंत्री की ÷वोकल फॉर लोकल÷ अवधारणा के अनुरूप कार्य करते हुए मिशन-1000 के लक्ष्य की दिशा में तेजी से अग्रसर है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरविंद गुप्ता (जनता मॉन्टेसरी स्कूल), आलोक मिश्रा (ग्रीन फील्ड एकेडमी), दीपक पुरी (आकाश कोचिंग), राकेश वर्मा (आर्यम ज्ञान दायनी कॉलेज), संजय गुप्ता (द लर्निंग बेल पब्लिक स्कूल), विजय सिंह (गोमती इंटरनेशनल स्कूल), प्रदीप रस्तोगी (लखनऊ पब्लिक स्कूल), रोशन शर्मा (एसएस गोल्डन स्कूल) सहित अनेक शिक्षाविद मौजूद रहे। अतिथियों एवं शिक्षाविदों ने बैंक की पहलों की सराहना करते हुए इन्हें शिक्षा क्षेत्र के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर सभी उपस्थित विद्यालय प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अभियान का विस्तार फरवरी-मार्च में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि मिशन-1000 के अंतर्गत फरवरी एवं मार्च माह में विभिन्न विद्यालयों में बैंक द्वारा जागरूकता बैठकें एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक राजीव त्रिवेदी ने किया, जबकि एजीएम रचना भारद्वाज द्वारा आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## डॉ. डी. के. मिश्रा गैस्ट्राइटिस, फैटी लिवर, अल्सर व हृदय विकारों के उपचार में दक्ष



**लखीमपुर खीरी।** जब बात आयुर्वेद चिकित्सा में अनुभव, विश्वास और परिणाम की होती है, तो भारत भूषण कॉलोनी, गोला गोकर्णनाथ निवासी डॉ. दिनेश कुमार मिश्रा उर्फ डी के मिश्रा का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। बीएएमएस की डिग्री प्राप्त डॉ. मिश्रा पिछले लगभग 40 वर्षों से चिकित्सा सेवा में निरंतर सक्रिय हैं और हजारों मरीजों को स्वस्थ जीवन की राह दिखा चुके हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मूड़ा सवारन, ब्लॉक बिजुआ में है, जहां वे प्रतिदिन दूर–दराज के गांवों से आने वाले मरीजों का उपचार करते हैं। सीमित संसाधनों के बीच भी वे धैर्य, गंभीरता और समर्पण के साथ मरीजों की समस्याएं सुनते हैं और आयुर्वेदिक पद्धति से प्रभावी उपचार प्रदान करते हैं। इससे पूर्व वे लगभग 5 वर्षों तक सीएचसी गोला में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। गोला में कार्यकाल के दौरान उन्होंने आयुर्वेद को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया। आज भी अनेक लोग उनके उस कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें एक समर्पित और कर्मठ चिकित्सक के रूप में सम्मान देते हैं। डॉ. मिश्रा ने गैस्ट्राइटिस, पुरानी अपच, अल्सर, फैटी लिवर, लिवर की कार्यक्षमता में कमी, उच्च रक्तचाप से संबंधित हृदय समस्याएं तथा शुरुआती हृदय विकार जैसे जटिल रोगों के उपचार में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। चार दशकों की निरंतर साधना, अनुभव और जनविश्वास के साथ डॉ. दिनेश कुमार मिश्रा आज क्षेत्र में आयुर्वेद चिकित्सा के मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित हैं। उनकी सेवा न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान है, बल्कि समाज के प्रति एक सतत समर्पण की मिसाल भी है।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**चुनार(मिर्जापुर)।** चुनार पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को एक तमंचे और जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया उसे न्यायालय के लिए भेज दिया गया। अदलपुरा चौकी इंचार्ज कुमार सन्तोष अपनी टीम के साथ कोतवाली क्षेत्र के वाराणसी मिर्जापुर बार्डर स्थित केला बेला रोड पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा पुलिस ने सन्देह के आधार पर उसे तुरंत पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का एक जिन्दा कारतूस अवैध तमंचा बरामद हुआ पुछताछ करने पर आरोपी अपना नाम राजबहादुर सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी कुशहा थाना चुनार मिर्जापुर के रूप में बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय को भेज दिया।

## फाइनल में उचौलिया ने मकसूदपुर को 15 रनों से हराया, जीती ट्रॉफी

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उचौलिया में आयोजित उचौलिया प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को खेला गया, जिसमें उचौलिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मकसूदपुर को 15 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में रोमांच, बेहतरीन बल्लेबाजी और कसी हुई गेंदबाजी देखने को मिली। टॉस जीतकर मकसूदपुर की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उचौलिया की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 138 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से इजहार ने मात्र सात गेंदों पर धुआंधार 32 रनों की पारी खेलकर



दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं सोहेल ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए, जबकि मोहम्मद आरिफ ने उपयोगी 9 रनों का योगदान दिया। 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मकसूदपुर की टीम उचौलिया के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी और निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर केवल 123 रन ही बना पाई। उचौलिया की ओर से कप्तान शिवनंदन, परवेज और आरिफ ने किफायती गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। कप्तान शिवनंदन ने मैच के दौरान बेहतरीन कप्तानी का परिचय देते हुए अपने गेंदबाजों का सटीक इस्तेमाल किया, जिसका सीधा फायदा टीम को मिला और उचौलिया ने फाइनल मुकाबला जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच के समापन पर विजेता टीम उचौलिया कोवरिष्ठ पत्रकार चंदन गुप्ता द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए परवेज को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान वीरपाल गौतम, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुराग पाल, पूर्व बीडीसी अवधेश कुमार, जिला पंचायत उम्मीदवार नरेंद्र कुमार, प्रमोद गुप्ता, पत्रकार गौरव मिश्रा सहित दर्जनों खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## विश्व बैंक के फंड से हो रहे अदवा बांध पर मरम्मत कार्य में कार्यदाई संस्था कर रही अनदेखी

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के अदवा बांध पर विश्व बैंक के फंड से करीब 17 करोड़ रूपये की भारी भरकम लागत से कराये जा रहे विभिन्न कार्यों के मानक में कार्यदाई संस्था द्वारा मानक की अंदेखी किया जा रहा है। मानक के विपरीत गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है कार्य करीब दो वर्षो से कार्य चल रहा है लेकिन सिरसी बांध प्रखंड के अधिकारीयों के लापरवाही से कार्य मानक विहीन कराया जा रहा है। समय पूर्ण होने के बाद भी कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य को पूरा नही किया जा रहा है। अदवा बांध के मजबूती और सुरक्षा के लिए कराये जा रहे है। सुंदरीकरण कार्य पत्थर डिवाइडर निर्माण रेनसुट, बांध की पिचिंग, नाली निर्माण, डिस्प्ले एवं सिपेज़, निर्माण, सड़क निर्माण, कर्मचारी रूम, जनरेटर रूम, डबला पीचिंग कार्य सहित आदि कार्यों का गुणवत्ता पूर्ण नही कराया जा रहा है। पहली बारिश में ही करीब तीन किलोमीटर से अधिक बांध के दायरे में बनाई गई पत्थर की डिवाइडर टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। सिरसी बांध प्रखंड के अधिशाषी अभियंता व कर्मचारियों के देखरेख में कार्य कराया जाना है लेकिन अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य का कोई देख रेख नही करने से कार्यदाई संस्था द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है। एसडीओ सिंचाई विभाग अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि 31 मार्च तक कार्य पूर्ण होना है।

## भगवान राम नाम करण सहित बाल लीला का किया वर्णन

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया कस्बा स्थित माता चौरा मंदिर परिसर में आयोजित संगीत मयी सप्त दिवसीय रामकथा के पांचवें दिन मंगलवार को अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक पंडित उमानाथ महाराज ने कहा कि गुरु वशिष्ठ ने आनंद और कीर्ति बढ़ाने वाले के रूप में राम नाम रखा बाल रूप में उन्होंने अपनी माता को ब्रह्मांड का दर्शन कराए राजा दशरथ महर्षि वशिष्ठ को बुलाकर चारों पुत्रों का नामकरण कराया जिसमें राम, भरत,लक्ष्मण, शत्रुघ्न नाम संस्करण किया।सरयू नदी में स्नान कर माता कौशल्या के साथ बाल लीला किया करते थे। जब कौशल्या उन्हें पालने में झुलाती थी तब अद्भुत दृश्य दिखते थे एक बार कौशल्या के आंगन में खेलते खेलते भगवान ने अपने मुख में ब्रह्मांड का दर्शन कराया।कथा के दौरान संगीत मयी हरि किर्तन में श्रोतागण गहन भाव में डूबे रहे।पंडाल में जय श्रीराम का जयघोष गूंजता रहा। इस मौके पर प्रधान शिव बाबू सेठ, ताराचन्द अग्रहरि,लालबहादुर पाल,रामेश्वर अग्रहरि, दीनानाथ अग्रहरि, त्रिभुवन अग्रहरि, मंगल अग्रहरि, कार्तिकेय जायसवाल अरुण अग्रहरि आदि मौजूद रहें।

## एसआईआर में शिकायत को लेकर मण्डलायुक्त से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी एसआईआर में शिकायत को लेकर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने मण्डलायुक्त को मांग पत्र सौपा और कहा कि भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा जनपद के 395, छानबे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाता विशेष रूप से मुस्लिम मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से काटने के लिये पोलिंग बूथ संख्या- 252, 253, 254, 255 304 के 35 से 80 मतदाताओं के नाम डिलीट करने के लिये फार्म-7 भरकर ईआरओ के पास जमा किये है और डिलिट करने का लगातार दबाव बनाया जा रहा है। यह सभी मतदाता अपने दर्ज पते पर स्थायी रूप से निवास कर रहे है और इनका नाम व इनके पूर्वजों का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है। समाजवादी पार्टी मांग करती है कि भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा जनपद मिर्जापुर के 395 छानबे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाता विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से डिलिट करने के लिये फार्म 7 भरकर जमा किया गया है। लगातार ईआरओ पर दबाव बनाया जा रहा है जबकि इन सभी मतदाताओं का नाम 2003 की मतदाता सूची व ड्राफ्ट मतदाता सूची में दर्ज है। ये सभी मतदाता दर्ज पते पर स्थायी रूप से निवास कर रहे है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दोषियों के खिलाफसख्त से सख्त कार्यवाही की जाय अन्यथा समाजवादी पार्टी चुप नही बैठेगी। इस मौके पर चन्दन यादव, झल्लू यादव, कौशिक कनौजिया, सूरज यादव, सौरभ सिंह, प्रिन्स राव आदि मौजूद रहें।